
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-82 ❒ बुधवार, 22 अप्रैल 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

सिविल सेवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। यह सुशासन और राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करने के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है। 'हमारे सिविल सेवक उत्कृष्टता, करुणा और नवाचार के साथ अपनी सेवा जारी रखें और कर्तव्य के उच्चतम मानकों को बनाए रखें। नरेन्द्र मोदी


तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार थमा, मतदान कल 11

दिल्ली विधानसभा का 18 देशों के 43 प्रतिनिधियों ने किया दौरा 12


## संक्षेप

### यूपी विधानसभा का स्पेशल सेशन 30 अप्रैल को

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 30 अप्रैल यानी बृहस्पतिवार को आयोजित किया जाएगा, जिसकी जानकारी मंगलवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 18वीं विधानसभा के वर्ष 2026 के द्वितीय सत्र की बैठक 30 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे से आहूत की है। विधानसभा सचिवालय सूत्रों ने बताया कि यह बैठक लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो पाने के बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विशेष चर्चा के लिए यह एक दिवसीय सत्र आहूत किया गया है। संसद में हाल में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो पाया था। जिसके बाद विधानसभा का यह एक दिवसीय सत्र महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### दिल्ली-एनसीआर में आईएसआई के दो गुर्गे गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और एनसीआर में बड़े हमले की साजिश को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने समय रहते नाकाम कर दिया। पुलिस ने पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर और आईएसआई के कथित प्रॉक्सी शाहजाद भट्टी के इशारे पर काम कर रहे दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। स्पेशल सेल को खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान में बैठा गैंगस्टर शहजाद भट्टी और आईएसआई के अन्य गुर्गे, भारत में मौजूद अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में ग्रेनेड हमले और टारगेट किलिंग को अंजाम देने की एक आपराधिक साजिश रच रहे हैं। इसी के आधार पर मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

### यूपी पुलिस को 26 को मिलेंगे 57 हजार और सिपाही

**लखनऊ।** यूपी पुलिस को 26 अप्रैल को लगभग 57 हजार और सिपाही मिल जाएंगे। प्रदेश में 112 प्रशिक्षण केंद्रों में पुरुष व महिला आरक्षियों की पासिंग आउट परेड होगी। यह पहला मौका होगा, जब इतनी बड़ी संख्या में आरक्षियों की एक साथ पासिंग आउट परेड होगी। इससे पूर्व लगभग 17 हजार आरक्षियों की पासिंग आउट परेड हुई थी। यूपी पुलिस की संख्या अब चार लाख से अधिक हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 अप्रैल को लखनऊ पुलिस लाइन में आयोजित पासिंग आउट परेड में मौजूद रहेंगे। लखनऊ में लगभग एक हजार आरक्षी परेड में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री का संबोधन का सभी प्रशिक्षण केंद्रों पर लाइव प्रसारण होगा। सुबह 8:30 बजे सभी प्रशिक्षण केंद्रों में परेड का आयोजन होगा। इसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर हुई भर्ती के बाद लगभग 57 हजार अभ्यर्थी नौ माह के आधारभूत प्रशिक्षण में शामिल हुए थे। इनमें 12 हजार से अधिक महिला अभ्यर्थी शामिल हैं।

## जन आक्रोश पदयात्रा: महिला अधिकारों के लिए सड़क पर उतरे सीएम, बोले-

# विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लोकसभा में विपक्ष द्वारा पारित नहीं होने देने के विरोध में मंगलवार को राजधानी लखनऊ ऐतिहासिक जनाक्रोश का साक्षी बना, जब महिला अधिकार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं सड़क पर उतरे। उनके नेतृत्व में हजारों महिलाओं का हुजूम मुख्यमंत्री आवास से सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक उमड़ पड़ा। इस जनाक्रोश पदयात्रा में सीएम योगी के साथ पूरा मंत्रिमंडल सड़क पर उतरा दिखाई दिया। यह कोई साधारण पदयात्रा या रैली नहीं थी, यह नारी सम्मान और उसके संवैधानिक अधिकारों पर हुए हमले का सीधा और बेहद तीखा जवाब था।

विधान भवन के सामने महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को विधानसभाओं एवं लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किंतु कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके अलोकतांत्रिक और महिला-विरोधी चेहरे को उजागर करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इन दलों को अपनी नकारात्मक छवि सुधारने का अवसर दिया गया था, किंतु इन्होंने उसका दुरुपयोग करते हुए महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी अन्याय के विरोध में देशभर में आधी आबादी सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक ढंग से अपना आक्रोश प्रकट कर रही है। लखनऊ में



❒ नारी वंदन शक्ति अधिनियम-महिला आरक्षण पर विपक्ष के खिलाफ जनाक्रोश पदयात्रा में प्रदेशाध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री द्वय, सहयोगी दलों समेत पूरी सरकार संग शामिल हुए योगी

❒ तेज धूप भी नहीं रोक सकी संकल्प, हाथों में तख्तियां-होंठों पर प्रतिकार

❒ 'महिला, गरीब, युवा और किसान' को ध्यान में रखकर बनी योजनाएं

प्रचंड गर्मी के बावजूद हजारों की संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के प्रति व्यापक जनसमर्थन और आशीर्वाद का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश का एक-एक नागरिक आधी आबादी की इस न्यायोचित मांग के साथ मजबूती से खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते वर्षों में देश ने व्यापक परिवर्तन देखा है, जिसमें 'महिला, गरीब, युवा और किसान' इन चार जातियों को केंद्र में रखकर नीतियों का निर्माण किया गया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप देश ने विकास और आत्मनिर्भरता के नए मानक स्थापित किए हैं। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित अनेक योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। स्वच्छ भारत मिशन केवल स्वच्छता का अभियान नहीं, बल्कि नारी गरिमा की रक्षा का सशक्त माध्यम है, वहीं उज्ज्वला योजना केवल ईंधन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ करने का माध्यम है। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं केवल लाभ वितरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि परिवारों को स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर करने का सशक्त आधार बन रही हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, घरौनी वितरण जैसे प्रयासों ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी आर्थिक सशक्तीकरण से जोड़ने का कार्य किया है। डबल इंजन की सरकार लगातार कार्य कर रही है, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के दल हर योजना का विरोध करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करने वाला है और यह व्यवस्था वर्ष 2029 तक लागू हो जाए, इसको लेकर प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी ने सभी को आश्वस्त भी किया, इसके बावजूद इन विपक्षी दलों का जो आचरण रहा है, वह नारी गरिमा के प्रतिकूल रहा है। इसी कारण आज देशभर की महिलाएं इन दलों के विरोध में एकजुट होकर आंदोलन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 'डबल इंजन' सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री को खरगे ने बता दिया 'आतंकी'

## बवाल हुआ तो सफाई में कहा- वो डराते हैं



एजेंसी

चेन्नई। कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपनी एक कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवादों के केंद्र में हैं। दरअसल एक रैली में उन्होंने पहले पीएम मोदी की तुलना आतंकवादी से कर दी। हालांकि बाद में सफाई देते हुए पना बचाव किया है। इस पूरे घटनाक्रम ने चुनावी माहौल में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी जंग को और भी तीखा कर दिया है।

चेन्नई में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने अन्नाद्रमुक के भाजपा के साथ गठबंधन करने पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि अन्नाद्रमुक के लोग मोदी के साथ कैसे जुड़ सकते हैं, जबकि वे समानता और न्याय में विश्वास नहीं रखते। खरगे ने आगे कहा कि ऐसे लोगों के साथ हाथ मिलाना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है। इसी दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के संदर्भ में आतंकवादी शब्द का प्रयोग किया। ● शेष पेज 11 पर

### मोदी को गाली देना कांग्रेस की साजिश : संबित पात्रा

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर कड़ा पलटवार करते हुए इसे कांग्रेस की एक सोची-समझी साजिश करार दिया है। पात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी कहना कोई जुबान फिसलना नहीं, बल्कि राहुल गांधी के इशारे पर की गई टिप्पणी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी हर दिन प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं और अब खरगे ने भी उसी रास्ते पर चलते हुए देश के प्रधानमंत्री का अपमान किया है, जो बेहद निंदनीय है। संबित पात्रा ने कांग्रेस पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह वही पार्टी है जो ओसामा बिन लादेन को जी कहकर संबोधित करती है और जाकिर नाइक जैसे लोगों को शांति का दूत बताती है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब भी कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को गाली दी है, भारत की जनता ● शेष पेज 11 पर

# जब इंसानियत सीमा लांघ जाती है तो जवाब निर्णायक होता है

एजेंसी

नई दिल्ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को 22 अप्रैल को एक साल पूरा होने वाला है। इस बर्बर आतंकी हमले में 26 लोगों के मौत हो गई थी, जिसके बाद पाकिस्तान और उसके समर्थक आतंकवादियों के खिलाफ पूरे देश में उबाल था। भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के ठिकानों पर हमले कर उन्हें नष्ट कर दिया। अब पहलगाम हमले की बरसे से एक दिन पहले भारतीय सेना ने आतंकवादियों और उसके समर्थक पाकिस्तान को सोशल मीडिया के जरिए चेतावनी दी है।

भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'जब मानवता की सीमाएं पार की जाती हैं, तो प्रतिक्रिया निर्णायक होती है। न्याय मिलता है, भारत एकजुट है।' भारतीय सेना ने आतंकियों को चेतावनी देते हुए कहा, 'कुछ सीमाएं ऐसी होती हैं, जिन्हें कभी पार नहीं करना चाहिए।' सेना ने अपनी इस पोस्ट में ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया है। पहलगाम आतंकी हमले से ठीक दो दिन पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा, ऑपरेशन सिंदूर बड़ी सफलता थी। मैं देश की सेना के बहादुर जवानों को बधाई देता हूं। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में, भारतीय सशस्त्र बलों ने 7 मई देर रात पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल था। सेना के इस भीषण हमले में करीब 100 आतंकी मारे गए थे। सेना ने आतंकियों के जिन 9 ठिकानों पर हमले किए, उनमें 4 पाकिस्तान में (बहावलपुर तथा मुरीदके सहित) और 5 ● शेष पेज 11 पर

❒ पहलगाम अटैक की बरसी से एक दिन पहले भारतीय सेना की आतंकियों को चेतावनी

## पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानन कंपनियों पर प्रतिबंध बढ़ाया

नयी दिल्ली/इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को 24 मई तक के लिए बढ़ा दिया।

पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद, भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए थे। पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय विमानों के लिए बंद है, वहीं पिछले साल 30 अप्रैल से पाकिस्तानी विमानों को भारतीय हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने 'नोटिस टू एयरमेन' (नोटम) में कहा है कि ''सभी भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई, 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यह नोटिस पिछले नोटिस की समय सीमा 24 अप्रैल समाप्त होने से कुछ दिन पहले जारी किया गया। पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लागू हुए अब लगभग ● शेष पेज 11 पर

# कांग्रेस ने पीएम के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस का दिया

एजेंसी

नई दिल्ली। कंग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लेटर लिखकर कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में विपक्षी सांसदों के वोट और उनके इरादों पर सवाल उठाए, जो नियमों के खिलाफ है।

वेणुगोपाल ने अपने पत्र में लिखा कि 17 अप्रैल 2026 को संविधान (131वां संशोधन) विधेयक लोकसभा में पास नहीं हो सका। इसके अगले दिन 18 अप्रैल को प्रधानमंत्री ने टीवी पर देश को संबोधित किया। लेटर के मुताबिक प्रधानमंत्री ने करीब 29 मिनट के संबोधन में विपक्षी दलों पर बिल रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने सांसदों के वोटिंग पैटर्न पर सीधे सवाल उठाए और उनके फैसलों के पीछे की मंशा पर भी टिप्पणी की। वेणुगोपाल ने नियम 222 के तहत यह नोटिस दिया है।

❒ लोकसभा स्पीकर को लिखा लेटर, कहा- सांसदों के वोट पर टिप्पणी नियमों के खिलाफ



उन्होंने मांग की है कि इस मामले को लोकसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए और प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाए। इस तरह के बयान चुने हुए सांसदों की स्वतंत्रता और उनकी ईमानदारी पर सवाल खड़े करते हैं। इससे संसद की गरिमा और अधिकार कमजोर होते हैं। संविधान सांसदों को स्वतंत्र रूप से काम करने का अधिकार देता है। कोई भी व्यक्ति यहां तक कि प्रधानमंत्री भी, उनके वोट या आचरण पर सवाल नहीं उठा सकता। किसी सांसद ने संसद में क्या कहा या कैसे वोट किया, उसके पीछे कारण बताना गलत है। ये सदन के विशेषाधिकार का गंभीर उल्लंघन और अवमानना है।

यह विधेयक महिला आरक्षण के नाम पर लाया गया था, लेकिन इसके जरिए परिसीमन से जुड़े प्रावधानों में बदलाव की कोशिश थी। विपक्ष इसी वजह से इसका विरोध कर रहा था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन आमतौर पर देश को जोड़ने और भरोसा बढ़ाने के लिए होता है। इस बार संबोधन में खुलकर राजनीतिक बात हुई। कांग्रेस पर 59 बार निशाना साधा गया। इसे प्रधानमंत्री के रिकॉर्ड पर एक और दाग माना जाएगा। संसद के सांसदों और समितियों को कुछ खास अधिकार दिए जाते हैं, ताकि वे बिना दबाव के अपना काम कर सकें।

# प्रदेश में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी आग

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अगले कई दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक हिस्सों में 25 अप्रैल तक दिन के समय लू चलने की चेतावनी जारी की है। राज्य के अधिकांश भागों में फिलहाल मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि 27 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश अथवा बौछार पड़ सकती है।

मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन के अनुसार 21 से 26 अप्रैल तक पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्यतः मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान तेज धूप, गर्म हवाएं और तापमान में वृद्धि के कारण जनजीवन प्रभावित हो सकता है। 27 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना



❒ कई जिलों में पारा 44 डिग्री के पार

व्यक्त की गई है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। राजधानी लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, आगरा, मेरठ, गोरखपुर, बरेली, मुरादाबाद और अयोध्या समेत अनेक जिलों में अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। बुंदेलखंड और दक्षिणी हिस्सों में गर्मी का प्रभाव अधिक रह सकता है, जहां झांसी, बांदा, हमीरपुर और आसपास के क्षेत्रों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर ● शेष पेज 11 पर

# बातचीत से इनकार पर खामियाजा भुगतेगा ईरान : ट्रंप


## जब तक समझौता नहीं हो जाता, अमेरिका ईरानी बंदरगाहों से नहीं हटाएगा नाकेबंदी

एजेंसी

वाशिंगटन/मॉस्को। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान अमेरिका के साथ बातचीत करने से इनकार करता है, तो उसे अभूतपूर्व समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

श्री ट्रंप ने सोमवार को पत्रकार जॉन फ्रेडरिक्स के साथ साक्षात्कार में कहा, ह्ल वे बातचीत करेंगे, और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उन्हें ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जैसी उन्होंने पहले कभी नहीं देखी होंगी। अमेरिका के राष्ट्रपति ने यह उम्मीद भी जतायी कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता हो जाएगा। श्री ट्रंप ने दावा किया कि 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' के तहत ईरान के परमाणु स्थलों को 'पूरी तरह नष्ट' कर दिया गया है और वहां मौजूद समृद्ध यूरेनियम को निकालना आसान नहीं होगा।

उन्होंने सोशल मीडिया पर अमेरिकी मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि वह अमेरिकी पायलटों को उनके योगदान का श्रेय देने में विफल रहा है और लगातार उनकी उपलब्धियों को कम करके दिखाता है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बना हुआ है और 10 दिन का अस्थायी युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है। 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' 22 जून 2025 को किया गया अमेरिकी सैन्य अभियान था, जिसमें ईरान के प्रमुख परमाणु केंद्रों फोर्दो, नतांज और इस्फहान को निशाना बनाया गया था। इस ऑपरेशन में बी-2 स्टेल्थ बमवर्षक, टॉमहॉक मिसाइलें और अन्य उन्नत सैन्य संसाधनों का उपयोग किया गया था। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इन हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को गंभीर क्षति पहुंची और इसे काफी पीछे धकेल दिया गया, हालांकि नुकसान के वास्तविक स्तर को लेकर अलग-अलग आकलन सामने आये हैं। श्री ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है, जब दोनों देशों के बीच संभावित शांति वार्ता की तैयारी चल रही है, लेकिन जमीनी हालात अभी भी बेहद संवेदनशील बने हुए हैं।



बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार श्री ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है जब इस बात को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है कि युद्ध खत्म करने को लेकर दोनों देशों के बीच नयी बातचीत होगी या नहीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा है कि एक हफ़्ता पहले शुरू हुई यह नाकेबंदी ईरान को पूरी तरह तबाह कर रही है और अमेरिका इस संघर्ष में काफ़ी आगे चल रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच अस्थायी संघर्ष-विराम की अवधि बुधवार को खत्म होने वाली है, लेकिन इस बात की कोई निश्चितता नहीं है कि पाकिस्तान में शांति वार्ता का दूसरा दौर आगे बढ़ेगा या नहीं। बैठक की संभावना को देखते हुए पाकिस्तान की राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, लेकिन अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अभी तक वाशिंगटन से रवाना नहीं हुए हैं, जबकि ईरान का कहना है कि उसने अभी यह तय नहीं किया है कि वह इसमें शामिल होगा या नहीं। श्री वेंस दोनों देशों के बीच होने वाली वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के अनुसार जब से नाकेबंदी शुरू हुई है, अमेरिकी सेना ने ● शेष पेज 11 पर

### इस्लामाबाद वार्ता के लिए कोई ईरानी प्रतिनिधिमंडल नहीं गया

**तेहरान/इस्लामाबाद।** अमेरिका के साथ शांति वार्ता के दूसरे चरण के लिए अब तक ईरान का कोई प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के लिए रवाना नहीं हुआ है। ईरान के सरकारी प्रसारक ईरान इस्लामिक गणराज्य ब्रॉडकास्टिंग (इरिब) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इरिब की ओर से जारी बयान में कहा गया, ''ईरान का कोई भी राजनयिक प्रतिनिधिमंडल अब तक पाकिस्तान के इस्लामाबाद नहीं गया है, चाहे वह मुख्य टीम हो या सहायक टीम, अथवा प्रारंभिक मिशन हो या अनुवर्ती मिशन। ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी सोमवार को पुष्टि की कि इस्लामाबाद में प्रस्तावित दूसरे चरण की वार्ता के लिए कोई प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान नहीं जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका वार्ता को लेकर गंभीर नहीं है और यदि उसने पिछली गलतियों को दोहराया तो उसे ''निर्णायक जवाब'' का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन के शब्द और उसके कदमों में स्पष्ट विरोधाभास है, जो उसके अस्थिर रुख को दर्शाता है। ''उनकी बातों और कार्यों में समानता नहीं है, और ईरान अपने राष्ट्रीय हितों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय करेगा।

### ग्रीन ट्रांसपोर्ट कॉन्क्लेव में यूपी का दमदार प्रदर्शन, एसटीसी के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया हरित परिवहन मॉडल

# राष्ट्रीय मंच पर चमका यूपी का हरित परिवहन मॉडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नई दिल्ली में आयोजित ग्रीन ट्रांसपोर्ट कॉन्क्लेव में उत्तर प्रदेश ने हरित, आधुनिक और तकनीक-आधारित परिवहन मॉडल की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन (एसटीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार सिंह ने प्रदेश के सतत मोबिलिटी, मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और भविष्य उन्मुख अवसंरचना के विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश हरित परिवहन के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है।

इंडियन फ़ेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'ग्रीन ट्रांसपोर्ट कॉन्क्लेवः एक्सेलेरेटिंग टुवर्ड्स द फ्यूचर ऑफ सस्टेनेबल एंड ग्रीन मोबिलिटी' का मंगलवार को नई दिल्ली में शुभारंभ हुआ। इस दौरान कॉन्क्लेव में ऑटोमोबाइल, रेलवे, मरीन, एविएशन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, जैव ईंधन, लंबी दूरी माल परिवहन, शहरी परिवहन, स्मार्ट मोबिलिटी




और ऊर्जा संक्रमण जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए। उत्तर प्रदेश के विकास मॉडल, निवेश संभावनाओं और हरित परिवहन दृष्टिकोण को सभी ने सराहा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस आयोजन में देशभर से नीति-निर्माताओं, उद्योग प्रतिनिधियों, परिवहन विशेषज्ञों, निवेशकों तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन (एसटीसी) के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने हरित एवं टिकाऊ परिवहन व्यवस्था के भविष्य पर यूपी का पक्ष रखा। उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन (एसटीसी) के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने राज्य में विकसित हो रहे सतत परिवहन मॉडल, स्वच्छ ऊर्जा आधारित ग्रीन मोबिलिटी, आधुनिक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क तथा भविष्य उन्मुख अवसंरचना विकास की व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य होने के साथ-साथ आर्थिक प्रगति का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रदेश के तीव्र एवं संतुलित विकास के लिए

❑ विकसित हो रहे सतत परिवहन मॉडल, स्वच्छ ऊर्जा आधारित ग्रीन मोबिलिटी, आधुनिक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क तथा भविष्य उन्मुख अवसंरचना विकास की प्रस्तुत की व्यापक रूपरेखा

परिवहन व्यवस्था का हरित, सुरक्षित, आधुनिक और तकनीक-आधारित होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार परिवहन क्षेत्र में व्यापक सुधार, निवेश प्रोत्साहन, नवाचार, मजबूत कनेक्टिविटी तथा पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश आज देश में एक्सप्रेस-वे विकास का अग्रणी राज्य बन चुका है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे सहित विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में तेज और सुगम संपर्क व्यवस्था विकसित की जा रही है। इनसे यात्रा समय में कमी, ईंधन की बचत, औद्योगिक निवेश में वृद्धि और माल परिवहन की दक्षता में सुधार हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ई-बसों, चार्जिंग नेटवर्क और स्वच्छ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दे रही है। साथ ही एथेनॉल, बायोगैस, संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) और कृषि अपशिष्ट आधारित ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन, डिजिटल टोलिंग और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकें भविष्य के परिवहन क्षेत्र को नई दिशा देंगी। उत्तर प्रदेश इन नवाचारों को अपनाकर नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हरित परिवहन, कुशल लॉजिस्टिक्स और सतत अवसंरचना 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' तथा ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## यूथ अगेंस्ट माफिया संगठन का अखिलेश यादव पर सीधा हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । माफिया संस्कृति के विरुद्ध सामाजिक चेतना का निर्माण और युवाओं को संगठित कर एक मजबूत जनदबाव खड़ा करना यूथ अगेंस्ट माफिया संगठन का मूल उद्देश्य है। इसी क्रम में संगठन ने मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर न केवल अपनी वैचारिक भूमिका स्पष्ट की, बल्कि आगामी अभियानों की रूपरेखा भी सामने रखी।

संगठन ने बताया कि प्रदेश के 35 जनपदों में उसका विस्तार हो चुका है और अब 'विक्टिम आउटरीच प्रोग्राम' की शुरुआत की जा रही है, जिसके तहत पदाधिकारी विभिन्न जिलों में जाकर माफिया पीड़ित परिवारों से संवाद करेंगे, उनकी पीड़ा को समझेंगे और उसे सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बनाएंगे। इस दौरान संगठन ने समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव पर सीधा और तीखा हमला बोला। आरोप लगाया कि उनका कुख्यात गैंगस्टर हाजी रजा के साथ सार्वजनिक रूप से दिखना अत्यंत गंभीर प्रश्न खड़े करता है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि हत्या, लूट और संगठित अपराध से जुड़े आरोपों में घिरे व्यक्ति के साथ इस प्रकार की निकटता राजनीतिक संदेश देती है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। संगठन ने आरोप लगाया कि सपा शासनकाल में प्रदेश में माफिया संस्कृति को संरक्षण मिला, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ा और आम नागरिक भय के वातावरण में जीने को विवश हुआ। इसी संदर्भ में संगठन ने 'फियर कैलेंडर' जारी किया, जिसमें वर्ष 2017 से पहले की प्रमुख आपराधिक घटनाओं का क्रमबद्ध उल्लेख किया गया है। संगठन का दावा है कि यह कैलेंडर उस दौर की सजीव तस्वीर प्रस्तुत करता है, जब कानून का भय समाप्त हो गया था और अपराधियों का दबदबा चरम पर था। इसके साथ ही संगठन ने उत्तर प्रदेश आर्थिक सर्वे रिपोर्ट भी जारी की। रिपोर्ट में यह रेखांकित किया गया है कि असुरक्षा और अराजकता का वातावरण किसी भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित करता है। संगठन के अनुसार, जब कानून-व्यवस्था कमजोर होती है।

## लखनऊ में जन आक्रोश महिला पदयात्रा : तपती धूप में बिना रुके, बिना थके महिलाओं ने दिखाया सपा, कांग्रेस को आईना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लोकसभा में गिराने के खिलाफ राजधानी लखनऊ में महिलाओं का भारी आक्रोश देखने को मिला। मंगलवार सुबह 7 बजे से ही हजारों महिलाओं का 5 कालिदास मार्ग (मुख्यमंत्री आवास) पर पहुंचना शुरू हो गया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, सूरज की तपिश बढ़ती गई, लेकिन महिलाओं में आक्रोश कम नहीं हुआ। हाथों में सपा-कांग्रेस के खिलाफ पोस्टर लिए वे मुख्यमंत्री योगी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार दिखीं।

मुख्यमंत्री आवास पहुंची महिलाएं विपक्ष को करारा जवाब देने के लिए कई तरह के पोस्टर-बैनर लिए थीं। इन पोस्टरों पर कांग्रेस व सपा पर महिला विरोधी होने और महिला आरक्षण पर विश्वासघात से संबंधित संदेश लिखे हुए थे। पदयात्रा शुरू होने से पहले ही मुख्यमंत्री आवास के बाहर हजारों महिलाओं का हुजूम एकत्र हो चुका था। इस दौरान मंच से तमाम नेता व मंत्रीगण महिलाओं की इस शक्ति को नमन करते रहे। सुबह करीब 9 बजे जैसे ही मंत्रियों ने महिलाओं को संबोधित करना शुरू किया, आक्रोशित बहन-बेटियों ने पोस्टर लहराने शुरू कर दिए। इन पोस्टरों में 'सपा की पहचान नारी शक्ति का अपमान', 'महिला आरक्षण पर घटिया राजनीति सपाइयों की रही है पुरानी नीति', '230 सांसदों का विरोध किसके खिलाफ', जैसे नारों के जरिए महिलाओं ने विपक्ष के प्रति अपना गुस्सा जाहिर किया। करीब 9.40 बजे मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचते ही वहां मौजूद महिलाओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के पक्ष में नारे लगाने शुरू कर दिए। महिलाओं ने मुख्यमंत्री योगी के सामने ही सपा-कांग्रेस का यूपी में भविष्य खत्म करने का वादा किया। उन्होंने अपने नारों के जरिए कहा कि आधी आबादी के आरक्षण का विरोध विपक्ष की राजनीति को खत्म कर देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में लगभग 10 बजे हजारों महिलाओं ने मुख्यमंत्री आवास से जन आक्रोश पदयात्रा शुरू की। तपती धूप में सड़क पर पैदल चल रहे मुख्यमंत्री, उनके मंत्रियों और हजारों महिलाओं को देखकर सारा शहर थम गया। इस दौरान सिविल अस्पताल के सामने से विधानसभा की तरफ जा रहीं महिलाओं के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथ लहराकर पदयात्रा में शामिल सभी महिलाओं का अभिवादन किया।पूरी यात्रा में पैदल चले मुख्यमंत्री योगी अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर मुख्यमंत्री ने पूरी यात्रा पैदल चलकर पूरी की। पूरी तरह अनुशासन इस पदयात्रा के मार्ग पर सुरक्षाकर्मियों या शासन-प्रशासन के अधिकारियों की तैनाती से कहीं ज्यादा महिलाओं की भागीदारी दिखी। पदयात्रा मार्ग के दोनों तरफ मौजूद लोग अपने मुख्यमंत्री को सड़क पर पैदल चलता देखकर उनके समर्थन में नारे लगा रहे थे।

विधानसभा भवन के सामने पदयात्रा के समापन पर मुख्यमंत्री योगी ने सभी महिलाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि विधेयक गिराने वाले विपक्ष के खिलाफ उत्तर प्रदेश में भी महिलाओं में आक्रोश है। लखनऊ की इस जन आक्रोश पदयात्रा में भाग लेने वाली बहनों का हृदय से अभिनंदन करता हूं।

हरदोई से पदयात्रा में शामिल होने आईं बबिता ने कहा कि नारी शक्ति का अपमान अब नहीं बर्दाश्त किया जाएगा। हमें आरक्षण के रूप में अपने लिए न्याय चाहिए। इसके लिए योगी सरकार के नेतृत्व में सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी। लखनऊ की कीर्ति ने कहा कि क्या सिर्फ एक-दो पार्टी के परिवार की महिलाओं को ही राजनीति में आने का हक है। आज सबको समान अवसर देने की बारी आ चुकी है। विपक्ष ने विधेयक को गिराकर राजनीति में महिलाओं के लिए रास्ते बंद करने का काम किया है।

## कोरांव के गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षणः हरे चारे की कमी मिली, अधिकारी ने दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव , प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी ईश्वरी नारायण यादव ने देवघाट और महुली के अस्थाई गो आश्रय स्थलों का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान देवघाट गो आश्रय स्थल पर 220 गोवंश संरक्षित पाए गए। यहां भूसा गोदाम में 250 क्विंटल भूसा और 2.0 क्विंटल पशु आहार उपलब्ध मिला।इसी प्रकार, महुली गो आश्रय स्थल पर 290 गोवंश संरक्षित मिले। इस स्थल पर भूसा गोदाम में 850 क्विंटल भूसा और 3.50 क्विंटल पशु आहार मौजूद था।दोनों ही गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों का स्वास्थ्य सामान्य पाया गया और साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक थी। हालांकि, दोनों ही स्थानों पर हरे चारे की व्यवस्था नहीं मिली।यह स्थिति तब है जब शासन ने संरक्षित गोवंशों को हरा चारा उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय किसानों से 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध कर 300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से हरा चारा खरीदने के सख्त निर्देश गो आश्रय स्थल संचालन समितियों को दिए हैं। पशु प्रजनन नीति के तहत अधिक दूध उत्पादन के लिए हरे चारे की उपलब्धता महत्वपूर्ण है।उत्तर प्रदेश पशुपालन विभाग द्वारा पूरे वर्ष हरे चारे की उपलब्धता बनाए रखने हेतु 'हरा चारा विकास योजना' चलाई जा रही है। इस योजना के तहत कोरांव के पटेहरी गांव में श्री जगदीश प्रसाद सिंह के खेत में नेपियर घास का प्रदर्शन भी लगवाया गया है।पशुपालकों को सलाह दी गई है कि वे अपने पशुओं को लू से बचाने के लिए पर्याप्त पेयजल दें। साथ ही, उनके चारे में प्रतिदिन एक चम्मच नमक और दो चम्मच मीठा सोडा अवश्य मिलाएं। संभव हो तो, दो-तीन दिन के अंतराल पर गुड़ का शरबत देना भी दूध उत्पादन स्तर बनाए रखने में सहायक हो सकता है।वर्तमान में शादी-विवाह उत्सवों का समय है। ऐसे अवसरों पर बचे हुए भोजन को पशुओं को नियंत्रित मात्रा में ही दें। यदि संभव हो, तो भोजन को सुखाकर दाने में मिलाकर देना उचित रहेगा।

### बरेली में महिला की दिनदहाड़े हत्या, सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध कैद

**बरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बरेली के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े एक महिला की हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना उस समय हुई जब महिला घर में अकेली थी और उसके बच्चे स्कूल गए हुए थे। पुलिस के अनुसार अज्ञात हमलावर घर में घुसा और महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात का खुलासा उस समय हुआ जब घर पहुंची उसकी भांजी ने दरवाजा खोला और अंदर का दृश्य देखकर चीख उठी।जानकारी के मुताबिक, मृतका गीता अपने दो बच्चों के साथ रहती थी, जबकि उसका पति सेना में तैनात होकर फिलहाल पंजाब में सेवा दे रहा है। घटना वाले दिन दोपहर में दोनों बच्चे स्कूल में थे और उन्हें लेने के लिए भांजी शीतल यादव गई हुई थी। वापस लौटने पर शीतल ने कई बार दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर वह किसी तरह घर के अंदर पहुंची, जहां गीता का शव जमीन पर पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर वह बदहवास हो गई और शोर मचाते हुए आसपास के लोगों को सूचना दी।सूचना मिलते ही सुभाषनगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को अपने कब्जे में ले लिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। प्रारम्भिक जांच में महिला की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिससे मौत के सही समय और कारणों का पता चल सकेगा।घटना की गंभीरता को देखते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति घर में प्रवेश करता हुआ दिखाई दिया है। आरोपी ने पहचान छिपाने के लिए हाथ में छाता ले रखा था और कंधे पर बैग भी टंगा हुआ था। पुलिस इसी हुलिए के आधार पर उसकी तलाश में जुट गई है।मामले में मानुष पारीक (एसपी सिटी) ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही आरोपित की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्विलांस और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है।इधर, घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा और आरोपित को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### यात्रियों की सुविधा में चलेगी ग्रीष्मकालीन चंडीगढ़–हावड़ा–चंडीगढ़ आरक्षित स्पेशल ट्रेन

**मुरादाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने मंगलवार को बताया कि ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा हेतु रेलगाड़ी संख्या 04516–04515 चंडीगढ़–हावड़ा–चंडीगढ़ आरक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा।सीनियर डीसीएम ने बताया कि ट्रेन संख्या 04516 चंडीगढ़ हावड़ा आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस चंडीगढ़ से 25 अप्रैल को और ट्रेन संख्या 04515 हावड़ा चंडीगढ़ आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस हावड़ा से 27 अप्रैल को चलेगी दोनों ट्रेनें एक–एक फ़ेरा लगाएंगी।सीनियर डीसीएम ने बताया कि ट्रेन संख्या 04516 चंडीगढ़ हावड़ा आरक्षित स्पेशल चंडीगढ़ से 25 अप्रैल को रात्रि 11:45 पर चलेगी जो 27 अप्रैल को सुबह 6:30 पर हावड़ा पहुंचेगी वहीं ट्रेन संख्या 04516 27 अप्रैल को सुबह 8:50 पर हावड़ा से चलेगी जो 28 अप्रैल को रात्रि 7:20 पर चंडीगढ़ पहुंचेगी।

### संस्कृति विवि में विद्यार्थियों को बताई गयी मंत्र ध्यान की शक्ति

**मथुरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । संस्कृति विश्वविद्यालय में मंगलवार को संस्कृति स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एसओईआईटी) द्वारा प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा को आधुनिक व्यावसायिक जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से एक विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ्मंत्र ध्यान की शक्तिः व्यावसायिक जीवन में सुख और सफलता का प्रभावी साधन ् विषय को लेकर किया गया।मुख्य अतिथि संस्कृति विवि के प्रति कुलपति डॉ. रघुराम भट्ट ने अपने भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मानव जीवन के चार आश्रमों ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि ये जीवन के विभिन्न चरणों में व्यक्ति को अनुशासन और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक सही गुरु के मार्गदर्शन से व्यक्ति अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन का सही अर्थ समझ सकता है और संतुलित एवं सफल जीवन जी सकता है।मुख्य वक्ता पंचगौड़ा प्रभुजी, इस्कान मंदिर के अध्यक्ष ने कहा मंत्र ध्यान आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में मानसिक शांति, भावनात्मक स्थिरता और आंतरिक संतुलन प्राप्त करने का एक प्रभावी साधन है। उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों में बढ़ती मानसिक समस्याओं जैसे तनाव, चिंता, एकाग्रता की कमी और शैक्षणिक दबाव पर प्रकाश डाला और बताया कि नियमित मंत्र ध्यान से मन शांत होता है, नकारात्मक विचारों में कमी आती है और भावनात्मक दृढ़ता बढ़ती है। करियर विकास से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि शांत और केंद्रित मन बेहतर निर्णय लेने, उत्पादकता बढ़ाने और प्रभावी संवाद कौशल विकसित करने में सहायक होता है, जो व्यावसायिक सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## भाजपा महिला आरक्षण की विरोधी, सपा नहीं : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा की जनाक्रोश महिला पदयात्रा पर तंज करते हुए कहा कि यह पहली ऐसी पार्टी है जो सत्ता में रहकर विपक्ष की प्रैक्टिस कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी लोग महिला आरक्षण के पक्ष में रहे हैं। आरक्षण को अगर कोई रोकना चाहता है, तो वह भाजपा है। हम उनकी बदनीयत को कामयाब नहीं होने देंगे। ये भाजपाई केवल प्रोपोगेंडा के सहारे चल रहे हैं। भाजपा जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती। वह जानती है कि इसके बाद जाति के आधार पर आरक्षण की मांग होगी। सपा मुखिया ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा की कोशिश थी कि जनता को गुमराह करे।

अब अपनी बदनीयत की हार को छिपाने के लिए दिखावा करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। ये लोग महिलाओं में बंटवारा करना चाहते थे, लेकिन हम लोगों ने इन्हें रोक दिया। भाजपाई जो महिला आरक्षण कानून बन गया उसको



❑ भाजपा सत्ता में रहकर विपक्ष का प्रैक्टिस कर रही

❑ बदनीयती की हार छिपाने की हो रही कोशिश

लेकर सड़कों पर घूम रहे हैं। शपथ लिए हुए लोग झूठ बोलकर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 30 हो यूपी में होने वाले विधानमंडल के विशेष सत्र में सपा भाजपा का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि हिटलर के जमाने में प्रोपगंडा के लिए एक मिनिस्टर बनाया जाता था, लेकिन भाजपा सरकार में तो सभी झूठ बोलने वाले हैं। भाजपा हारते समय कुछ भी कर सकती है। इंडिया गठबंधन बुरी तरह से हराएगा। भाजपा अब हार रही है और लौटकर कभी नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आरक्षण के साथ-साथ संरक्षण की जरूरत है। अखिलेश ने पीडीए में जेन-जी के रोल पर जवाब देते हुए कहा कि 'पीडीए' ही जेन जी है। जो बहुजन समाज था, वो ही पीडीए है। इतिहास में पहली बार एक समुदाय सांप्रदायिकता को हराने जा रहा। अखिलेश ने कहा कि आंकड़े देखें तो सबसे ज्यादा असुरक्षित महिलाएं अगर कहीं हैं, तो वह यूपी में हैं। एक दो घटनाएं नहीं हैं। बड़ी संख्या में घटनाएं लगातार हो रही हैं, सरकार उसे छिपा रही। उन्होंने कहा कि एक नौजवान ने उन्हें चाय क्या पिला दी उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। तंज करते हुए कहा कि शायद वह किसी से और भी अच्छी चाय बना रहा हो। बसपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एमएच खान सपा में शामिलइस मौके पर बसपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एमएच खान, श्यामलाल निषाद, विजय कुमार श्रीवास्तव, अखिलेश पाठक, इशरत अली खान, मिश्रिख की बसपा की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नीलू सत्यार्थी, युवा पर्वतारोही सागर कसाना आदि सपा में शामिल हुए।

## सिंचाई विभाग कार्यालय में कर्मचारी नदारदः कोरांव में एक बाबू के भरोसे चल रहा काम, जनता परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ क्षेत्र की जनता को काम के लिए आने पर अक्सर कर्मचारियों से मुलाकात नहीं हो पाती

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव स्थित सिंचाई विभाग के बेलन नहर प्रखंड द्वितीय कार्यालय में मंगलवार को अधिकांश कर्मचारी नदारद मिले। दोपहर के समय कार्यालय में केवल एक महिला बाबू रेखा देवी मौजूद थीं, जबकि अन्य सभी कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।इस कार्यालय में हाल ही में जिलेदार राधे श्याम सिंह की तैनाती हुई है, जिनके पास लालतारा सेक्शन चतुर्थ का भी प्रभार है।

एसडीओ के पद पर अजय कुमार सिंह और बड़े बाबू के पद पर कयामुल हक तैनात हैं। क्षेत्र की जनता को काम के लिए आने पर अक्सर कर्मचारियों से मुलाकात नहीं हो पाती। उनके फोन नंबर भी या तो बंद रहते हैं या उठाए नहीं जाते।सरकार जनता की सुविधा के लिए हर महीने लाखों रुपये वेतन और कार्यालय के रखरखाव पर खर्च करती है, लेकिन कर्मचारी कभी-कभार ही कार्यालय आकर उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर कर चले जाते हैं। इससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जिला मुख्यालय से दूरी के कारण स्थानीय लोग शिकायत दर्ज कराने प्रयागराज नहीं पहुंच पाते। तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी द्वारा भी कार्यालय का नियमित निरीक्षण नहीं किया जाता, जिससे कर्मचारी निरंकुश हो गए हैं।चर्चा है कि जिलेदार, एसडीओ और अधिशासी अभियंता की कथित मिलीभगत के कारण कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने जिलाधिकारी प्रयागराज से इस मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में अधिशासी अभियंता एसपी चौधरी ने बताया कि दो बाबुओं में से एक उपखंड के साथ-साथ न्यायालय का काम भी देखता है और जिले पर रहता है। उन्होंने कहा कि जिलेदार और एसडीओ को सप्ताह में कम से कम दो-तीन दिन कार्यालय में बैठने के निर्देश दिए जाएंगे।

## आईपीएल मैच को लेकर लखनऊ में बदला रहेगा यातायात व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 22 अप्रैल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को लेकर यातायात पुलिस ने ट्रैफिक रूट डायवर्जन किया है। दोपहर तीन बजे से मैच की समाप्ति तक शहर के कई प्रमुख मार्गों पर बसों, ऑटो, ई-रिक्शा, ओला-उबर और निजी वाहनों के लिए विशेष प्रतिबंध और डायवर्जन लागू रहेंगे।

यातायात पुलिस के मुताबिक, शहीद पथ पर मैच के दौरान रोडवेज व अन्य सभी बसें व व्यवसायिक वाहन (छोटे बड़े) प्रतिबन्धित रहेंगे। अन्य वैकल्पिक मार्ग खुले होंगे, जिनका प्रयोग कर सकेंगे। निजी वाहनों एवं किराये की टैक्सी, कार आदि पर रोक नहीं होगी। सुल्तानपुर रोड पर उपरोक्त वाहन अमूल तिराहा से डायवर्ट होंगे एवं अर्जुनगंज कैण्ट की तरफ से आ रहे वाहन कटाई पुल से रोजवेज की तरफ से निर्गत डायवर्जन प्लान प्राईवेट बसें भी सख्ती से पालन करेंगी। मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी, जो शहीद पथ पर हुसड़िया एवं सुशान्त गोल्फ सिटी के मध्य नहीं रूकेंगी एवं सड़क की दाईं ओर चलेंगी। ई-रिक्शा शहीद पथ पर प्रतिबन्धित है। ई-रिक्शा सर्विस रोड पर भी मैच के दिन प्रतिबन्धित रहेगा। इसी प्रकार आटो भी शहीद पथ पर प्रतिबन्धित रहेंगे। अर्जुनगंज की तरफ से आने वाली ई-रिक्शा–ऑटों अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे एवं पीएचक्यू के सामने से होते हुये जी-20 तिराहे से गोमतीनगर की तरफ जायेंगे। सुल्तानपुर रोड से आने वाले आटो,ई-रिक्शा बायें मुड़कर लूलू मॉल की तरफ जाकर सवारी उतारेंगे। किसी भी दशा में अहिमामऊ से पांच सौ मीटर की परिधि में सवारी न उतारेंगे न बैठायेंगे। सिटी बस की तरह हुसड़िया से सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच शहीद पथ पर सवारी न बैठायेंगे और न ही सवारी उतारेंगे। एयरपोर्ट की तरफ से आने वाले वाहन अहिमामऊ से पहले सवारी उतारेंगे। अर्जुनगंज की तरफ से आने वाली वाहन अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे एवं पीएचक्यू के सामने से होते हुए जी-20 तिराहे से गोमतीनगर के तरफ जायेंगे। जिन वाहन स्वामियों के पास वाहन पास होगा वह अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहा से प्लासियों होते हुए चिन्हित पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। जिन वाहन स्वामियों के पास वाहन पास उपलब्ध नही है वह भी अहिमामऊ से एचसीएल होकर जायेंगे। उनमें से पहले आने वाले वाहन स्वामियों को प्लासियों मॉल में पार्किंग दिया जायेगा। प्लासियों मॉल की पार्किंग भर जाने के पश्चात वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्किंग होगी। समस्त दो पहिया वाहन अहिमामऊ से एचसीएल तिराहा होते हुये प्लासियों माल के पीछे वाहन पार्क करेंगें। वीवीआईपी, वीआईपी के साथ आने वाले स्कोर्ट स्टेडियम से वापस होकर मॉल अथवा पीएचक्यू के पीछे वाली सड़कों पर वाहन पार्क करेंगे । स्टेडियम के पास किसी भी दशा में वाहन पार्क न किया जाय। वाहनों का प्लासियों मॉल के सामने या स्टेडियम के सामने ईधर-ऊधर अवैध पार्किंग करने पर टोईंग एवं क्लैम्प लगाने की कार्यवाही की जायेगी। टिकट पर क्यूआर कोड दर्ज होगा जिसको स्कैन करने पर पार्किंग स्थलों का विवरण मैप सहित प्रदर्शित होगा। सुरक्षाकर्मी जो विशिष्ट अथवा अतिविशिष्ट दर्शकों के साथ आयेंगे, उन्हें अन्दर जाने की अनुमति नही होगी। पार्किंग क्षेत्र स्थापित रहेंगें। मात्र टिकट धारक ही विभिन्न प्रकार के स्टैण्ड में प्रवेश करेंगे। मैच प्रारम्भ होने के 03 घण्टे पूर्व प्रवेश दिया जायेगा। अंतिम प्रवेश दूसरी पारी के मध्य तक दिया जायेगा, फिर प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा। स्टेडियम में दुबारा प्रवेश अनुमन्य नहीं है अर्थात मैच छोड़कर बाहर निकल जाने पर दोबारा स्टेडियम में प्रवेश नही मिलेगा। कोई भी व्यक्ति बिना ड्यूटी कार्ड या टिकट के स्टेडियम के अन्दर प्रवेश नही करेगा, पकड़े जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी एवं अनाधिकृत प्रवेश दण्डनीय अपराध होगा। सिक्का, ईयरफोन, ज्वलनशील पदार्थ आदि आईसीसी, बीसीसीआई के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबन्धित है। स्टेडियम के आस पास रहने वाले लोगों से अपील है कि मैच देखने के लिये स्टेडियम की तरफ जायें अन्यथा अन्य वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। दर्शकों से अपील है कि 7:30 बजे से प्रारम्भ हो रहे मैच के लिये 6:00 बजे से 8:00 बजे तक का पीक आवर से बचते हुये उसके पूर्व अथवा बाद में आने का प्रयास करें।

# सरोजनीनगर में भव्य धर्मोत्सव में सुप्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल देंगे प्रस्तुति: डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ डॉ. राजेश्वर सिंह की विशेष पहल : 'धर्मोत्सव अ सरोजनीनगर' के अंतर्गत नटकुर मैदान में भव्य भजन संध्या का आयोजन

❒ 22 अप्रैल को संगीतमय आध्यात्मिक संध्या: कन्हैया मित्तल के मेगा शो को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को संस्कृति, श्रद्धा और सामूहिक सहभागिता का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की प्रेरणा से बुधवार, 22 अप्रैल, सायं 5 बजे से 7 बजे तक, नटकुर मैदान में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

इस विशेष अवसर पर देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल अपनी सुमधुर वाणी और लोकप्रिय भजनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को भक्ति और भावनाओं की दिव्य अनुभूति कराएंगे।

'धर्मोत्सव अ सरोजनीनगर' अभियान के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के संरक्षण, आध्यात्मिक जागरूकता और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम होगा, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को एक सूत्र में पिरोने का भी कार्य करेगा। यह सरोजनीनगर के सबसे बड़े और समावेशी सांस्कृतिक आयोजनों में से एक बनने जा रहा है।

### कन्हैया मित्तल–भक्ति संगीत के सशक्त स्वर

कन्हैया मित्तल भक्ति संगीत की दुनिया का एक प्रतिष्ठित नाम हैं, जो विशेष रूप से खाटू श्याम और बालाजी के भजनों के लिए प्रसिद्ध हैं। मात्र 7 वर्ष की आयु से भजन गायन की शुरुआत करने वाले मित्तल पिछले 28 वर्षों से भक्ति संगीत की सेवा में समर्पित हैं। उनके लोकप्रिय भजन ''ओ साँवरे मुझे तेरी जरूरत है'' और ''कर लो प्यार श्याम से'' आज भी जन-जन की आस्था का स्वर बन चुके हैं।

### विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का दृष्टिकोण

इस आयोजन के संबंध में डॉ. राजेश्वर सिंह का कहना है कि , ''धर्मोत्सव अ सरोजनीनगर केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी परंपराओं, आस्था और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम है। संगीत और भक्ति के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, नैतिक मूल्यों और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना ही इस पहल का उद्देश्य है। गौरतलब है कि डॉ. सिंह के प्रयासों से पूर्व में सुप्रसिद्ध गायक हनी सिंह अपनी लाइव परफॉर्मेंस दे चुके हैं, इसके अतिरिक्त मेगास्टार संजय दत्त भी रोड शो के माध्यम से ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहित करने का संदेश दे चुके हैं।

### सुरक्षा एवं व्यवस्थाएं पूर्ण

कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के लिए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम द्वारा स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यातायात, सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि प्रत्येक आगंतुक को एक सहज और सुखद अनुभव प्राप्त हो।

भजन संध्या के माध्यम से सरोजनीनगर एक बार फिर एक यादगार, ऊर्जावान और आध्यात्मिक संगीतमय संध्या के स्वागत के लिए पूर्णतः तैयार है।

# चिनहट में फिर गहराया पेट्रोल–डीजल संकट

❒ कई पंपों पर 'नो फ्यूल' की स्थिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ। चिनहट क्षेत्र में एक बार फिर पेट्रोल और डीजल का संकट गहराता नजर आ रहा है। क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म होने के कारण पंप बंद होने लगे हैं, जिससे आम लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं।चिनहट स्थित चंदन हॉस्पिटल के पास मौजूद सुधा पेट्रोल पंप पर बैरिकेडिंग लगाकर 'नो फ्यूल' की सूचना दी गई।

यहां पेट्रोल और डीजल उपलब्ध न होने से वाहन चालकों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। वहीं, देवा रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर भी सुबह से ईंधन खत्म होने की जानकारी सामने आई है।इसके अलावा बाराबंकी रोड पर बीबीडी के पास स्थित भारत पेट्रोल पंप भी पेट्रोल-डीजल न होने के चलते बंद दिखाई दिया। लगातार कई पंपों के बंद होने से क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया है और लोग दूर-दराज के इलाकों में ईंधन की तलाश करने को मजबूर हैं। हालाकि पेट्रोल-डीज़ल की अपूर्ति होने पर फिर से जनता हेतु अपूर्ति बहाल कर दी जा रही है द्यस्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक ईंधन आपूर्ति बाधित होने से दैनिक जीवन पर असर पड़ रहा है। कामकाजी लोगों, स्कूल जाने वाले बच्चों और आपात सेवाओं से जुड़े लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# जनगणना प्रशिक्षण से गैरहाजिर कर्मियों पर सख्ती धारा 11 के तहत एफआईआर की चेतावनी

❒ 46 सुपरवाइजर और प्रगणक पहले दिन के प्रशिक्षण में मिले गैहाजिर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम जोन-3 में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर सख्त रुख अपनाया। अलीगंज स्थित गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज में आयोजित इस प्रशिक्षण के पहले दिन चार्ज अधिकारी जनगणना/जोनल अधिकारी जोन 3 श्री मनोज यादव ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अनुपस्थित कर्मियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने या जनगणना कार्य से इनकार करने वाले प्रगणक और सुपरवाइजरों के खिलाफ जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी। जोनल अधिकारी ने बताया कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों को जनगणना कार्य के लिए नियुक्त किया गया है, उनका प्रशिक्षण में शामिल होना अनिवार्य है।

जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के अनुसार, यदि कोई नियुक्त अधिकारी बिना उचित कारण अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करता या जानबूझकर लापरवाही करता है, तो उसे 3 साल तक की सजा, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। यह एक संज्ञेय अपराध है। नगर निगम जोन-3 क्षेत्र में अलीगंज स्थित गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज में जनगणना प्रगणक और सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। जोनल अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में भोजन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, इसलिए अनुपस्थिति का कोई बहाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ चरणबद्ध कार्रवाई की जाएगी। पहले उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर सेवा नियमों के तहत निलंबन किया जाएगा। लगातार अनुपस्थित रहने या कार्य से बचने पर धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने 21 अप्रैल 2026 को प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे सुपरवाइजर और प्रगणकों की सूची जारी की है। इन सभी के खिलाफ कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

# डाला हटाने के विवाद में दबंगों का कहर: युवक समेत बुजुर्ग माता-पिता पर लाठी-डंडों से हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ तीन नामजद पर मुकदमा दर्ज

निगोहां, लखनऊ। थाना क्षेत्र के रतनापुर गांव में एक मामूली विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब घर के बाहर खड़े डाले को हटाने को लेकर कहासुनी शुरू हुई और देखते ही देखते दबंगों ने एक युवक व उसके बुजुर्ग माता-पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रतनापुर गांव निवासी अखिलेश कुमार मंगलवार को अपने घर के बाहर खड़े डाले को पानी से साफ कर रहे थे। तभी गांव का ही शौरभ पुत्र रामदेव अपनी चार पहिया गाड़ी लेकर वहां पहुंचा। रास्ता अवरुद्ध होने पर उसने तुरंत डाला हटाने को कहा। अखिलेश द्वारा थोड़ी देर का समय मांगने पर शौरभ आगबबूला हो गया और गाली-गलौज शुरू कर दी।देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और शौरभ ने अपने साथी गौरव व एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर अखिलेश पर डंडों से हमला कर दिया। बेटे को बचाने पहुंचे उसके बुजुर्ग माता-पिता को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और उन पर भी बेरहमी से प्रहार किया, जिससे तीनों घायल हो गए।घटना के दौरान पीड़ित परिवार की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो चुके थे। ग्रामीणों की मदद से घायलों को संभाला गया और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी शौरभ, गौरव व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ताला तोड़कर सूने घर में चोरी, जेवर–नकदी लेकर फरार हुए चोर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है, जहां अज्ञात चोरों ने सूने घर को निशाना बनाकर लाखों का सामान पार कर दिया।देव रेजीडेंसी, निजामपुर मल्हौर निवासी रण विजय 19 अप्रैल को अपने गृह जनपद सुल्तानपुर गए हुए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसर सुबह करीब 2 बजे चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कीमती सामान चोरी कर लिया।चोरी गए सामान में करीब 10 ग्राम सोने की चेन, चार गेमिंग डिवाइस, लगभग 200 ग्राम चांदी के जेवर और 20 हजार रुपये नकद शामिल हैं।पड़ोसियों की सूचना पर जब पीड़ित वापस पहुंचे तो घर का ताला टूटा मिला और सामान गायब था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### सीमेंट सप्लाई के नाम पर बड़ा खेल: युवक से 1.97 लाख की ठगी

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** के बीबीडी थाना क्षेत्र में ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां सीमेंट सप्लाई के नाम पर एक युवक से करीब दो लाख रुपये की ठगी कर ली गई। घटना के बाद से आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।जानकारी के अनुसार, चिनहट के अनोरा कला स्थित वेदांत पुरम कॉलोनी निवासी आशीष कुमार मिश्रा को 16 मार्च 2026 को एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक प्रतिष्ठित कंपनी का सेल्स मैनेजर बताते हुए सीमेंट सप्लाई का झांसा दिया। भरोसे में लेकर आरोपी ने पहले ऑर्डर कन्फर्म कराया और फिर भुगतान के नाम पर बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करवा लिए।पीड़ित ने आरोपी द्वारा दिए गए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते में कुल 1,97,800 रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम भेजने के बाद आरोपी ने फोन बंद कर लिया और संपर्क पूरी तरह खत्म कर दिया, जिससे ठगी का खुलासा हुआ।पीड़ित की शिकायत पर बीबीडी थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### 12वीं पास छात्र –छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज राजाजीपुरम लखनऊ में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ( ट्रेंनिंग पार्टनर विद्यामनी स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड) की तरफ से 12वीं पास छात्र –छात्राओं को कंप्यूटर, टेलीकॉम, सॉफ्ट स्किल्स में निः शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 तक है। जिसमें छात्र–छात्राओं को यूनिफॉर्म, बुक ,संबंधित स्किल्स से प्रमाण पत्र निःशुल्क वितरित की जाएगी। सभी स्किल्स से संबंधित कोर्सेज फ्री क्लासेस होगी। ट्रेनिंग के बाद रोजगार का अवसर, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन की सुविधा, मुख्यमंत्री टैबलेट / स्मार्ट फ़ोन, योजना का लाभ छात्र– छात्राएं उठा सकते हैं ।

### मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की पात्रता श्रेणी में कई जन जातियां शामिल, मिलेगा लाभ : केशव

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण परियोजना में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग, असहाय और बेसहारा का सामाजिक जीवन और स्तर बेहतर व विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है।

इसी क्रम में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत भोंटिया, जौनसारी, राजी, गोंड तथा इसकी पर्याय धुरिया, ओझा, नायक, पठारी, राजगोंड (उप्र के जनपद महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, मिर्ज़ापुर, सोनभद्र, चंदौली, कुशीनगर, भदोही तथा सन्तकबीरनगर), खरवार, खैरवार (देवरिया, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी एवं सोनभद्र जिला में), पराहिया (सोनभद्र जिले में), पंखा, पनिका(सोनभद्र एवं मिर्ज़ापुर जिले में), अगरिया(सोनभद्र जिले में) पटारी (सोनभद्र जिले में) तथा भुइंया, भुनिया (सोनभद्र जिले में) जातियों (अनुसूचित जनजातियों) को भी उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में शामिल कर लिया गया है। श्री मौर्य ने बताया कि उनके प्रदेश में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान यह मामला प्रकाश में आया कि मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की पात्रता सूची में उपरोक्त जातियां शामिल नहीं है। इन जातियों के कतिपय पात्र लोगों द्वारा फील्ड भ्रमण के दौरान आवास आवंटन की मांग की गयी। उप मुख्यमंत्री ने इसे संज्ञान में लिया और इस सम्बन्ध में गहन विचार विमर्श के बाद उपरोक्त जातियों को भी सभी औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए मुख्यमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की प्राथमिकता श्रेणी में शामिल कराने का निर्णय लिया है।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का सघन अभियान, कई सामान जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न हो रहे यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने सोमवार को एक व्यापक एवं बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है।इसी क्रम में जोन-4 में सहायक नगर आयुक्त एवं जोनल अधिकारी श्रीमती शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अभियान के तहत एचसीएल पुलिस चौकी से एचसीएल गेट नंबर-1 तक तथा चिनहट तिराहे के आसपास विशेष रूप से अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम की प्रवर्तन टीम-296 एवं कर अधीक्षक श्री बनारसी दास की देखरेख में अतिक्रमण हटाया गया, जिससे बाधित यातायात को सुचारू किया जा सका। कार्रवाई के दौरान एक पान की गुमटी, एक स्टील काउंटर, दो लोहे के काउंटर तथा चार ठेले जब्त किए गए।वहीं, जोन-7 में भी जोनल अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नालियों, नालों और सड़कों की दोनों पट्टियों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। विशेष रूप से लेखराज मेट्रो स्टेशन के आसपास अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया गया। कार्रवाई के दौरान एक ठेलिया और चार कुर्सियां जब्त की गईं, जबकि चार लोहे के काउंटर, तीन ठेले, दो ठेलिया और चार गुमटियां हटाई गईं। इस अभियान में कर अधीक्षक श्री विनय मौर्य, ईटीएफ टीम तथा प्रवर्तन दल-296 की सक्रिय भागीदारी रही।

# बड़े मंगल को लेकर 23 और 24 अप्रैल को शासन–प्रशासन और गणमान्य नागरिकों के साथ होगी समन्वय बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी की ऐतिहासिक परंपरा 'बड़ा मंगल' को इस वर्ष 'स्वच्छ और हरित' स्वरूप देने के संकल्प के साथ आज पूर्व महापौर एवं मंगलमान अभियान की संरक्षिका श्रीमती संयुक्ता भाटिया के आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा 'मंगल महोत्सव-2026' के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन भी किया।बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्ता भाटिया ने अभियान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आह्वान किया कि लखनऊ का प्रत्येक नागरिक अपने आसपास के कम से कम 10 भंडारा आयोजकों से संपर्क कर उन्हें 'मंगलमान आग्रह' से जोड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष किसी भी भंडारे में पॉलिथीन या थर्माकोल का उपयोग न हो, यही हमारा प्राथमिक लक्ष्य है।अभियान के संयोजक डॉ. रामकुमार तिवारी ने बताया कि इस बार का बड़ा मंगल एक नया इतिहास लिखने जा रहा है। उन्होंने कहा कि ''अखिल भारतीय पर्यावरण गतिविधि के संयोजक गोपाल आर्य के मार्गदर्शन में बैठकों का क्रम जारी है। हम प्रशासन और स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ मिलकर इसे पूरी दुनिया में 'स्वच्छता और पर्यावरण अनुकूलता' की नई पहचान दिलाएंगे। प्रशांत भाटिया ने बताया कि कोई भी व्यक्ति भंडारा करने के लिए हमारे बर्तन बैंक से स्टील के प्लेट्स और ग्लास ले सकता है। उन्होंने सभी से मिलकर बड़ा मंगल के महोत्सव को पर्यावरण अनुकूल बनाने पर जोर दिया।बैठक में जानकारी दी गई कि लखनऊ के प्रत्येक वार्ड में 'बर्तन बैंक' की स्थापना और जोन स्तर पर समन्वय समितियां बनाई जा रही हैं जो भंडारा आयोजकों और शासन के साथ समन्वय करेगा। यह प्रयास होगा कि जीरो वेस्ट स्वच्छ हरित भंडारे लगे।23 और 24 अप्रैल शासन-प्रशासन और गणमान्य नागरिकों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित की जाएंगी साथ ही 27 अप्रैल को विस्तृत कार्ययोजना हेतु वृहद प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया जायेगा। 02 मई भव्य 'मंगल महोत्सव' का शुभारंभ। मंगल संवाद कार्यक्रम से।05 मई प्रथम बड़ा मंगल का दिन ज्येष्ठ मास मे स्कूलों में क्विज प्रतियोगिताएं, सीड बॉल वर्कशॉप और सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। संयुक्ता भाटिया ने सभी भंडारा आयोजकों से अपील की है कि वे अपने भंडारों का पंजीकरण वेबसाइट www.mangalman.in पर अवश्य कराएं। आज की बैठक में मुख्य रूप से गणेश ताम्रकार, ए.पी. श्रीवास्तव, नानकचंद लखमानी, धनंजय गुप्ता, बिंदु , अजीत, नवल सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विवादों में सहारा वेलकेयर हॉस्पिटल, जांच टीम लौटी खाली हाथ

❒ नोटिस के बाद भी दस्तावेज नहीं दे पाया प्रबंधन, पौने घंटे पूछताछ के बाद लौटी टीम, ठोस नतीजा नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता


अस्पताल पर 'किराए की कोख' का आरोप, वीडियो वायरल होने पर स्वास्थ्य विभाग की नोटिस

❒ दो दिन में अभिलेख पेश करने के निर्देश,जांच के बाद छापेमारी व सख्त कार्रवाई के संकेत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत महोना स्थित एक निजी अस्पताल पर कथित तौर पर 'किराए की कोख' (सरोगेसी) के जरिए बच्चा जन्म के बाद दूसरे दंपती को सौंपने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो का स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया है और अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर सभी अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इटौंजा के अधीक्षक डॉ. किसलय वाजपेई ने बताया कि वायरल वीडियो में अस्पताल से जुड़े कर्मचारियों पर सरोगेसी के माध्यम ... आरोप लगाए गए हैं। प्रथम दृष्टया मामला गंभीर प्रतीत होने पर अस्पताल के लाइसेंस, पंजीकरण, प्रसूति सेवाओं से जुड़े दस्तावेज और अन्य आवश्यक अभिलेख तलब किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय में दस्तावेज संतोषजनक न मिलने पर टीम गठित कर छापेमारी की जाएगी और नियमानुसार कड़ी कार्रवाई होगी।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सरोगेसी से जुड़े मामलों में केंद्र सरकार के कानून और निर्धारित गाइडलाइन का ... अनियमितता पाए जाने पर अस्पताल का पंजीकरण निरस्त करने तक की कार्रवाई की जा सकती है।उधर, अस्पताल संचालक डॉ. हयात ने आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि वायरल वीडियो में दिख रहा व्यक्ति अस्पताल का पूर्व कर्मचारी है, जिसे पहले ही सेवा से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल सभी नियमों का पालन करता है और विभाग को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए ...

बख्शी का तालाब, लखनऊ । नगर पंचायत महोना स्थित सहारा वेलकेयर हॉस्पिटल कथित 'किराए की कोख' से जुड़े वायरल वीडियो को लेकर विवादों में आ गया है। इंटरनेट मीडिया पर कई दिनों से प्रसारित इस वीडियो में अस्पताल का एक कथित कर्मचारी सौदेबाजी करता नजर आ रहा है। हालांकि, वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

बावजूद इसके, मामला सामने आने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई की रफ्तार सवालों के घेरे में है। मामले का संज्ञान लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ.किसलय वाजपेई ने अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसमें चिकित्सालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र, कार्यरत चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की सूची, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र, अग्नि सुरक्षा एनओसी सहित अन्य जरूरी दस्तावेज शामिल थे। निर्धारित समय सीमा के भीतर अस्पताल प्रबंधन कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका।इसके बाद मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर गठित जांच टीम अस्पताल पहुंची। एसीएमओ (आरसीएच) डॉ. बीएन यादव के नेतृत्व में टीम ने बंद कमरे में करीब 45 मिनट तक अस्पताल संचालक डॉ.हयात (बीयूएमएस) से पूछताछ कर उनका लिखित बयान दर्ज किया और कुछ दस्तावेज जांच के लिए अपने साथ ले गई। टीम में डॉ.ए.पी. मिश्रा (प्रशासनिक) भी शामिल रहे।- जवाबदेही पर उठे सवाल, कार्रवाई क्यों नहीं?सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब अस्पताल आवश्यक दस्तावेज तक प्रस्तुत नहीं कर पाया, तो तत्काल प्रभाव से संचालन पर रोक या कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी जांच केवल नोटिस और बयान तक सीमित रहना विभागीय कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है।स्थानीय लोगों में भी चर्चा है कि यदि इस तरह की गतिविधियां चल रही थीं, तो संबंधित विभागों को इसकी भनक क्यों नहीं लगी।- लेटलतीफी से बढ़ी शंकासंवेदनशील मामले में कार्रवाई में देरी ने जांच की गंभीरता पर संदेह पैदा किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में त्वरित और दृढ़ कार्रवाई आवश्यक होती है, ताकि संभावित अनियमितताओं पर तुरंत रोक लग सके और साक्ष्य सुरक्षित रह सकें।वहीं अस्पताल की पैनल डॉक्टर प्रियंका त्रिपाठी को भी आज बुधवार को सीएमओ कार्यालय में बयान के लिए बुलाया गया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले में ठोस कार्रवाई कर जिम्मेदारी तय करता है या जांच महज औपचारिकता बनकर रह जाती है।

### महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार, हर पात्र महिला तक योजना पहुंचाने का लक्ष्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर लगातार सक्रिय है। महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और सुरक्षा के स्तर पर मजबूत बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में विधवा पेंशन योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के तहत प्रदेश में 40.32 लाख से अधिक निराश्रित महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। महिला कल्याण विभाग की इस पहल के माध्यम से उन महिलाओं तक सीधे मदद पहुंचाई जा रही है, जिन्हें पति के निधन के बाद आजीविका संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, अब तक कुल 40,32,629 महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो चुकी हैं। योजना के अंतर्गत पेंशन राशि वर्ष में चार किस्तों में जारी की जाती है, जिसमें अप्रैल-जून, जुलाई-सितंबर, अक्टूबर-दिसंबर और जनवरी-मार्च की तिमाहियां शामिल हैं। वर्ष 2021 में सरकार ने एक अहम निर्णय लेते हुए पेंशन राशि को 500 से बढ़ाकर 1,000 कर दिया था।

# जगंल में लगी आग कई घरों तक पहुंची, मचा हड़कम्प

❒ मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कई घंटे मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। दुबग्गा क्षेत्र के मलहा गांव में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जंगल में लगी आग ने अचानक भीषण रूप धारण कर लिया और तेज हवाओं के चलते रिहायशी इलाके तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटों ने कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।ग्रामीणों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अपने घरों से जरूरी सामान निकालने में जुट गए, जबकि कई लोग आग बुझाने की कोशिश में लग गए। बाल्टियों, पाइप और घरेलू संसाधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग की भयावहता के सामने सभी प्रयास नाकाफी साबित हुए।ग्रामीणों के मुताबिक सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां करीब एक घंटे की देरी से मौके पर पहुंचीं। इस देरी के चलते आग और भड़क गई, जिससे नुकसान का दायरा बढ़ता चला गया। फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया।इस दर्दनाक घटना में चंदर रावत की करीब 15 बकरियां जिंदा जल गईं, जबकि महादेव और महावीर की एक-एक भैंस तथा मुनेश्वर की एक भैंस भी आग की भेंट चढ़ गई। आग बुझाने के दौरान महावीर का 22 वर्षीय बेटा मोहित गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है।आग की लपटों ने राम विलास की पान मसाले की घूमटी को भी पूरी तरह राख कर दिया, जिसमें रखा करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। इसके अलावा कई घरों में रखा अनाज, कपड़े और घरेलू सामान भी जल गया, जिससे ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और मायूसी का माहौल है। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत, मुआवजा और पुनर्वास की मांग की है। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का जायजा लेकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।

# दुधवा, किशनपुर व कतर्नियाघाट में 'स्मार्ट गाइड' से आसान होंगी पर्यटकों की राहे

- साइनेज पर 3.11 करोड़ से अधिक खर्च
- दुधवा टाइगर रिजर्व में साइनेज पर खर्च होंगे 2.51 करोड़ रुपए, पर्यटकों को नहीं होगा भटकाव
- दुधवा-कतर्नियाघाट में बदलेगा जंगल सफारी का अंदाज, 'स्मार्ट गाइड' से आसान होगी राह- जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ/लखीमपुर। उत्तर प्रदेश के तराई की हरियाली में सफर करने वाले पर्यटकों को अब रास्ता ढूंढने में भटकना नहीं पड़ेगा और न ही जरूरी जानकारी के लिए परेशान होना होगा। जंगल के बीच से गुजरते रास्ते हों या वन्यजीवों से जुड़ी अहम सूचनाएं, सब कुछ अब आसान और सुव्यवस्थित तरीके से उपलब्ध होगा। पर्यटकों की सुविधा और अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार दुधवा टाइगर रिजर्व, किशनपुर और कतर्नियाघाट जैसे प्रमुख इको टूरिज्म स्थलों पर आधुनिक साइनेज लगाने जा रही है। 3.11 करोड़ रुपए से अधिक की इस योजना के तहत पहले चरण में 50 लाख रुपए की धनराशि भी जारी कर दी गई है, जिससे अब इको टूरिज्म के इन स्थलों की यात्रा और भी सुगम व आकर्षक बन सकेगी।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'दुधवा, किशनपुर और कतर्नियाघाट जैसे तराई के आकर्षक इको टूरिज्म स्थलों पर साइनेज की यह पहल पर्यटकों को बेहतर मार्गदर्शन देगी। आगंतुकों की सुरक्षित यात्रा में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का उद्देश्य इन प्राकृतिक धरोहरों को सुव्यवस्थित करते हुए उन्हें विश्वस्तरीय इको टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करना है। ताकि, अधिक से अधिक पर्यटक यहां आएं और प्रदेश की जैव विविधता व प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकें।'

### दुधवा में 'स्मार्ट गाइड' पर खर्च होंगे 2.51 करोड़

राज्य सरकार द्वारा मंजूर कुल राशि का बड़ा भाग दुधवा टाइगर क्षेत्र को समर्पित है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'दुधवा टाइगर रिजर्व में अब पर्यटकों को भटकाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकार ने यहां 2.51 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विभिन्न स्थानों पर आधुनिक और आकर्षक साइनेज लगाने का निर्णय लिया है। ये पर्यटकों के लिए 'स्मार्ट गाइड' की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि दिशा संकेतक पर्यटकों को सही मार्ग दिखाने के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी जानकारी और स्थल विशेष की जानकारी उपलब्ध कराएंगे। यह पहल दुधवा को एक प्रमुख इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।'

### मौन गाइड' की भूमिका में साइनेज

साइनेज किसी भी पर्यटन स्थल का 'मौन गाइड' होता है। साइनेज आगंतुकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है, जिससे वे विभिन्न मार्गों, जोनों और प्रमुख स्थलों तक आसानी से पहुंच पाते हैं। दिशा-निर्देशन के साथ वर्जित क्षेत्रों, वन्य जीवों की उपस्थिति एवं प्रतिबंधित स्थलों की स्पष्ट जानकारी देकर सुरक्षा भी सुनिश्चित करती है। साथ ही 'नो प्लास्टिक', 'वन्य जीवों से दूरी बनाएं' और 'शांत रहें' जैसे संदेशों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी करती है। ये साइनेज वन्य जीवों, जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिकी से जुड़ी रोचक व शिक्षाप्रद जानकारी का भी महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं। बहुभाषी साइनेज की सुविधा के कारण विदेशी पर्यटकों को भी भ्रमण के दौरान विशेष सहूलियत मिलती है।

### 'सुरक्षित और स्मार्ट होगा वन भ्रमण'

अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि 'लखीमपुर खीरी जिला अंतर्गत दुधवा टाइगर रिजर्व में साइनेज के माध्यम से सफारी मार्ग स्पष्ट होंगे तथा 'टाइगर जोन' और 'बफर जोन' की पहचान आसान होगी। वहीं, किशनपुर वन्यजीव अभ्यारण्य में यह नए पर्यटकों के लिए प्रभावी मार्गदर्शक बनकर 'बर्ड वॉचिंग' और 'नेचर ट्रेल्स' को बेहतर तरीके से चिन्हित करेगा। इसी प्रकार, बहराइच जनपद स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य में साइनेज संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, घुमावदार मार्गों में दिशा भ्रम को कम करने तथा गंगा डॉल्फिन और घड़ियाल जैसे दुर्लभ जीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।'

# मुठभेड़ में तीन लुटेरे गिरफ्तार, एक बदमाश के पैर में लगी गोली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन बाइक सवार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने तमंचा-कारतूस व मोटर साइकिल समेत लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया है। मुठभेड़ के दौरान एक लुटेरे के पैर में गोली लगी है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।बीती 20 अप्रैल को थाना पुवायां क्षेत्र के गांव जठियापुर बुजुर्ग निवासी सूरज दीक्षित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मोहम्मदी मोड़ पर फल और सब्जी लेने जा रहा था, इसी दौरान तीन अज्ञात बाइक सवारों ने उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के दौरान थाना पुवायां क्षेत्र के मोहल्ला हरदयाल निवासी सौरभ मिश्रा, बड़ागांव निवासी अर्पित सक्सेना और जनपद खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव सिसौरा नकूमपुर निवासी मौसम उर्फ आशुतोष दीक्षित को नाम प्रकाश में आया। इसी क्रम में बीती रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोहम्मदी बाईपास पुल के पास चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस को एक काली पल्सर बाइक पर तीन सवार आते हुए दिखे। पुलिस ने उन्हें रोका, तो वो बाइक मोड़कर भागने लगे। एक बाइक सवार ने जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायर किया। पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाई की। जिसमें अभियुक्त सौरभ मिश्रा के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने तमंचा-कारतूस और लूटा हुआ मोबाइल बरामद किया। पुलिस के अनुसार, अभियुक्तों पर थाना पुवायां और जनपद खीरी के थाना मोहम्मदी में 20 से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- सीतापुर में विकास खण्ड स्तर पर चिन्हांकन शिविर शुरू

सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना का संचालन ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके संचालन हेतु https://divyangjanup.upsdc.gov.in पोर्टल पर विकसित किया गया है। दिव्यांगजन दिव्यांगता प्रमाण पत्र (न्यूनतम 40 प्रतिशत, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रंगीन फोटो तथा चिकित्साधिकारी से उपकरण हेतु संस्तुति प्रमाण पत्र सहित ऑनलाइन आवेदन कर सकेगे।वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु समस्त प्रकार के दिव्यांगजन (शारीरिक, दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित एवं मानसिक) को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु विकास खण्ड स्तर पर दिव्यांगजनो के चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजन का परीक्षण करके उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण की संस्तुति की जायेगी। शिविर स्थल पर दिव्यांगजन के फार्म ऑनलाइन किये जाये। चिन्हांकन करते समय आवेदक का दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक हो (मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र), आवेदक की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र के लिए 46080 तथा शहरी क्षेत्र के लिए 56460 से अधिक न हो। आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र तहसीलदार/ मा0 सांसद/मा0 विधायक,नगर पंचायत/नगर पालिका अध्यक्ष व ग्राम प्रधान द्वारा निर्गत हो मान्य है। आवेदक के आधार कार्ड की छायाप्रति तथा एक पासपोर्ट आकार का नवीन रंगीन फोटोग्राफ जैसी शर्तों का ध्यान अवश्यक रखा जायें।उपर्युक्त पात्रता के साथ दिव्यांग लाभार्थी को शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यू0डी0आई0 डी0कार्ड, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साईज का फोटो, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, मोबाइल नम्बर प्रपत्र साथ लाना होगा।चिन्हांकन शिवरों का आयोजन विकास खण्ड परिसर रेउसा में 25.04.2026, विकास खण्ड परिसर सकरन में 27.04.2026, विकास खण्ड परिसर, महमूदाबाद में 29.04.2026, विकास खण्ड परिसर, रामपुर मथुरा में 02.05.2026, विकास खण्ड परिसर, बिसवॉ में 05.05.2026, विकास खण्ड परिसर, बेहटा में 07.05.2026, विकास खण्ड परिसर, लहरपुर में 11.05.2026, विकास खण्ड परिसर, परसेण्डी में 14.05.2026,विकास खण्ड परिसर, पिसावां में 16.05.2026, विकास खण्ड परिसर, पहला में 18.05.2026, विकास खण्ड परिसर, खैराबाद में 20.05.2026, विकास खण्ड परिसर, एलिया में 22.052026, विकास खण्ड परिसर, महोली में 25.05.2026, विकास खण्ड परिसर, हरगॉव में 28.05.2026, विकास खण्ड परिसर मछरेहटा में 30.05.2026, विकास खण्ड परिसर गोंदलामऊ में 01.06.2026, विकास खण्ड परिसर, कसमण्डा में 03.06.2026, विकास खण्ड परिसर, सिधौली में 05.06.2026 तथा विकास खण्ड परिसर, मिश्रिख में 08.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक आयोजित होगा।विकास खण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले षिविरों के लिए खण्ड विकास अधिकारी अपने स्तर से सहायक विकास अधिकारी (स0क0) को नोडल नामित करेंगें। जो शिवरों को आयोजित करने में समन्वयक की भूमिका निभायेंगे तथा शिविरों को व्यवस्थित ढंग से आयोजित करायेगें।उपर्युक्त विकास खण्डों में आयोजित चिन्हांकन शिविरों में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा पंजीकरण हेतु हॉल की व्यवस्था, लाभार्थियों के बैठने की व्यवस्था हेतु मेज कुर्सी, शिविर स्थल पर दिव्यांगजनों के उपकरण हेतु आवेदन ऑनलाइन करने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था मय कम्प्यूटर प्रिन्टर सहित तथा दिव्यांगजनो को पीने हेतु शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। अतः समस्त खण्ड विकास अधिकारी नियत तिथियों में सफलतापूर्वक चिन्हांकन शिविर आयोजित करें। तथा अपने अधीनस्थों के माध्यम से शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करें ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन उक्त योजना से लाभान्वित हो सकें। साथ ही कार्यालय के बाहर नोटिस बोर्ड पर प्रचार-प्रसार हेतु पत्र की एक प्रति चस्पा करायेगे।

# सरैया चौकी स्कूल में बच्चों ने बिखेरे सांस्कृतिक रंग, शिक्षा और स्वच्छता की जगाई अलख

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



खैराबाद, सीतापुर। ब्लॉक खैराबाद के प्राथमिक विद्यालय सरैया चौकी में स्कूल रेडिनेस एवं अभिभावक जागरूकता मेले का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापिका रुबीना बानो के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा देख अभिभावकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के पुराने छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ।

इसके बाद कक्षा 1 और 2 के नन्हे बच्चों ने स्कूल चलें हम और सरकारी स्कूल में नाम लिखवाना है जैसे गीतों पर नृत्य कर नामांकन बढ़ाने का संदेश दिया। बिटिया रानी और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सेव ट्री, सेव लाइफ नृत्य की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। वहीं, कक्षा 5 के छात्रों ने जैसी करनी वैसी भरनी नाटक के माध्यम से सामाजिक नैतिकता का पाठ पढ़ाया।मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे एसआरजी करुणेश ने स्कूल रेडिनेस की महत्ता बताते हुए कहा कि बच्चों को खेल-खेल में सिखाना ही बुनियादी शिक्षा का आधार है। एआरपी संजीव पटेरिया ने अभिभावकों को डीबीटी के माध्यम से मिलने वाली ?1200 की धनराशि के बारे में जानकारी दी, ताकि बच्चों की शिक्षण सामग्री समय से जुटाई जा सके। एआरपी आशुतोष और डाइट से आए अमित कुमार ने बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने और स्कूल के विकास में अभिभावकों के सक्रिय सहयोग पर जोर दिया।पूरे कार्यक्रम का प्रभावी संचालन रुबीना बानो द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता में सहायक अध्यापिका अंकिता रावत, रीतम मिश्रा, और स्टाफ सदस्य शिक्षा के साथ-साथ शिक्षामित्र गीता देवी व इन्दु देवी का विशेष योगदान रहा। अंत में प्रधानाध्यापिका ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शिक्षा के मंदिर या डिग्री बांटने के 'कारखाने' ?

- खीरी के लॉ कॉलेजों में 'सफ़ेद हाथी' बना सिस्टम; मानकों की बलि चढ़ा छात्रों का भविष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में कानून की पढ़ाई कराने वाले स्ववित्तपोषित विधि महाविद्यालय इन दिनों न्याय की शिक्षा देने के बजाय खुद अन्याय का केंद्र बने हुए हैं। ऊँचे-ऊँचे दावों और कागजी घोड़ों पर सवार ये संस्थान धरातल पर 'सफ़ेद हाथी' साबित हो रहे हैं। ओयल, भीरा और मोहम्मदी जैसे क्षेत्रों में संचालित नामचीन विधि संस्थान केवल प्रबंधकों की तिजोरियाँ भरने का जरिया बनकर रह गए हैं, जबकि यहाँ पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है।

### कागजी गुरुजी और खाली लाइब्रेरी: मानकों का मखौल

सूत्रों के अनुसार, मनु लॉ कॉलेज (ओयल), मनमीतनगर लॉ कॉलेज (भीरा) और मोहम्मदी लॉ कॉलेज जैसे संस्थानों में एलएल.बी. की कक्षाएं केवल औपचारिकता बनकर रह गई हैं। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (उएक्र) और विश्वविद्यालय के कड़े मानकों को ताक पर रखकर यहाँ प्राचार्य और शिक्षकों की नियुक्ति केवल 'फाइलों' में दिखाई गई है। धरातल पर न तो योग्य प्रोफ़ेसर हैं और न ही शोध के लिए समृद्ध पुस्तकालय। छात्र केवल परीक्षा के समय दिखाई देते हैं, जिससे शिक्षा का स्तर रसातल में जा रहा है।

### वेतन घोटाला: 'चेक से भुगतान और कैश की उगाही'

कॉलेज प्रबंधकों पर सबसे गंभीर आरोप शिक्षकों के शोषण का लगा है। सूत्रों का दावा है कि विश्वविद्यालय और शासन की आंखों में धूल झोंकने के लिए शिक्षकों के नाम पर मोटी रकम के चेक काटे जाते हैं, लेकिन बैंक कर्मियों की कथित मिलीभगत से वह धनराशि वापस प्रबंधकों के पास पहुँच जाती है। योग्य शिक्षकों के स्थान पर कम योग्यता वाले लोगों को रखकर उनसे औने-पौने दामों पर काम लिया जा रहा है। पीएफ का अभाव भी एक खास समस्या है जैसे शिक्षकों को भविष्य निधि (घ्क्क) जैसे बुनियादी लाभों से वंचित रखा गया है। खातों में हेरफ़ेर भी एक आम बात है, वेतन खातों के संचालन में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की बू आ रही है।

### सियासी रसूख का 'कवच' और प्रशासन की खामोशी

खबर की सबसे कड़वी सच्चाई यह है कि शिकायतों के अंबार के बावजूद कार्रवाई सिफर है। मनु लॉ कॉलेज (ओयल) की प्रबंधक डॉ. इरा श्रीवास्तव के विरुद्ध खीरी थाने में कई एफआईआर दर्ज होने की बात सामने आई है, लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय और स्थानीय प्रशासन मौन साधे हुए है। चर्चा है कि 'ऊपर तक पहुँच' और राजनीतिक संरक्षण के चलते जाँच फाइलें ठंडे बस्ते में डाल दी जाती हैं। इसी रसूख के दम पर छात्रों से मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है।

जब कानून की पढ़ाई कराने वाले संस्थान ही गैर-कानूनी तरीके से चलेंगे, तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए? यह सीधे तौर पर संगठित भ्रष्टाचार है।''– एक जागरूक नागरिक

### जाँच की मांग: अब आर-पार की लड़ाई

जिले के जागरूक नागरिकों और छात्र संगठनों ने अब इस 'सिंडिकेट' के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रमुख मांगें निम्नलिखित हैं। भौतिक सत्यापन के आधार पर उच्च स्तरीय टीम गठित कर कॉलेजों का औचक निरीक्षण हो। डिजिटल हाजिरी शिक्षक और छात्रों की वास्तविक उपस्थिति बायोमेट्रिक के जरिए जाँची जाए।ऑडिट मे प्रबंध समिति के बैंक खातों और शिक्षकों को दिए गए वास्तविक भुगतान की फॉरेंसिक जाँच हो।

### हाईकोर्ट की चौखट पर दस्तक देने की तैयारी

यदि प्रशासन ने जल्द ही इन 'डिग्री करखानों' पर लगाम नहीं लगाई, तो मामला अब माननीय उच्च न्यायालय (लखनऊ खंडपीठ) की दहलीज पर पहुँचेगा। चेतावनी दी गई है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया और शिक्षा विभाग को पार्टी बनाते हुए एक जनहित याचिका (घ्क्ष्ख्र) दाखिल की जाएगी। अब बड़ा सवाल यह उठता है क्या लखीमपुर का जिला प्रशासन और लखनऊ विश्वविद्यालय इन रसूखदारों पर शिकंजा कसेगा, या फिर रसूख के आगे छात्रों के सपनों की बलि चढ़ती रहेगी?

## आंगनवाड़ी केंद्र पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, 6 महीने से राशन वितरण ठप

**सिंगाही–खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लॉक निघासन की ग्राम पंचायत बथुआ में आंगनवाड़ी केंद्र पर भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि पिछले करीब 6 महीनों से बच्चों को मिलने वाला चावल और गेहूं वितरित नहीं किया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए आने वाला पोषक आहार सिर्फ कागजों में ही दिखाया जा रहा है, जबकि हकीकत में न तो राशन बांटा जा रहा है और न ही केंद्र पर भोजन बन रहा है। इससे साफ है कि योजना में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हो रही है।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के हक का राशन हड़प रही है, जिससे मासूमों और जरूरतमंद महिलाओं को पोषण नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, जिम्मेदार अधिकारी अभी तक इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले पर कब तक कार्रवाई करता है या फिर बच्चों के हक के साथ यूं ही खिलवाड़ चलता रहेगा। यह मामला शोशल मिडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। निघासन सीडीपीओ पूजा से फोन पर पोषाहार वितरण नहीं करने का कारण जानने की कोशिश की गई। लेकिन उन्होंने फोन उठाकर जबाव देना मुनासिब नहीं समझा।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष कराने की तैयारी तेज, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जनपद सीतापुर में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी, परीक्षा से जुड़े नोडल अधिकारी एवं केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता के लिए संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की पूर्ण जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। उन्होंने सभी केंद्रों पर मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में परीक्षा के लिए कुल 07 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें सभी केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था आदि को समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रत्येक केंद्र पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों की समुचित व्यवस्था कर उनकी निगरानी कंट्रोल रूम से किए जाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही हेतु यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा परीक्षा अवधि के दौरान अनावश्यक जाम की स्थिति उत्पन्न न होने देने के निर्देश भी दिए गए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक केंद्र पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था उपलब्ध रहे तथा आपात स्थिति से निपटने हेतु एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा बैकअप व्यवस्था तैयार रखने के निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी केंद्र व्यवस्थापक समय से केंद्रों का निरीक्षण कर लें तथा परीक्षा से पूर्व मॉक ड्रिल/रिहर्सल के माध्यम से व्यवस्थाओं का परीक्षण कर लें।जिलाधिकारी महोदय ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पूर्ण तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अभ्यर्थियों को ठहरने हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे कोई भी अभ्यर्थी खुले में न सोये, जिसके लिये बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशनों पर ठहरने हेतु समुचित प्रचार–प्रसार किया जाये।

# प्रदूषण और भ्रष्टाचार की 'बैटरी' से सुलग रही छोटी काशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोला गोकर्णनाथ खीरी। धार्मिक नगरी और 'छोटीकाशी' के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ में इन दिनों आस्था की सुगंध नहीं, बल्कि अवैध कारखानों से निकलने वाला जहरीला धुआं और भ्रष्टाचार की दुर्गंध हवाओं में घुली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'जीरो टॉलरेंस' नीति के दावों को ठेंगा दिखाते हुए शहर के रिहायशी इलाकों में बगैर एनओसी (गगए) और मानकविहीन ढंग से बैटरी-बैटरा निर्माण का एक बड़ा काला साम्राज्य फल-फूल रहा है।

### अधिकारियों की 'सांठगांठ' से धधक रही अवैध भट्ठियां

आश्चर्य की बात यह है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ और स्थानीय प्रशासन की नाक के नीचे यह कारखाना संचालित है। सूत्रों की मानें तो जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से मानकविहीन ढंग से चिमनियाँ लगाकर इलेक्ट्रिक भट्ठियां धधकाई जा रही हैं। प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी इस ओर से आँखें मूंदे बैठे हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि नियमों को ताक पर रखने के लिए 'ऊपर तक' व्यवस्था की गई है।

### बिजली चोरी और जीएसटी का बड़ा खेल

कारखाना संचालक ने अवैध कमाई की ललक में न केवल पर्यावरण को दांव पर लगाया है, बल्कि सरकारी राजस्व को भी भारी चपत लगा रहा है। बिजली विभाग को चूना लगाया जा रहा है और नवनिर्मित बैटरियों को चार्ज करने के लिए अलग-अलग मकानों को किराए पर लेकर वहां जाल बिछाया गया है। बिजली विभाग के कुछ कर्मचारियों से सांठगांठ कर लाखों रुपये की बिजली चोरी की जा रही है और साथ ही ?जीएसटी की चोरी कर हजारों की संख्या में बैटरियों का निर्माण और बिक्री बिना किसी पक्के बिल या कागजी कार्रवाई के हो रही है, जिससे जीएसटी विभाग को हर महीने लाखों का नुकसान हो रहा है।

### रिहायशी इलाकों में खतरा, फायर विभाग मौन

घनी आबादी वाले क्षेत्रों में संचालित इन कारखानों और चार्जिंग सेंटरों पर फायर सेफ्टी का कोई इंतजाम नहीं है। केमिकल और एसिड के इस्तेमाल के बावजूद फायर स्टेशन गोला द्वारा इस पर कोई कार्रवाई न करना किसी बड़े हादसे को दावत देने जैसा है। एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी फाइलें धूल फांक रही हैं और कार्रवाई के नाम पर केवल आश्वासन मिल रहे हैं।

### जांच के घेरे में जिम्मेदार

स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर गहरा रोष है। चर्चा आम है कि एक दशक से जड़ें जमा चुके इस अवैध कारोबार के पीछे कौन से सफ़ेदपोश और अधिकारी संरक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। जनता की मांग है कि:

### तत्काल कारखाने को सील कर एनओसी की जांच हो

पिछले 10 वर्षों के टर्नओवर और जीएसटी भुगतान की ऑडिट कराई जाए। संलिप्त अधिकारियों और बिजली विभाग के कर्मचारियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो।

मुख्यमंत्री महोदय के स्पष्ट निर्देश हैं कि अवैध और प्रदूषणकारी इकाइयां किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। बावजूद इसके, गोला में इस कारखाने का बेखौफ संचालन प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

## हत्या का प्रयास के 09 अभियुक्त गिरफ्तार, हथौड़ी, लोहे का पाइप व लाठी-डंडे बरामद

शाहजहांपुर। थाना तिलहर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में हत्या का प्रयास के 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने हथौड़ी, लोहे का पाइप व लाठी-डंडे बरामद किए।थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव महियावर निवासी सुरेश पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रात करीब 12 बजे उसका पुत्र अंकित और भाई अमर सिंह आदि अपनी गाड़ी से बालाजी मैरिज लान जा रहे थे, वो लोग रास्ते में भक्सी तिराहे पर एक दुकान पर पानी लेने के लिए रूके। इसी दौरान थाना तिलहर क्षेत्र के मोहल्ला जेर बरगद निवासी हसीब ने अपनी गाड़ी उनकी गाड़ी के आगे लगा दी। भाई ने गाड़ी साइड में करने के लिए कहा, तो मोहल्ला जेर बरगद निवासी हसीब, अजीम, साहिद, मोहल्ला कच्चा कटरा निवासी अनीस अहमद, जाफर, तसलीम, शरीफ, और मोहल्ला हिन्दू पट्टी निवासी तारीफ आदि ने लाठी-डंडों से उसके भाई और पुत्र के साथ मारपीट की। घायल पुत्र और भाई को जिला अस्पता में भर्ती कराया है। इसी क्रम में पुलिस ने आज अभियुक्त अजीम, साहिद, तारीफ, अनीस, तसलीम, शरीफ अहमद और जाफर को गिरफ्तार किया। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस ने हत्या का प्रयास के अभियुक्त थाना तिलहर क्षेत्र के सिंह कालोनी निवासी अभिराज सिंह और यश गंगवार को गिरफ्तार किया।

## नैमिषारण्य पुलिस का चेकिंग अभियान, 8 वाहनों का चालान

**नैमिषारण्य, सीतापुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता** । थाना नैमिषारण्य क्षेत्र के अंतर्गत नैमिष से मिश्रिख रोड पर अटवा के पास पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक प्रशांत सिंह के नेतृत्व में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 8 वाहनों का चालान किया गया।चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को रोककर उन्हें यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया। साथ ही वाहन चालकों को समझाया गया कि हेलमेट का उपयोग उनकी सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।पुलिस ने बताया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शासी निकाय की बैठक सम्पन्न

❒ बैठक में प्राथमिक स्तर खराब कार्य करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिये गये

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सम्भल , बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति ( शासी निकाय) मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी। नवीन उपकेन्द्र तैयार करने के विषय में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह द्वारा बताया गया कि उन्होंने 34 उपकेन्द्र के लिए उपयुक्त स्थान तथा स्थान चयनित किये जाने को लेकर जानकारी प्रदान की । मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य समिति में जिन कार्मिकों को बार बार चेतावनी दी जा रही है तथा उनके द्वारा कोई प्रगति नहीं हो रही है उसकी एक फाईल तैयार की जाए। आयुष्मान कार्ड को लेकर भी चर्चा की गयी सबसे निचले स्तर पर खराब कार्य करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि हर तीसरे दिवस इसकी समीक्षा बैठक कराना सुनिश्चित करें। बीओसीडब्ल्यू पर सहायक श्रम आयुक्त एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी के साथ बैठक करायी जाए। जननी सुरक्षा योजना को लेकर चर्चा की गयी तथा सीएचसी/ पीएचसी/ संस्थान वार वास्तविक जननी सुरक्षा योजना भुगतान तथा मंत्रा पोर्टल पर जननी सुरक्षा योजना भुगतान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एफआरयूएस , आभा आईडी, एनसीडी स्क्रीनिंग हाइपरटेंशन एवं डाइबिटीज, ई- संजीवनी पर चर्चा की गयी। आभा आईडी एवं आयुष्मान कार्ड में प्रगति न होने पर संबंधित बीसीपीएम,बीपीएम तथा आयुष्मान कार्ड से संबंधित डीआईयू के कार्मिकों का जब तक प्रगति न हो तब तक वेतन न निर्गत करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी द्वारा एनक्यूएएस की स्थिति को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी।डीपीएम संजीव राठौर द्वारा बताया गया कि नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हातिम सराय एनक्यूएएस सर्टिफाइड हुआ है।उन्होंने बताया कि यह मुरादाबाद मण्डल में पूर्णतः प्रमाणित होने वाला प्रथम नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है।फैमिली प्लानिंग,आरबीएसके पर चर्चा की गयी जिलाधिकारी द्वारा पोषण पुनर्वास केन्द्र में बच्चे बढाने को लेकर निर्देशित किया।

इसके उपरांत 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चल रे दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक की गयी। पशुपालन विभाग को सूकर पालन केन्द्र के मालिकों को संचारी रोग नियंत्रण के लिए जागरूक करने को लेकर निर्देशित किया तथा कृषि विभाग के संबंधित अधिकारी को चूहे छुछुंदर से होने वाली बीमारियों को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीमा धनराशि देने से इंकार करना डाक विभाग को पड़ा भारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। पड़ोसियों के कहने पर बीमा धनराशि देने से इंकार करना डाक विभाग को पड़ा भारी ग्राम करनपुर कास्त निवासी गौतम की मां शकुन्तजीला ने अपने जीवन काल में डाक विभाग से एक ग्रामीण डाक जीवन सुरक्षा बीमा पॉलिसी दिनांक 8/3/2022 को बीमा धनराशि रुपए 10 लाख की क्रय की थी जिनकी मृत्यु दिनांक 19/2/2023 को हो गई ।

बीमा पालिसी में नामित उनका पुत्र गौतम ने समस्त औपचारिकता पूर्ण कर बीमा धनराशि देने के लिए डाक जीवन बीमा से किया तो विभाग द्वारा उसे बीमा धनराशि देने से इंकार कर दिया कि आपके पड़ोसियों ने बताया कि मृतक शकुन्तला पिछले काफी समय से बीमार रहती थी उनका पेट फूला रहता था उनको कोई अंदुरूनी बीमारी थी तो गौतम ने समस्त बातें उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय को बताई तो अधिवक्ता ने एक परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में दाखिल किया जहां आयोग ने ग्रामीण डाक जीवन बीमा को तलब किया तो ग्रामीण डाक जीवन बीमा की ओर से अपनी बातों को पुनः दोहराया गया और पड़ोसियों के बयान भी सबूत के तौर पर दाखिल किए गए।तब अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा उसका विरोध किया गया और आयोग को अवगत कराया कि जब तक कोई डाक्टरी परीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती तब तक किसी को बीमार घोषित नहीं किया जा सकता है ऐसी दशा में केवलमात्र पड़ोसियों के कहने पर बीमा धनराशि देने से इंकार नहीं कर सकती हैं। आयोग ने दोनों पक्षों को सुना और अपना निर्णय देते हुए विपक्षी ग्रामीण डाक जीवन बीमा निगम को आदेशित किया कि वह परिवादी को बीमा धनराशि मुबलिग 1000000 दस लाख रु उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7% वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करें। इसके अलावा विपक्षीगण परिवादी को मुबलिग 10000 दस हजार रुपए मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि के मद में तथा 5000 बाद व्यय के मद में भी अदा करेंगे । नियत अवधि में धनराशि न अदा किए जाने की दशा में ब्याज 9% वार्षिक की दर से देय होगा ।

## सरकारी काम में बाधा डालने के आरोपी 06 किसान यूनियन के नेता गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। सिंधौली ब्लॉक कार्यालय में धरना-प्रदर्शन के दौरान सरकारी कार्य में बाधा डालने व उग्र प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने 06 किसान यूनियन के नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज है।दरअसल, बीते चार-पांच दिन से भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी गुट का विभिन्न मांगों को लेकर सिंधौली ब्लाक कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन चल रहा था।

20 अप्रैल को किसान यूनियन के नेताओं ने ब्लॉक परिसर के मुख्य गेट को अंदर से बंद कर ताला डाल दिया और नारेबाजी कर सीडीओ का पुतला दहन किया। इस दौरान किसानों की खण्ड विकास अधिकारी और सिंधौली थाना प्रभारी निरीक्षक से नोकझोंक भी हुई। इस मामले में सिंधौली खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश ने किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष हरिराम वर्मा, मुनेश्वर सिंह, सबील हसन, राजू गुप्ता, जीशान सहित 14-15 लोगों के खिलाफ क्रिमिनल लॉ एक्ट, सरकारी कार्य में बाधा, एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप है कि 18 अप्रैल को किसान यूनियन के नेताओं ने बिना पूर्व अनुमति के ब्लॉक कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा। 20 अप्रैल को यूनियन के नेताओं ने खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों को धरना स्थल पर बुलाया। खण्ड विकास अधिकारी अपने 3-4 कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। तो किसानों ने जोर-जोर से नारेबाजी करते हुए उग्र व्यवहार किया। लाठी-डंडा, सरिया आदि निकालकर ब्लॉक कार्यालय का गेट बंद कर ताला लगा दिया। जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई और फरियादियों का आवागमन भी रूक गया। जिससे भयभीत होकर खण्ड विकास अधिकारी और कर्मचारी इधर-उधर हट गए। इसी दौरान किसानों ने कानून के खिलाफ कृत्य करते हुए सीडीओ का पुतला फूंक दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची सिधौली पुलिस ने किसी तरह गेट खुलवाया और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से किसान यूनियन के नेता मुनेश्वर दयाल, गुलजार सिंह, राजू गुप्ता, सबील हसन खां, रामभजन और मिथुन को गिरफ्तार किया। इस दौरान अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गए। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश में है।

## बारात से पहले उठी मासूम की अर्थी, गंगा स्नान में डूबने से 11 वर्षीय बालक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गुन्नौर। संवाददाता।गुन्नौर क्षेत्र के गांव नदरौली में शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब गंगा स्नान के दौरान 11 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। जिस घर से कुछ ही घंटों बाद बारात निकलनी थी, वहीं से मासूम की अर्थी उठी तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

मिली जानकारी के अनुसार गांव नदरौली निवासी माधव कुमार (11) अपने ताऊ मुकेश कुमार के साथ उनकी ससुराल ईसमपुर डांडा आया हुआ था। मंगलवार को मुकेश के चचेरे भाई आकाश, पुत्र नेत्रपाल की बारात देवराभूरा जानी थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं।बताया जाता है कि मंगलवार सुबह मुकेश कुमार अपनी पत्नी मीरा देवी, बच्चों और भतीजे माधव को लेकर ईसमपुर डांडा के कच्चे गंगा घाट पर स्नान के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान माधव और उसका चचेरा भाई यश गंगा में नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले गए। मौके पर मौजूद लोगों ने यश को तो किसी तरह बचा लिया, लेकिन माधव तेज धारा में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंच गए और बालक की तलाश शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद माधव का शव जाल में फंसा हुआ बरामद कर लिया गया।घटना के बाद शादी वाले घर में कोहराम मच गया। जहां शहनाई बजनी थी, वहां सन्नाटा पसर गया और बारात की तैयारियां अधूरी रह गईं। परिजनों ने कार्यक्रम को स्थगित कर दिया।माधव अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और पीपीएस स्कूल सैंजना मुस्लिम में कक्षा दो का छात्र था। बेटे की मौत से मां सीमा और पिता अमित कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद नदरौली समेत आसपास के गांवों में शोक की लहर है।

## नगर निगम के 1100 करोड़ के बजट से बरेली के विकास की नई रफ्तार

**बरेली,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के समग्र विकास को नई दिशा देने में नगर निगम ने 1100 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट सर्वसम्मति से पारित कर दिया। मंगलवार को नगर निगम सभागार में महापौर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में यह बजट पेश किया गया, जिसे सभी पार्षदों ने एकमत से मंजूरी दी। नगर निगम के इतिहास में पहली बार इतना बड़ा बजट बिना किसी विरोध के पास हुआ है, जिससे शहर के बुनियादी ढांचे में बड़े बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।इस बजट में सड़क, रोशनी, सफाई, पेयजल, सीवर और सौंदर्यीकरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। नगर निगम प्रशासन का दावा है कि यह बजट शहर को स्मार्ट और व्यवस्थित बनाने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।--सड़कों पर 120 करोड़, हर मोहल्ले तक पहुंचेगा विकासशहर की जर्जर सड़कों को दुरुस्त करने और नई सड़कों के निर्माण के लिए 120 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत मुख्य मार्गों के साथ-साथ कॉलोनियों और गलियों की सड़कों को भी बेहतर बनाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार इससे यातायात सुगम होगा और लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में राहत मिलेगी।--80 वार्डों में लगेंगी 30 हजार स्ट्रीट लाइटेंशहर की रोशनी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 30 हजार नई स्ट्रीट लाइटें लगाने का प्रस्ताव पास किया गया है। इसके लिए करीब 20 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। योजना के तहत 80 वार्डों में प्रत्येक वार्ड में लगभग 300 से अधिक लाइटें लगाई जाएंगी। पार्षदों ने बैठक में बताया कि कई क्षेत्रों में अंधेरा होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नई स्ट्रीट लाइटें लगने से न सिर्फ रोशनी बढ़ेगी, बल्कि अपराध और हादसों में भी कमी आने की उम्मीद है।--सफाई व्यवस्था मजबूत करने को 15 करोड़ मंजूरनगर निगम ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 15 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इसके तहत हर घर से नियमित रूप से कूड़ा उठाने की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इससे शहर को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी और प्रदूषण पर भी नियंत्रण होगा।--हर गली तक पहुंचेगा पेयजल और सीवर नेटवर्कशहर में पेयजल आपूर्ति और सीवर व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नगर निगम का लक्ष्य है कि कोई भी गली ऐसी न रहे, जहां ये सुविधाएं उपलब्ध न हों। जरूरत पड़ने पर इस मद में अतिरिक्त बजट भी खर्च किया जाएगा। इस योजना से जलभराव, गंदगी और पेयजल की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।--330 पार्कों का होगा सौंदर्यीकरण, ग्रीन बरेली पर जोरहरित और स्वच्छ शहर के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 330 पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए 10 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा 'ग्रीन बरेली' और मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के तहत 40 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। नगर निगम का प्रयास है कि शहर में हरियाली बढ़े और नागरिकों को बेहतर पर्यावरण मिल सके।--सीबीगंज में जल्द शुरू होगी नंदीशालाबैठक में यह निर्णय लिया गया कि सीबीगंज क्षेत्र में दो माह के भीतर नंदीशाला का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इससे आवारा पशुओं की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए दो एजेंसियों का चयन किया गया है, जो उनकी नसबंदी का कार्य करेंगी।

## धूमधाम से विराजे मदनमोहन महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संभल। चंदौसी के कैथल गेट स्थित श्री मदन मोहन जी महाराज के प्राचीन मंदिर में हुआ भव्य आयोजन! चंदौसी 21 अप्रैल 026 आज कैथल गेट स्थित नया मंदिर नाम से विख्यात श्री मदन मोहन जी महाराज के प्राचीन मंदिर में- हाल ही में श्री मदन मोहन जी महाराज की नई प्रतिमा स्थापित की गई।

अक्षय तृतीया के पावन दिवस पर बाबू ब्रजकिशोर परिवार द्वारा वैदिक रितीरिवाज मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ व विशेष पूजा अर्चना द्वारा श्री मदनमोहन महाराज की प्रतिमा को स्थापित किया गया। इस अवसर पर महिला श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ढोलक व मंजीरों की थाप पर भक्ती भाव विभोर होकर भजन-कीर्तन किया जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया।इसके उपरांत 21 तारीख, दिन मंगलवार को श्री मदन मोहन जी महाराज का भोग लगाकर भंडारे के रूप में प्रसाद सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन स्व. बाबू ब्रज किशोर जी के परिवार-श्री राजकिशोर जी, प्रेम किशोर जी, नेम किशोर जी, गिर्राज किशोर जी, कमल किशोर जी, ललित किशोर जी, प्रभात किशोर जी आदि समस्त परिवारजनों द्वारा मिलकर किया गया।यह पूरा कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले दो गिरफ्तार धर्म परिवर्तन करने के आरोप की जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के चिकासी थानाक्षेत्र में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस ने पीड़िता को मंगरौठ मोड़ से बरामद कर मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर इमरान उर्फ सिप्टेन (27) और रिहान (18) निवासी नूरपुर थाना अमरिया जनपद पीलीभीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपित क्षेत्र में हार्वेस्टर मशीन चलाने का काम करते थे। इसी दौरान उनका पीड़िता के परिवार के नलकूप पर आना-जाना हुआ, जहां किशोरी से जान पहचान हो गई। आरोपितों पर किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप है। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराएं बढ़ाई गई हैं। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि उस पर धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाया गया।पुलिस ने बताया कि पीड़िता को बरामद कर मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी सरीला शाहरुख खान ने मंगलवार को बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। पीड़िता के बयान के आधार पर जांच की जाएगी। साथ ही धर्म परिवर्तन से जुड़े आरोपों की भी जांच की जा रही है।

## बाल कुंभ में लिया 275 बाल स्वयंसेवकों ने भाग

**फिरोजाबाद,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में मंगलवार को शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के निमित्त नगर के श्री स्वामी बच्चू बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में चयनित बाल कुंभ का आयोजन किया गया। जिसमें 275 बाल स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इस बाल कुंभ में महानगर के 10 नगरों में से प्रत्येक नगर से लगभग 25 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। यह सभी स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों अथवा शाखा से सीधे जुड़े हुए हैं।चयनित बाल कुंभ का शुभारंभ चंद्रनगर विभाग के विभाग प्रचारक अखिलेश ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि संघ की शताब्दी वर्ष पर आयोजित विशेष कार्यक्रमों में एक कार्यक्रम यह भी है। जिन बाल स्वयंसेवकों को इसमें भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है, उन सभी के लिए यह वर्ग और भी अधिक यादगार साबित होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का सामान्य ज्ञान मजबूत होना चाहिए एवं देशभक्ति भावना उनमें भरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पढ़ाई के साथ-साथ मैदानी खेलकूद और व्यायाम में भी हिस्सा लेना चाहिए।इस अवसर पर देशभक्ति के गीतों का भी अभ्यास कराया गया। इस वर्ग में महापुरुषों की पहचान हेतु एक पहचान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों को खेलकूद का अभ्यास कराया गया जिसमें जलेबी दौड़ , रस्साकसी, कबड्डी आदि प्रकार के खेलों को सम्मिलित किया गया।इस अवसर पर महानगर प्रचारक शेखर, महानगर विद्यार्थी प्रचारक दिलीप, वर्ग पालक डॉ वीरेंद्र , रामकुमार, पवन, प्रेम विद्यार्थी प्रमुख कुनाल, बाल प्रमुख हर्ष, पारस, आयुष, शिवम, अर्पण, रुद्राक्ष आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद वर्मा ने किया।

## ग्रीष्मकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में यांत्रिकी विभाग ने जीता पहला मैच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश में एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में वाराणसी मंडल क्रीड़ा स्थल में चल रही अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज पहला क्वार्टर फाइनल मैच इंजीनियरिंग और यांत्रिक विभाग के बीच तथा दूसरा मैच परिचालन और चिकित्सा विभाग के बीच खेला गया। इंजीनियरिंग विभाग ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 182 रन बनाए। इंजीनियरिंग की तरफ से विजय ने 27 बॉल पर छह चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन, सुभाष ने 26 बॉल पर पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 44 रन, अखिलेश ने 9 बॉल पर तीन चौके और तीन छक्के की मदद से 28 रन और ऋषभ ने 26 बॉल पर तीन चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाए। यांत्रिक विभाग की तरफ से विशाल ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट, रोहित ने चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए ऋषभ और सुजीत को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यांत्रिक विभाग की टीम ने प्रशांत श्रीवास्तव और रोहित सिंह की शानदार बैटिंग से 19.3 ओवर में 8 विकेट पर 183 रन बनाकर दो विकेट से मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। प्रशांत ने 37 बॉल पर छह चौके और तीन छक्के की मदद से 67 रन और रोहित ने 23 बाल पर दो चौके और दो छक्के की मदद से 42 रन बनाए इसके अतिरिक्त कृष ने 16, ऋषभ ने 13 और कमलेश ने 7 रन बनाए। इंजीनियरिंग की तरफ से विजय ने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट अश्वनी ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए अखिलेश और सुभाष को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। यांत्रिक के रोहित सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्वोत्तर रेलवे के क्रिकेट खिलाड़ी श्री सुजीत कुमार यादव के द्वारा दिया गया।अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन ट्-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दूसरा मैच परिचालन और चिकित्सा विभाग के बीच में खेला गया। परिचालन विभाग ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 303 रन बनाए। परिचालन की तरफ से आशीष सिंह ने 33 बॉल पर छह चौके और 13 छक्के की मदद से 112 रन, अनुराग फिलिप्स ने 44 बॉल पर 15 चौके और 6 छक्के की मदद से 100 रन, रामप्रवेश ने 17 बॉल पर चार चौके और दो छक्के की मदद से 32 रन और मनीष ने 24 बॉल पर छह चौके की मदद से 33 रन बनाए। चिकित्सा विभाग की तरफ से संजय, अमित और रामभुवन ने एक-एक विकेट लिया।

## बांके बिहारी क्षेत्र में दुकान और फ्लैट के लिए नई आवंटन नीति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मथुरा । श्रीबांके बिहारी मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया गया है।मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट एवं हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य सचिव चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में गठित कमेटी की 14वीं बैठक में दुकानों और फ्लैटों के आवंटन के लिए 'पहले आओ पहले पाओ' का सिद्धांत लागू करने पर सहमति बनी है।कमेटी के अध्यक्ष एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जो भी व्यक्ति अपनी दुकान या भवन का बैनामा ठाकुर बांके बिहारी महाराज के नाम पहले करेगा, उसे प्राथमिकता के आधार पर दुकान या फ्लैट का आवंटन किया जाएगा।प्रशासन के अनुसार मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भूमि क्रय की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। इस योजना का उद्देश्य क्षेत्र में आधुनिक जन सुविधाओं का विकास करना है, जिससे श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन मिल सकें तथा भीड़ का दबाव कम हो सके।योजना के तहत प्रभावित दुकानदारों और निवासियों के पुनर्वास की भी व्यवस्था की गई है। दुकानदारों को बदले में दुकान उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि निवासियों को मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा सुनरख और रुक्मणी विहार क्षेत्र में फ्लैट दिए जा रहे हैं। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि सभी प्रभावितों को उचित मुआवजा दिया जा रहा है।मंदिर क्षेत्र के विकास के अंतर्गत चौड़े प्रवेश और निकास मार्ग, बैठने की बेहतर व्यवस्था, पेयजल सुविधा और भीड़ नियंत्रण के आधुनिक उपाय शामिल किए जा रहे हैं। इससे न केवल श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे।

## व्हीकल सेंटर परिसर में खड़ी स्क्रैप गाड़ियों में लगी आग, भारी नुकसान

**फिरोजाबाद,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । थाना दक्षिण क्षेत्र अन्तर्गत व्हीकल सेंटर में मंगलवार को स्क्रैप गाड़ियों में भीषण आग लग गई। जिसकी चपेट में कई कबाड़ वाहन आ गए। फायर बिग्रेड टीम ने आग पर काबू पाया है।थाना दक्षिण क्षेत्र अन्तर्गत लालऊ रोड स्थित व्हीकल सेंटर परिसर में खड़ी स्क्रैप गाड़ियों से मंगलवार को अचानक धुआं उठना शुरू हुआ। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास खड़ी अन्य कबाड़ गाड़ियां भी धू-धू कर जलने लगीं। स्क्रैप वाहनों में मौजूद प्लास्टिक, टायर और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। यह देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को दूर हटाया और आसपास के क्षेत्र को खाली कराया ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।आग लगने का प्रारंभिक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल, फायर विभाग और पुलिस आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच कर रहे हैं। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई हालांकि, व्हीकल सेंटर में खड़ी कई स्क्रैप गाड़ियां पूरी तरह जलकर राख हो गईं, जिससे भारी आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है।इस सम्बन्ध में अग्निशमन अधिकारी दुर्गेश कुमार का कहना है कि व्हीकल सेंटर परिसर में खड़ी स्क्रैप गाड़ियों में आग लगी थी। फायर टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

## नेशनल हाइवे किनारे फैक्ट्री के पास महिला का मिला शव

**हमीरपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के एक फैक्ट्री के पास कानपुर-सागर नेशनल हाइवे किनारे मंगलवार को शाम एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। सूचना पाते ही सीओ सदर व कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। महिला के शव की अभी शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस ने घटनास्थल पर मामले की जांच के लिए फोरेसिंक टीम व फील्ड यूनिट को लगाया है।सुमेरपुर थाना क्षेत्र के जेके सीमेंट फैक्ट्री के पास कानपुर-सागर नेशनल हाइवे किनारे आज शाम एक अज्ञात महिला का शव संदिग्ध हालत में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना पाते ही सुमेरपुर थाना प्रभारी योगेश तिवारी मौके पर पहुंच गए है। सीओ सदर राजेश कमल भी घटनास्थल का निरीक्षण कर फील्ड यूनिट व फोरेसिंक टीम को जांच के लिये लगाया है।

# आदर्श रेलवे स्टेशन पर धड़ल्ले से बेची जा रहीं अधोमानक पानी की बोतलें !

- ❒ रेलवे नीर की एक ली. बोतल का अनाधिकृत वेंडर 14 के बजाय वसूल रहे 20 रुपए
- ❒ फाइव स्टार व अन्य अधोमानक पानी की बोतलों का चल रहा गोरखधंधा जिम्मेदार बने अंजान



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। आदर्श स्टेशन के रूप में विख्यात गोंडा जं क्शन पर इन दिनों अधोमानक पानी की बिक्री ध ड़ल्ले से की जा रही है,जबकि रेलवे के उच्चाधिका रियों द्वारा सख्त निर्देश है कि स्टेशन और गाड़ियों में किसी भी दशा में अधोमानक पानी की बिक्री न होने पाए।उच्च अधिकारियों के इस फरमान के बा द भी गोंडा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने के पहले

आउटर सरदार पटेल सेवा संस्थान पर ही ट्रेन की गति धीमी होते ही अवैध वेंडर दर्जनों की संख्या में ट्रेनो में सवार हो जाते हैं और और खान-पान सा मग्री की ट्रेन के अंदर ऊंचे दामों में बिक्री करते हैं, इससे ट्रेनों में जहर खुरानी और चोरी की घटनाएं बढ़ रही है।यही नहीं लखनऊ-गोंडा रेल मार्ग कचे हरी रेलवे स्टेशन के ट्रेन की धीमी गति होते ही ट्रेन में अवैध वेंडर सवार हो जाते हैं और ऊंची दामों में खानपान सामग्री बेचते हैं।वही गोंडा रेलवे स्टेशन पर पानी की बिक्री पर रोक लगा पाना रेलवे के अधिकारियों के समक्ष एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है।अनाधिकृत वेंडर अधोमानक पानी महंगे दामों में स्टेशन पर धड़ल्ले से बेच रहे हैं।यह स्थिति रेलवे के आंकड़ों से ही आसानी से देखी जा सक ता है।लखनऊ-गोरखपुर के बीच स्थित पूर्वोत्तर रे लवे के आदर्श गोंडा जंक्शन पर खुलेआम अधिक दामों पर खाद्य पदार्थ और अधोमानक पानी की बोतलें बेची जा रही हैं। यहां रेलवे नीर की एक लीटर की बोतल 14 के बजाय 20 रुपए में बेची जा रही है। इतना ही नहीं,नियम को दरकिनार कर फाइव स्टार व अन्य कंपनियों की अधोमानक पानी की बोतलें यात्रियों को 20 रुपए में खुलेआम बेची जा रही हैं,जिन्हें कोई रो कने टोकने वाला नहीं है।बुधवार को अपराह्न जब आम्रपाली एक्स प्रेस ट्रेन गोण्डा जंक्शन पर रूकी तो अधिकृत व अनधिकृत वेंडर दौड़ पड़े।एक यात्री ने पानी की बोतल मांगी तो एक युवक से वेंडर ने रेलवे नीर की एक लीटर की बोतल के बदले 20 रुपए ले लिया।यात्री रमेश ने बताया कि उसने वेंड र से रेल नीर की बोतल ली,जिस पर उसने 14 के बजाय जबरन 20 रुपए ले लिया।एक यात्री ने ब ताया कि उससे कोल्डड्रिंक का दस रुपए ज्यादा लिया गया।उसने बताया कि जब इस बारे में वेंडर से पूछा तो उसने कहा कि अतिरिक्त दस रुपये कोल्ड ड्रिंक को ठंडा करने के ले रहे हैं।इसी स्टेशन पर रेल नीर की एक लीटर की बोतल 14 की बजा य 20 रुपये में बेचे जाने की शिकायत पिछले दि नों 'एक्स' (ट्विटर) के जरिए की जा चुकी है।गोंडा जंक्शन पर चाय की भी अतिरिक्त कीमत लिए जा ने की शिकायत है।हद तो यह है कि पिछले दिनों रेल नीर की एक लीटर पानी की बोतल का दाम 14 की बजाय 20 रुपए मनबढ़ और बेलगाम अ धिकृत तथा अनधिकृत वेंडर यात्रियों से हाथापाई कर लिए जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, लेकिन रेलवे व आरपीएफ के जिम्मे दार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी।हालांकि जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि लगातार ट्रेनों में अभियान चलाकर चेकिंग औ र छापेमारी की जा रही है,जिसमें अलग-अलग ति थियों में सैकड़ों बोतल अधोमानक पानी बरामद किया जा चुका है।चेकिंग और छापेमारी के बावजू द भी अधोमानक पानी की बिक्री पर अंकुश लगा ने में रेलवे की टीम नाकाम साबित हो रही है।

### आउटर अनाधिकृत वेंडरों को विभागीय संरक्षण

रेलवे अधिकारियों की सख्ती के बावजूद खुलेआ म स्टेशन पर अधोमानक पानी की बिक्री नियम कानून को धता बताकर की जा रही है।यही नहीं, गत माह रेलवे के उच्च अधिकारियों की तरफ से विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश जारी कि ए गए थे।डीसीआई से लेकर कई अधिकारियों को इस टीम में शामिल किया गया था।टीम को गाड़ि यां भी आवंटित की गई थीं।इसके बाद भी ट्रेनों में चेकिंग होती रही और अधोमानक पानी बेचने वा ले बिक्री करते रहे।अनाधिकृत वेंडरों की सक्रियता के चलते अब रेलवे अफसरों के भी हौसले पस्त होते दिखाई पड़ रहे हैं।इसका कारण यह भी बता या जा रहा है कि बार–बार छापेमारी के दौरान पक ड़े जाने के बावजूद भी अनाधिकृत वेंडर उसी मनो बल के साथ इस कार्य में लिप्त देखे जा रहे हैं,जान कारों की मानें तो अनाधिकृत वेंडरों को कुछ विभा गीय लोगों का संरक्षण प्राप्त है,वही रेल आरपीएफ और कमर्शियल विभाग कुंभकर्णी के नींद में सोया हुआ है।

## आईजी अमित पाठक ने परसपुर थाने का किया औचक निरीक्षण



गोंडा। पुलिस महानिरीक्षक,देवीपाटन परिक्षेत्र अमि त पाठक द्वारा थाना परसपुर का आकस्मिक निरी क्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान थाना कार्याल य के अभिलेखों,जनसुनवाई रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर तथा मिशन शक्ति केन्द्र आदि को चे क किया गया। पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा अभिलेखों के अद्यतन एवं सुव्यवस्थित संधारण प र विशेष बल दिया गया तथा जनसुनवाई से संबंधि त प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकर ण के दृष्टिगत महिला हेल्प डेस्क के प्रभावी संचा लन तथा पीड़ित महिलाओं के साथ संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारि यों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंत र्गत जनजागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।

## सर्राफा व्यवसायी गोलीकांड के तीन दिन बाद भी खुलासा नहीं,पुलिस की टीमों को छूट रहा पसीना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले के छपिया थाना क्षेत्र में रविवार देर रात सर्राफा व्यवसायी समर कसौधन को गोली मारने की घटना के 36 घंटे बाद भी पुलिस मामले का खु लासा नहीं कर पाई है। यह घटना फूलपुर चौराहे से करीब सौ मीटर पहले हुई थी।मामले के खुलासे के लिए छपिया थाने सहित कुल पांच पुलिस टीमें गठित की गई हैं।इन टीमों ने सिसईरानी स्थित स र्राफा व्यवसायी की दुकान से लेकर फूलपुर चौराहे तक लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगा ली है।

कुछ सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति आ ते-जाते दिखाई दिए हैं, जिनकी पहचान और तला श की जा रही है।पुलिस की सर्विलांस सेल भी स क्रिय है और घटना के समय क्षेत्र में सक्रिय मोबाइ ल नंबरों की जांच कर रही है।इस बीच,घायल सर्रा फा व्यवसायी समर कसौधन को बेहतर इलाज औ र हाथ की सर्जरी के लिए अयोध्या मेडिकल कॉले ज से लखनऊ केजीएमसी रेफर कर दिया गया है।उनका इलाज और सर्जरी लखनऊ में जारी है।यह घटना रविवार देर रात उस समय हुई जब अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने लूट के प्रयास में असफ ल होने पर समर कसौधन को गोली मार दी।गोली उनके बाएं हाथ में लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

घटना के बाद सर्राफा व्यवसायी के घर पर भी पुलिस बल तैनात किया गया है और परिजनों पर भी नजर रखी जा रही है। छपिया था नाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि समर कसौधन की हालत स्थिर है और उनकी लखनऊ में हाथ की सर्जरी की जा रही है।उन्होंने यह भी बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध दिखे हैं, जि नकी तलाश की जा रही है।पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करने का दावा किया है।हालांकि,पीड़ि त के बयानों में विरोधाभास भी सामने आ रहा है।

## लगातार अपराध कर बदमाश दे रहे पुलिस को चुनौती, हत्या व लूट की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। पुलिस की तमाम प्रयास के बाद भी अपराध कम नहीं हो रहे हैं।लूट, हत्या और चोरी की घटना एं लगातार सामने आ रही हैं।इसको लेकर लोगों में दहशत है। बदमाश पुलिस को खुली चुनौती देकर अब दिन-दहाड़े गंभीर आपराधिक घटनाओं को अं जाम दे रहे हैं।

एक घटना का पुलिस पर्दाफाश भी नहीं कर पाती है तब तक बदमाश दूसरी घटनाओं को अंजाम दे देते हैं।लगातार चुनौती मिलने से पु लिस अधिकारियों की बेचैनी बढ़ गई है। वहीं आम आदमी में लगातार हो रही हत्या व लूट और चोरी की घटनाओं को लेकर सुरक्षा की चिता बढ़ गई है,जिले के छपिया थाना क्षेत्र में 19 अप्रैल रविवार शाम को एक सर्राफा व्यापारी पर बदमाशों ने हम ला कर लूटपाट की कोशिश की।इस दौरान विरोध करने पर बदमाशों ने गोली चला दी।जिससे व्यापा री गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान समर कसौधन (25) के रूप में हुई है। जो बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र के बभनान वार्ड नंब र सात का रहने वाला है।बताया जा रहा है कि सम र सिसईरानीपुर में अपनी ज्वेलरी की दुकान चला ते हैं। और रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे।फूलपुर चौराहे से करीब सौ मीटर पहले न हर के पास पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उन्हें रोक लिया।बदमाशों ने पहले बंदूक के बट से उन पर हमला कर उन्हें घायल किया।फिर उनसे लूटपाट करने की कोशिश करने लगे।जब समर ने विरोध किया।तो बदमाशों ने लगातार फायरिंग शु रू कर दी।इस दौरान चली एक गोली उनके बाएं हाथ में जा लगी गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग दहशत में आ गए।वही नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक सर्राफा व्या पारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र में रॉयल हेरिटेज होटल के पास देर रात विधायक पास लगी कार सवार चार युवकों ने व्यापारी शिवम सोनी पर हमला कर दि या।पीड़ित के शोर मचाने पर विधायक पास लगी गाड़ी भी कर सवार दबंग छोड़कर के फरार हो गए हैं।पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उ सके गले से सोने की चेन भी छीन ली,हालांकि पु लिस ने चेन छिनैती की घटना से इनकार किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के बाबागंज निवासी शिवम सोनी अपने मामा राधेश्याम सोनी के यहां चोरी सिकंदरपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।वही तीसरी घटना परसपुर थाना क्षेत्र के डेहरास ग्राम पंचायत के गजराज पुरवा में सोमवार देर रात दस बजे चुनावी रंजिश को लेकर गोलीबा री की घटना सामने आई है। जहां भाजपा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह को गांव के कुछ लोगों ने आपसी कहासुनी के बाद गोली मार दी।गंभीर रूप से घायल भूपेंद्र सिंह को इलाज के लिए गोंडा से लखनऊ रेफर किया गया है।जिले में अबतक की सबसे बड़ी घटना मानी जा रही है।

## गैस लेने गए अधिवक्ता के साथ मारपीट के मामले में लाल मोहम्मद समेत आठ पर मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । गैस एजेंसी पर घरेलू सिलेंडर लेने गए अधि वक्ता चंदन तिवारी के साथ मारपीट का मामले का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,खरगूपुर नगर पंचायत सपा के पूर्व चेयरमैन लाल मोहम्मद मैनेजर चंद्र प्रकाश शुक्ला सहित आठ लोगों के खिलाफ मारपीट सहित छिनैती का मुक दमा दर्ज किया गया है।मारपीट की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जो अब शोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है,घटना 19 अप्रैल की दोपहर केजीएन भारत गैस एजेंसी पर हुई अधिव क्ता चंदन तिवारी जब सिलेंडर लेने पहुंचे,तो पहले एजेंसी मैनेजर चंद्र प्रकाश शुक्ला समेत आधा दर्ज न लोगो ने उनके साथ मारपीट की है। इस दौरान अधिवक्ता चंदन तिवारी को चोटें आईं है जिसके बाद उन्होंने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना प्राथमिक उपचार कराया।केजीएन भारत गैस एजेंसी खरगूपुर के पूर्व सपा चेयरमैन लाल मोहम्मद की है।लाल मोहम्मद का नाम खरगूपुर थाने के पूर्व गैंगस्टर रिकॉर्ड में भी दर्ज है।मारपीट का यह वीडियो अब सामने आया है, जिसमें पूरी घटना स्पष्ट रूप से दिख रही है। मारपीट की घट ना की खबर को कैनविज टाइम्स ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था,खबर को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित अधिवक्ता चंदन तिवा री की तहरीर पर खरगूपुर थाना प्रभारी को निर्दे शित किया कि मैनेजर चंद्र प्रकाश शुक्ला,एजेंसी मालिक लाल मोहम्मद और छह अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।इन पर मारपीट, गाली-गलौज रूपये छीनने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। घटना की गंभीरता को देखते हुए खरगूपुर थाने की पुलिस के द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है अधिवक्ताओं में भी नाराजगी है,खरगूपुर थाना थाना प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार और उनकी टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच का जिम्मा खरगूपुर थाने में तैनात दरोगा डोरी लाल गंगवार को सौंपा गया है। पीड़ित अधिवक्ता चंदन तिवारी ने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।प्रभारी निरी क्षक गोविंद कुमार ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूरे मामले की गहनता से जां च कर रही है।मुकदमे में एजेंसी संचालक लाल मो हम्मद मैनेजर नामजद हैं जबकि छह अन्य आरो पी अज्ञात हैं।जांच पूरी होने के बाद आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।वही अधिवक्ता चंदन तिवारी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## सीमा चौकियों पर सोलर प्लांट का उद्घाटन, जवानों को मिलेगी निर्बाध बिजली

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नानपारा, बहराइच । 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमा चौकियों पर बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। टाटा पावर सोलर सिस्टम्स लिमिटेड के सहयोग से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत 25 खडध् क्षमता के चार सोलर पावर संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

इसी क्रम में मंगलवार को सीमा चौकी चितलहवा में उप-कमांडेंट ओम प्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में एक सोलर संयंत्र का उद्घाटन किया गया।बताया गया कि संबंधित चौकी लंबे समय से नियमित विद्युत आपूर्ति से वंचित थी, जिससे जवानों को कार्य के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के प्रयासों से यह व्यवस्था संभव हो सकी है।अत्याधुनिक तकनीक से लैस इन संयंत्रों के माध्यम से दिन में पर्याप्त बिजली उत्पादन हो रहा है, जिससे प्रकाश व्यवस्था, संचार तंत्र एवं अन्य आवश्यक उपकरणों का संचालन अब सुचारू हो गया है। साथ ही डीजल जनरेटरों पर निर्भरता भी कम हुई है, जिससे आर्थिक बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है। इससे पूर्व द्वितीय कमान अधिकारी पंकज कुमार ठाकुर द्वारा सीमा चौकी लौकही एवं 51 तथा उप-कमांडेंट अमित कुमार द्वारा सीमा चौकी 42 में भी ऐसे संयंत्रों का उद्घाटन किया जा चुका है। एसएसबी द्वारा सीमा चौकियों के आधुनिकीकरण और जवानों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## मुजेहना : मनरेगा में फल–फूल रहा भ्रष्टाचार !

- ❒ एपीओ व तकनीकी सहायक की छत्रछाया बना भ्रष्टाचारियों का सहारा
- ❒ मूसापुर,सिसई भीखपुर में ऑनलाइन हाजिरी में फर्जीवाड़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। विकास खंड मुजेहना की ग्राम पंचायतों में लंबे समय से मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े का तड़ का लगाने में विख्यात एपीओ और तकनीकी सहा यक विख्यात हो चुके हैं।आम चर्चा है कि एपीओ की जिस ब्लॉक में तैनाती होती है,वहीं पर मनरेगा मजदूरों के हितों को रौंदकर उनकी फर्जी हाजिरी लगाकर बगैर काम किए ही उनकी फोटो अपलोड करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं।इससे न सि र्फ भ्रष्टाचार के तले श्रमिकों का हित कुचला जा रहा है, बल्कि बड़े पैमाने पर सरकारी धन की भी बंदरबांट की जा रही है।जिले के विकास खंड मुजे हना की ग्राम पंचायत मूसापुर,सिसई भीखपुर में

ऑनलाइन हाजिरी में फर्जी फोटो अपलोड करने का खेल चल रहा है।बानगी के तौर पर ग्राम पंचाय त सोनवार में तीस श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है लेकिन वास्तविकता के धरातल पर एक भी श्रमिक को नहीं लगाया गया है।मौके पर कार्य बंद है,किंतु एक ही कुछ लोगों को खड़ा करके एक ही फोटो दर्शाकर का मस्टर रोल अपलोड किया गया है।यह मामला ऑनलाइन पकड़ में आया है।वहीं दूसरी तरफ काम कोई और करे और फोटो किसी और की अपलोड हो रही है।महिलाओं के नाम में पुरुषों की हाजिरी वाली फोटो दर्शाई जा रही है। यह हाजिरी ऑनलाइन में रोजगार सेवक या मेट करते हैं।गांव के तमाम लोगों ने बताया कि हाजिरी में जमकर फर्जीवाड़ा हो रहा है।इस समय मुजेहना हलधरमऊ ब्लॉक क्षेत्र की सोनवार, बरवलिया कुर्मी, धोबहा राय, खानपुर, निंदूरा, नगवा कला, वीरपुर, उमरिया, मलौना, मैजापुर व नकहा बसंत ग्राम पंचायतों में नाला सफाई,सड़क पर मिट्टी पटा ई,तालाब खुदाई व समतलीकरण सहित अन्य का म चल रहा है।इसके साथ ही मनरेगा में फर्जी वा ड़ा भी चल रहा है। कहीं पर महिला व पुरुषों की हाजिरी पोर्टल पर अपलोड की गई, लेकिन पोर्टल पर बार-बार फोटो एक ही अपलोड कर कई मस्टर रोल में दिखा दिया गया है, जो कि बड़े आश्चर्य की बात है। इससे माना जाता है कि अधिकारियों ने निगरानी नहीं की है।इससे साफ जाहिर होता है कि बीडीओ, एपीओ और तकनीकी सहायक की मिलीभगत से मुजेहना ब्लॉक में बड़े स्तर पर मनरे गा योजना में लूट मची हुई है और जिम्मेदार अधि कारी मौन साधे हुए हैं।

### ब्लॉक लेखाकार के बाबू पर खेल करने का आरोप

एक ग्राम प्रधान रूप से ने नाम न छापने की शर्त पर मौखिक रूप से बताया कि ब्लॉक में लेखाकार के पद पर तैनात बाबू ब्लॉक में वर्षों से तैनात एक बाबू बहुत बड़ा खिलाड़ी है।आरोप है कि वह जांच से संबंधित फाइलों को दबाने,लीपापोती कराने औ र सेटिंग–गेटिंग कराने तक के खेल में मुख्य भूमि का निभाता है।इतना ही नहीं,जो ग्राम प्रधान उस की निगाह में आ जाते हैं।उनकी कमियां बताकर उनकी ग्राम पंचायत में कराए जा रहे कार्यों की वा स्तविकता देखने के लिए भेज देता है।चौंकाने वा ली बात तो यह है कि बाद में यही बाबू प्रधान पर दबाव बनाकर सेटिंग भी कराता है।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का हुआ शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। अखिल विश्व गायत्री परिवार (शांतिकुंज हरिद्वार)के तत्वावधान में देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज (रामपुर-रुपईडीहा)परिसर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ पावन प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा निकाल कर वैदिक विधि विधान से पूजन अर्चन कर किया गया। पीत वस्त्र धारी सैकड़ो महिलाओं व पुरुषों ने विद्यालय परिसर से गायत्री परिवार के सामाजिक जन चेतना का उदघोष करते हुए गणेशपुर ग्राम स्थित शिवालय में पहुच कर पूजन अर्चन किया और आयोजित पांच दिवसीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा के विघ्न बाधा रहित सफलता के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार से सम्बद्ध गायत्री शक्तिपीठ सुरैहिया बाबागंज के तत्वावधान में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा उदघाटन अवसर पर बोलते हुए गायत्री परिजन शिक्षाविद कौशल किशोर ने कहा कि युग प्रवर्तक वेद मूर्ति, तपोनिष्ठ पंडित श्री राम शर्मा आचार्य ने समाज में व्याप्त कुरीतियों जातिगद व भाषाई भेदभाव को जड़ मूल से नष्ट करने के लिए गायत्री परिवार का गठन किया था जिसकी शाखाएँ पूरे विश्व मे है और समाज मे प्रभावी कार्य कर रही है ।विद्यालय प्रबंधक अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि आयोजित गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा में क्षेत्रीय सैकड़ो लोगो का समागम होगा और शांतिकुंज हरिद्वार के प्रशिक्षित गायत्री परिजनों द्वारा संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा तथा विभिन्न धार्मिक संस्कार भी सम्पन्न कराए जाएंगे कार्यक्रम पांच दिवसीय आयोजित किया गया है।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्रामीण स्वरोजगार सृजन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट प्रबंधक रीत कुमारी ने बताया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा युवा किसान को कृषि आधारित रोजगार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है इसके लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है।प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार के संसाधन भी उपलब्ध कराया जाएगा कार्यक्रम का संचालन जगत राम वर्मातथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार के माध्यम से सनातन समाज को मजबूत एवं शसक्त बनाने का प्रभावी कार्य किया जा रहा है हम सबको बढ़ चढ़कर इसमें सहभाग करना चाहिए तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे बहु आयामी कार्यक्रमों में सहभागिता करना चाहिए ताकि शसक्त समाज का निर्माण संभव हो सके।आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गायत्री परिजन स्वामी दयाल, सीताराम वर्मा, जी0एल0वर्मा, श्रीमती छाया सिंह, संगीता देवी, पुष्पा पटेल ,शिक्षा विद बाबूराम वर्मा,अशोक कुमार, किसान परिषद संयोजक शिव पूजन सिंह, दुर्गेश वर्मा, शिक्षाशास्त्री राजीव श्रीवास्तव, प्रवक्ता वरुण श्रीवास्तव,डॉ रवि श्रीवास्तव, कृषि विभाग कर्मी राम अवतार, राजेश कुमार ,सुरेश कुमार समेत सैकड़ो गायत्री परिजन प्रगतिशील किसान, समाज सेवी व पर्यावरण विद उपस्थित रहे।समापन अवसर पर गायत्री परिवार की विचारधारा से जन जन को जोड़ने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

## शिक्षक के खाते से साइबर ठगों ने दस हजार रुपया उड़ाया

अमेठी । थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई के प्रभारी प्रधानाध्यापक के खाते से साइबर ठगों द्वारा छह बार में दस हजार रुपया निकाल लिया गया है।पीड़ित ने सम्बंधित बैंक और साइबर सेल में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार नाथ पाण्डेय का सैलरी खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा अहोरवा भवानी में संचालित है। बीस अप्रैल को सायं करीब साढ़े चार बजे ग्राहक के मोबाइल पर आधार प्रमाणीकरण का संदेश आता है इसके तुरंत बाद यूपी आई लाइट पर एम पिन बनाया जाता है। इस बीच ग्राहक मैसेज देखते ही तत्काल एसबीआई के कस्टमर केयर को काल करके खाते के सभी तरह के संचालन पर रोक लगाने का अनुरोध करता है। कस्टमर केयर से बात करने के दौरान ही साइबर ठगों ने शातिरना तरीके से एक एक हजार रूपये पांच बार एवं पांच हजार रूपये यूपीआई खाते में ट्रांसफर कर दी। ग्राहक की सर्तकता के चलते मात्र दस हजार का ही नुकसान हुआ अन्यथा पूरा खाता खाली करने में जलसाज देर नही लगाते।

## नवीन शैक्षिक सत्र के बीस दिन बीतने के बावजूद प्रेरणा पोर्टल पर नामांकन संख्या शून्य

तिलोई अमेठी । नवीन शैक्षिक सत्र के बीस दिन बीतने के बावजूद पैंतालिस स्कूलों द्वारा प्रेरणा पोर्टल पर नवीन नामांकन संख्या शून्य है जिस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी ने इन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी करते हुये नामांकन बढ़ोत्तरी का निर्देश दिया है।बीईओ की सख्ती से बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मची हुई है। जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर स्कूलों में नामांकन बढ़ाने का निर्देश जारी किया गया और सिंहपुर विकास क्षेत्र की न्याय पंचायतों में खण्ड शिक्षा अधिकारी की अगुवाई में स्कूल चलो अभियान रैली निकालकर आम जनमानस को जागरुक किया गया लेकिन इसका अनुपालन होता नजर नही आ रहा है।बताते चलें कि नवीन शैक्षिक सत्र के बीस दिन बीतने के बावजूद प्राथमिक विद्यालय एरी,आजादपुर, बसंतपुर, चौनापुर, भवानीपुर, चिलौली प्रथम एवं द्वितीय, डांगी बरवलिया, गढ़ी महाबल, कैथागांव, इन्हौना प्रथम, खरगपुर, खरांवा, मोतीगंज, पन्हौना प्रथम, पेंडरिया, पूरे हिरई, पूरे जोरई, पूरे मिश्रन, पूरे मोहनलाल, पूरे पवार, पूरे त्रिवेदी, राजापुर, सरैया सलारपुर, शेखनगांव, रस्तामऊ, सातनपुरवा, यूसुफ नगर के साथ ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय उसरहा, पूरे शुकलन, अंगुरी, भीखीपुर, शेखनगांव, रस्तामऊ एवं कम्पोजिट विद्यालय लौली, खानापुर,मेहमानपुर, बहुआ एवं जीआईसी इन्हौना के साथ ही राम नाथ विद्यालय चिलौली, ईश्वर शरण विद्यालय मत्तेपुर द्वारा बीस अप्रैल तक प्रेरणा पोर्टल पर शून्य नामांकन दर्शाया जा रहा है। नवीन शैक्षिक सत्र के बीस दिन बीतने के बावजूद नामांकन संख्या शून्य होने पर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने नाराजगी जताई है। सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के पैंतालिस विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी कर जबाब मांगा गया है ।

# पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया वार्ड 7 में सीसी सड़क का लोकार्पण, वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान


कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने शहर के वार्ड नम्बर 7 में बाबूराम शर्मा के मकान से माधोटांडा रोड तक बनी नई सीसी सड़क का मंगलवार को लोकार्पण किया। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी इस सड़क को लेकर स्थानीय नागरिक लगातार मांग कर रहे थे। लोगों की परेशानी को देखते हुए नगर पालिका ने इस मार्ग के निर्माण को प्राथमिकता दी और अब इसके बन जाने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है।बताया जाता है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, विशेषकर बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते थे। सीसी सड़क बनने से अब आवागमन सुगम हो गया है और जलभराव की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है।लोकार्पण के दौरान डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में विकास कार्य कराना उनकी प्राथमिकता है और नागरिकों को बेहतर सड़क, जल निकासी व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाएगा।इस अवसर पर सभासद सुनीता सिंह, निर्मल सिंह 'टीटू', राजेन्द्र भारती, अबसार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने सड़क निर्माण के लिए नगर पालिका का आभार जताते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# डीएम ने गांधी स्टेडियम में निर्माणाधीन हॉकी के एस्टोटर्फ खेल मैदान का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मंगलवार को गांधी स्टेडियम में निर्माणाधीन हॉकी के एस्टोटर्फ खेल मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अन्य खेल अवस्थापना सुविधाओं को भी देखा। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी राजेश चैधरी, कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता उमेश दुबे, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल महेंद्रु, सुमित पटेल, दीपक सरकार, जगदीश सक्सेना मौजूद रहे। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने निरीक्षण के दौरान स्टेडियम में कौन-कौन सी खेल सुविधाएं दी जा रही है इसकी जानकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह से ली। जिलाधिकारी ने गांधी स्टेडियम में पुराना एथलेटिक्स ट्रैक को उत्तर दक्षिण दिशा में बनाए जाने के निर्देश दिए गए। जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने बताया बीच में फुटबॉल का मैदान बनाया जाएगा और उसी के निकट क्रिकेट खेल के लिए क्रिकेट मैदान तैयार किया जाएगा। खेल मैदान के चारों ओर वाकिंग ट्रेक बनाया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में सभी स्थापना सुविधाएं तैयार कर ली जाएगी, जिससे खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा और जिले के खिलाड़ी खेलों में अपना प्रदर्शन बेहतर कर सकेंगे। पैदल टहलने वालों को भी दिक्कत नहीं होगी खिलाड़ी भी खेल मैदान में खेल सकेंगे।

# विधायक के कथित बयान से समाजवादियों में रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। परशुराम जयंती कार्यक्रम में दिए गए कथित बयान को लेकर जिले की राजनीति गरमा गई है। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने सीओ सदर सौरभ सामंत को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद व अधिवक्ता अशोक विसेन के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कादीपुर के भाजपा विधायक राजेश गौतम के बयान से सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो रहा है। मंच से एक विशेष समुदाय के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाते हुए सपाइयों ने कहा कि इससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन रहा है।सपाइयों ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में शहजाद अहमद, अशोक सिंह बिसेन, पवन यादव, राजदेव निषाद, ज़रताब रज़ा सुल्तान खान मोनू, सुरेश कुमार गौतम, अल्ताफ अहमद शानू, राकेश वर्मा, नदीम सिद्दीकी, सुभाष यादव, शाकिम अब्बास, सत्यम पाण्डेय, सईद अहमद, महफूज अहमद, सुग्रीव निषाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# उमस भरी गर्मी व हीटवेव को देखते हुए बीएसए रौशनी सिंह ने विद्यालयों के समय में किया परिवर्तन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित परिषदीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। यह निर्णय शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या शि0नि0 (बे0)/3388-3375/2026-27 दिनांक 20.04.2026 के क्रम में लिया गया है।

प्रदेश में बढ़ती गर्मी एवं हीटवेव को ध्यान में रखते हुए जनपद पीलीभीत के समस्त परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक तथा मान्यता प्राप्त विद्यालय प्रातः 7:30 बजे से अपरान्ह 1:30 बजे तक संचालित किए जाएंगे। पठन-पाठन हेतु छात्र-छात्राएं प्रातः 7:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। प्रार्थना सभा/योगाभ्यास प्रातः 7:30 बजे से 7:40 बजे तक तथा मध्यावकाश प्रातः 10:00 बजे से 10:15 बजे तक



निर्धारित किया गया है। साथ ही शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रातः 7:30 बजे से अपरान्ह 1:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर शैक्षणिक, प्रशासकीय एवं अन्य कार्य संपादित करेंगे।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह द्वारा जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि उक्त आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## अमेठी की नवागंतुक सीडीओ पूजा साहू ने कार्यभार ग्रहण किया

अमेठी । जनपद की नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू (आईएएस) ने मंगलवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण किया गया।कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने जनपद में संचालित विकासपरक एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। बताते चलें कि पूजा साहू वर्ष 2022 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं तथा इससे पूर्व संयुक्त मजिस्ट्रेट चित्रकूट के पद पर कार्यरत रही हैं। अपने पूर्व दायित्वों के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों के कुशल संचालन एवं जनहित से जुड़े विषयों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।कार्यभार ग्रहण करने के बाद मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय जिससे जनपद के समग्र विकास को गति मिल सके।

# स्टाक एवं बिक्री रजिस्टर अधूरे मिलने पर तीन उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान के तहत प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर में अनियमितताएं पाए जाने पर तीन उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए हैं। यह कार्यवाही संयुक्त कृषि निदेशक, अयोध्या मंडल अवतीन्द्र कुमार मिश्र एवं जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से की गई। अधिकारियों ने उर्वरक दुकानों और गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स यदुवंशी ट्रेडर्स, पूरबगांव द्वारा स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया जा सका। वहीं मेसर्स तिवारी ट्रेडर्स, गौरीगंज के पास चालू वर्ष का स्टॉक व बिक्री रजिस्टर उपलब्ध नहीं



पाया गया। इसके अलावा इफको किसान सेवा केंद्र, गौरीगंज का स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर सत्यापित नहीं मिला। इन गंभीर अनियमितताओं के चलते तीनों विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया गया है। इसके अतिरिक्त साधन सहकारी समिति, जगदीशपुर एवं माधवपुर के निरीक्षण के दौरान केंद्र बंद पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने जनपद के सभी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे बिक्री रजिस्टर में निर्धारित कॉलम के साथ-साथ किसान का मोबाइल नंबर, खतौनी नंबर और फार्मर रजिस्ट्री नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। निर्देशों का पालन न करने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों को उनकी बोई गई फसल के अनुसार निर्धारित दर पर ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। प्रति हेक्टेयर अधिकतम पांच बोरी डीएपी और सात बोरी यूरिया की बिक्री ही अनुमन्य होगी। सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि उनके पास स्टॉक व बिक्री रजिस्टर, रेट बोर्ड, कैश मेमो तथा भारत सरकार की अनुदान संबंधी जानकारी का प्रदर्शन (प्लेक्सी बोर्ड/वाल राइटिंग) अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो। साथ ही पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक और भौतिक स्टॉक में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित विक्रेता का लाइसेंस निरस्त कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा।

## हरे भरे वृक्षों को अवैध रूप से काटकर पर्यावरण को पहुंचाया नुकसान संतराम ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद पीलीभीत में पीलीभीतऽपूरनपुर हाईवे एवं अन्य प्रमुख सड़कों के किनारे प्लाटिंग माफियाओं द्वारा रातों-रात हरे-भरे वृक्षों को अवैध रूप से काटकर पर्यावरण को पहुँचाई जा रही क्षति के जनपद पीलीभीत के पूरनपुर क्षेत्र में हो रही गंभीर पर्यावरणीय अनियमितता की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ।पीलीभीतऽपूरनपुरऽखुटार हाईवे, पूरनपुरऽबंडा हाईवे, पूरनपुरऽमाधोटांडा, पूरनपुरऽकलीनगर तथा अन्य प्रमुख सड़कों के दोनों ओर प्लाटिंग माफियाओं द्वारा रातों-रात सैकड़ों हरे-भरे वृक्षों को अवैध रूप से काट दिया गया है। वृक्षों को काटने के तत्काल बाद उन स्थलों पर अवैध प्लाटिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।विदित हो कि पूर्व सांसद वरुण गांधी एवं पूर्व मंत्री मेनका गांधी के प्रयासों से इस क्षेत्र में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कराया गया था, जिससे पर्यावरण संतुलन बना हुआ था। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा भी वृक्षारोपण कार्य कराया जाता रहा है। किंतु वर्तमान में भूमाफियाओं द्वारा उन वृक्षों को नष्ट कर दिया गया है, जिससे पर्यावरण को भारी क्षति पहुँच रही है। यह कृत्य न केवल हरित आवरण को कम कर रहा है, बल्कि जलवायु परिवर्तन, भू-कटाव और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। साथ ही सरकार के राजस्व को भी क्षति पहुँचाई जा रही है। जनहित को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही करने की कृपा करें।उक्त स्थलों की तत्काल जाँच कराकर दोषी प्लाटिंग माफियाओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।अवैध प्लाटिंग पर तत्काल रोक लगाकर संबंधित भूमि को पुनः हरित क्षेत्र घोषित किया जाए।काटे गए वृक्षों के स्थान पर दोगुने वृक्षारोपण का अभियान चलाया जाए एवं उसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।भविष्य में सड़क किनारे वृक्षों की सुरक्षा हेतु संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाए उक्त जानकारी संतराम विश्वकर्मा प्रदेश सचिव ओबीसी महासभा एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने दी है।

## मैनाकोट में आयोजित हुई बाल कल्याण की बैठक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड की ग्राम मैनाकोट के प्रधान प्रतिनिधि ओमपाल की अध्यक्षता में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला कल्याण विभाग से कर्मा राव द्वारा समिति के सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं बताया गया कि समिति के माध्यम से जनपद के जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से अवगत कराना एवं लाभान्वित किये जाने का कार्य करना है इसी क्रम में विभागीय योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, उ0प्र0 कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सखी वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी दी गई साथ ही *कर्मा राव* द्वारा 1098,1090,112,181, 102, एवम 1076 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह के दुष्परिणाम बताये गए महिला कल्याण विभाग से *कर्मा राव और प्रतुल सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, विद्यालय से प्रधानाचार्य,सहायिका,आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आशा कार्यकत्री उपस्थित रहे।

## 375 किलोमीटर पदयात्रा कर वृंदावन-बरसाना से लौटे विचित्र सिंह, सिरसा चौराहे पर भव्य स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई निवासी विचित्र सिंह ने धार्मिक आस्था का अनूठा उदाहरण पेश किया। उन्होंने 29 मार्च को पैदल यात्रा शुरू कर श्री वृंदावन धाम और श्री बरसाना धाम तक कुल 375 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी की। 20 दिनों की कठिन यात्रा के बाद शनिवार सुबह लगभग 9 बजे वह पूरनपुर पहुंचे।उनके पहुंचने की जानकारी मिलते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। पिपरिया दुलई के प्रधान राजाराम सहित दर्जनों ग्रामीण सिरसा चौराहा पहुंचे, जहां डीजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका सम्मान किया। इसके बाद डीजे बाजे और जयकारों के साथ सभी लोग जुलूस के रूप में गांव के लिए रवाना हो गए। इस दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।

## नेहरू नगर के पास सड़क दुर्घटना में तेंदुए की मौत, वन विभाग में मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील हजारा क्षेत्र के नेहरू नगर के पास हादसा सामने आया, जहां एक तेंदुआ सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से रात्रि में तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। दुर्लभ वन्यजीव को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग पहुंचने लगे।

# सुल्तानपुर को मिला नया डीएम, इंद्रजीत सिंह ने संभाला कार्यभार, भ्रष्टाचार पर सख्त रुख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले में मंगलवार को आईएएस अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने नए जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए प्रशासन की प्राथमिकताओं और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अपना स्पष्ट दृष्टिकोण रखा।

नए जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले में पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाएगा। उन्होंने पूर्व जिलाधिकारी कुमार हर्ष से मुलाकात कर उनके द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और उन्हें गति देने का आश्वासन भी दिया। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की वर्तमान स्थिति और चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की।

इंद्रजीत सिंह ने आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पोर्टल और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। साथ ही, राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों को भी गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री के निर्देशों का हवाला देते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य संस्कृति में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समय पर कार्यालय पहुंचें और जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी डीएम ने कड़ा रुख अपनाया। आरटीओ, सीडीओ और डीपीआरओ जैसे विभागों में शिकायतों के संबंध में उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जिला कोषागार में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान सीडीओ विनय कुमार सिंह, एडीएम गौरव शुक्ला, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) राजेश सिंह, सीआरओ बाबूराम, एसडीएम सदर बिपिन द्विवेदी और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र सरोज समेत कई अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## 'जांच' या औपचारिकता! अवैध निर्माण पर शिकायत के बाद बनी कमेटी पर उठे सवाल

सुलतानपुर। शहर में अवैध निर्माण, अतिक्रमण और बढ़ते जाम के खिलाफ उठी आवाज अब प्रशासनिक जांच तक पहुंच गई है, लेकिन इस जांच की निष्पक्षता पर शुरुआत से ही सवाल खड़े होने लगे हैं। अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सौंपे गए शिकायती पत्र पर एडीएम (एफआर) राकेश सिंह ने संज्ञान लेते हुए जांच कमेटी का गठन किया है, मगर इस कमेटी की संरचना ही चर्चा का विषय बन गई है।

शिकायत में साफ आरोप है कि शहर के कई इलाकों में बिना मानचित्र स्वीकृति, बिना पार्किंग और नियमों को ताक पर रखकर बहुमंजिला इमारतें और कॉम्प्लेक्स खड़े किए जा रहे हैं। नतीजा- संकरी होती सड़कें, रोज का जाम और बढ़ते हादसे। गोलाघाट से लेकर चौक घंटाघर, लखनऊ रोड से लेकर सीताकुंड तक, संदिग्ध निर्माणों की लंबी फ़ेहरिस्त प्रशासन को सौंपी गई है। लेकिन असली सवाल यहीं से शुरू होता है जिस व्यवस्था पर मिलीभगत का आरोप है, उसी व्यवस्था के जिम्मेदार लोगों को जांच की कमान सौंप दी गई है।

सम्पादकीय

## परंपरा, बाजार और बदलती पहचान

भारत की सांस्कृतिक संरचना में त्योहारों का स्थान केवल आनंद और उत्सव तक सीमित नहीं है बल्कि वे समाज की ऐतिहासिक स्मृति, आर्थिक संरचना, प्रकृति के साथ संबंध और मानवीय संवेदनाओं के गहरे ताने-बाने से जुड़े होते हैं। यहाँ त्योहार जीवन के हर पहलू को स्पर्श करते हैं- खेती, ऋतु परिवर्तन, पारिवारिक संबंध, सामूहिकता और आस्था। लेकिन वर्तमान समय में यह प्रश्न गंभीरता से उठाया जाने लगा है कि क्या हमारे पारंपरिक त्योहार अपनी मूल आत्मा से दूर हो रहे हैं? क्या उन पर एक प्रकार का 'सांस्कृतिक हमला' हो रहा है, जो धीरे-धीरे उनकी असल पहचान को बदल रहा है? सांस्कृतिक हमला शब्द भले आक्रामक प्रतीत होता हो लेकिन इसका आशय किसी एक वर्ग या समूह पर आरोप लगाना नहीं है। यह उस धीमी, सूक्ष्म और कई बार अनदेखी प्रक्रिया की ओर संकेत करता है, जिसके माध्यम से परंपराएँ अपने मूल सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ से हटकर नए अर्थ ग्रहण करने लगती हैं। यह परिवर्तन कभी स्वाभाविक होता है तो कभी सुनियोजित आर्थिक और वैचारिक प्रभावों का परिणाम भी हो सकता है। भारतीय त्योहारों की जड़ें मुख्यतः कृषि और प्रकृति से जुड़ी रही हैं। देश का अधिकांश समाज सदियों तक कृषि आधारित रहा है इसलिए फसल, मौसम और भूमि के साथ उसका गहरा रिश्ता रहा। फसल कटने की खुशी, नई बुवाई की शुरुआत, वर्षा के आगमन का स्वागत- ये सब त्योहारों के माध्यम से व्यक्त होते थे। इन उत्सवों में किसान केंद्र में होता था क्योंकि वही अन्न का उत्पादक था और वही समाज की जीवन रेखा को बनाए रखता था। ऐसे त्योहारों में आडंबर कम और सहभागिता अधिक होती थी। लोग मिलकर गाते-बजाते, सामूहिक भोज करते और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते थे। जैसे-जैसे समाज में शहरीकरण बढ़ा, औद्योगिकीकरण हुआ और बाजार की ताकतें मजबूत हुईं, त्योहारों का स्वरूप भी बदलने लगा। अब त्योहारों को केवल सांस्कृतिक या सामाजिक दृष्टि से नहीं बल्कि आर्थिक अवसर के रूप में भी देखा जाने लगा। बाजार ने त्योहारों को उपभोग से जोड़ दिया-जहाँ खरीदारी, सजावट और प्रदर्शन को प्रमुखता मिलने लगी। त्योहारों के साथ 'ऑफर', 'डिस्काउंट' और 'शुभ खरीदारी' जैसे विचार जुड़ गए, जिसने उनके मूल स्वरूप को प्रभावित किया। यह बदलाव केवल बाहरी नहीं है बल्कि मानसिकता में भी आया है। पहले त्योहारों का अर्थ था-मिलना-जुलना, आपसी साझेदारी की भावना और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना। अब कई जगहों पर यह प्रतिस्पर्धा का रूप ले चुका है- किसने कितना खर्च किया, किसने क्या खरीदा, किसका आयोजन कितना भव्य था। इस प्रक्रिया में त्योहारों की आत्मा कहीं पीछे छूटती चली गई। त्योहारों पर सांस्कृतिक हमले की चर्चा करते समय एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आता है- लोक परंपराओं का हाशिए पर जाना। भारत में हर क्षेत्र की अपनी विशिष्ट परंपराएँ रही है, जो स्थानीय जीवनशैली, भाषा और संसाधनों से जुड़ी होती थीं। लेकिन आज मीडिया और बाजार के प्रभाव में एक प्रकार की सांस्कृतिक एकरूपता देखने को मिल रही है। कुछ खास त्योहारों और उनके खास तरीकों को पूरे देश में मानक बना दिया गया है, जिससे स्थानीय विविधताएँ धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं। उदाहरण के लिए, कई ऐसे लोकपर्व जो कभी कृषि और ग्रामीण जीवन से जुड़े थे, अब शहरी और धार्मिक व्याख्याओं में बदल गए हैं। उनकी मूल भावना- जो श्रम, प्रकृति और सामूहिकता से जुड़ी थी- अब पौराणिक कथाओं और बाजार-प्रेरित प्रतीकों के पीछे दबती जा रही है। इससे समाज के उस वर्ग की भूमिका कम होती जा रही है, जो वास्तव में इन त्योहारों की आत्मा रहा है- यानी किसान और श्रमिक। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि हर बदलाव को नकारात्मक दृष्टि से देखना उचित नहीं होगा। संस्कृति का स्वभाव ही परिवर्तनशील होता है।

# विकास की अंधी दौड़ या विनाश का काउंटडाउन

विश्व पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) पर विशेष

योगेश कुमार गोयल

**धरती के बढ़ते तापमान का प्रभाव अब केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह मानव अस्तित्व के लिए भी चुनौती बन चुका है। ध्रुवीय क्षेत्रों में तेजी से पिघलती बर्फ समुद्र के जलस्तर को बढ़ा रही है, जिससे विश्व के कई तटीय शहरों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। आने वाले दशकों में तापमान में संभावित 4-5 डिग्री की वृद्धि न केवल जंगलों में आग की घटनाओं को बढ़ाएगी बल्कि विशाल भूभाग को सूखे और मरुस्थलीकरण की ओर धकेल देगी। यह परिदृश्य कोई भविष्यवाणी नहीं बल्कि वर्तमान संकेतों का तार्किक विस्तार है। इस संकट के मूल में केवल औद्योगिक गतिविधियां ही नहीं, अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि और उपभोगवादी जीवनशैली भी प्रमुख कारण हैं। बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं ने प्राकृतिक संसाधनों पर असहनीय दबाव डाला है। पृथ्वी का क्षेत्रफल सीमित है लेकिन मानव की इच्छाएं असीमित। यही असंतुलन आज वैश्विक पर्यावरणीय संकट का मूल कारण बन चुका है। प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग की चेतावनी कि यदि यही प्रवृत्ति जारी रही तो पृथ्वी भविष्य में 'आग का गोला' बन सकती है, केवल एक वैज्ञानिक टिप्पणी नहीं बल्कि गंभीर भविष्यसूचक संकेत है।**

धरती आज केवल गर्म नहीं हो रही, वह मानो भीतर ही भीतर धधक रही है और यह आग प्राकृतिक नहीं, मानवीय लालसाओं की उपज है। हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला 'विश्व पृथ्वी दिवस' मानव सभ्यता के सामने खड़े उस गहन संकट की चेतावनी है, जिसे हमने स्वयं अपने हाथों से जन्म दिया है। विडंबना यह है कि जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक मंचों (दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन) में वर्षों से चिंतन, विमर्श और संकल्पों की पुनरावृत्ति होती रही है किन्तु धरातल पर परिवर्तन नगण्य है। विकास की परिभाषा जब केवल आर्थिक वृद्धि, उपभोग और संसाधनों के अधिकतम दोहन तक सीमित हो जाए तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ना अपरिहार्य हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में प्रकृति अपने विकराल रूप के माध्यम से लगातार संकेत दे रही है कि संतुलन की सीमा लांघी जा चुकी है। कहीं भीषण सूखा, कहीं अनियंत्रित वर्षा, कहीं असामान्य ठंड और कहीं प्रचंड गर्मी, मौसम अब अनुमान का विषय नहीं रहा। उत्तरी ध्रुव के तापमान में असामान्य वृद्धि और पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ती गर्माहट इस संकट की गंभीरता को और स्पष्ट करती है। विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल-दर-साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल-दर-साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहारस्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सबकुछ नष्ट कर डालने में पलभर की देर नहीं लगेगी।

यह केवल आंकड़ों की कहानी नहीं बल्कि उस असंतुलन की सजीव अभिव्यक्ति है, जिसे हमने तथाकथित विकास के नाम पर जन्म दिया है। वनों की अंधाधुंध कटाई ने न केवल जैव विविधता को संकट में डाला है बल्कि कार्बन संतुलन को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप, वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। सवाल है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पेट्रोल और डीजल आधारित ऊर्जा स्रोतों ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर इतना बढ़ा दिया है कि पृथ्वी की तापीय संतुलन प्रणाली चरमराने लगी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है।



धरती के बढ़ते तापमान का प्रभाव अब केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह मानव अस्तित्व के लिए भी चुनौती बन चुका है। ध्रुवीय क्षेत्रों में तेजी से पिघलती बर्फ समुद्र के जलस्तर को बढ़ा रही है, जिससे विश्व के कई तटीय शहरों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। आने वाले दशकों में तापमान में संभावित 4-5 डिग्री की वृद्धि न केवल जंगलों में आग की घटनाओं को बढ़ाएगी बल्कि विशाल भूभाग को सूखे और मरुस्थलीकरण की ओर धकेल देगी। यह परिदृश्य कोई भविष्यवाणी नहीं बल्कि वर्तमान संकेतों का तार्किक विस्तार है। इस संकट के मूल में केवल औद्योगिक गतिविधियां ही नहीं, अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि और उपभोगवादी जीवनशैली भी प्रमुख कारण हैं। बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं ने प्राकृतिक संसाधनों पर असहनीय दबाव डाला है। पृथ्वी का क्षेत्रफल सीमित है लेकिन मानव की इच्छाएं असीमित। यही असंतुलन आज वैश्विक पर्यावरणीय संकट का मूल कारण बन चुका है। प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग की चेतावनी कि यदि यही प्रवृत्ति जारी रही तो पृथ्वी भविष्य में 'आग का गोला' बन सकती है, केवल एक वैज्ञानिक टिप्पणी नहीं बल्कि गंभीर भविष्यसूचक संकेत है।

अब प्रश्न यह नहीं कि संकट है या नहीं बल्कि यह है कि क्या हम इसे स्वीकार कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने को तैयार हैं? पृथ्वी दिवस हमें केवल जागरूकता का संदेश नहीं देता बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी प्रदान करता है। आवश्यकता इस बात की है कि विकास की अवधारणा को पुनर्परिभाषित किया जाए, जहां आर्थिक उन्नति के साथ पर्यावरणीय संतुलन को भी समान महत्व मिले। नवीकरणीय ऊर्जा, वनीकरण, जल संरक्षण और सतत विकास की नीतियां अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुकी हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियां हमें उस पीढ़ी के रूप में याद करेंगी, जिसने अपनी सुविधाओं के लिए पूरी पृथ्वी को संकट में डाल दिया। धरती हमारी विरासत नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों से लिया गया उधार है और इस उधार को सुरक्षित लौटाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# एक पहल और जनजागृति : बदल गई लेंसकार्ट की नीति!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत जैसे बहुसांस्कृतिक देश में कार्यस्थल विविधताओं के संगम होता है। ऐसे में जब देश की जानी-मानी आईवियर कंपनी लेंसकार्ट ड्रेस कोड को लेकर विवादों में घिरी, तो यह मुद्दा सामाजिक पहचान, धार्मिक स्वतंत्रता और कॉरपोरेट जिम्मेदारी पर व्यापक बहस का कारण बन गया, किंतु इस पूरे घटनाक्रम ने यह साबित कर दिया कि जागरूक समाज और सोशल मीडिया की ताकत किसी भी संस्था को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर सकती है।

वस्तुतः यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर कंपनी के कथित ड्रेस कोड से जुड़ा एक दस्तावेज तेजी से वायरल हुआ। इस दस्तावेज साफ समझ आ रहा था कि कुछ धार्मिक प्रतीकों जोकि इस्लाम एवं अन्य से जुड़े हैं, सिर्फ हिन्दू धर्म छोड़कर को अनुमति दी जा रही है। ऐसे में स्वभाविक है कि भारत की विविधता को देखते हुए यह मुद्दा बेहद संवेदनशील बन गया। लोगों ने इसे सांस्कृतिक असमानता के रूप में देखना शुरू कर दिया। यहीं से जनआक्रोश की शुरुआत हुई और मामला तेजी से फैलने लगा। विवाद बढ़ने पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीयूष बंसल ने सामने आकर कहा कि जो दस्तावेज वायरल हो रहा है, वह पुराना है और वर्तमान नीति को नहीं दर्शाता। हालांकि, यह सफाई लोगों के संदेह को पूरी तरह दूर नहीं कर सकी। सामाजिक कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ स्तम्भकार ने एक संदेश फिर से वायरल करके उनके दावों की एक झटके में हवा निकाल दी। जिससे विवाद और गहरा गया। इस स्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब किसी संस्था की नीतियों में स्पष्टता नहीं होती, तो भ्रम और अविश्वास तेजी से फैलता है। लगातार बढ़ते विरोध और सोशल मीडिया पर हो रही तीखी प्रतिक्रियाओं के बाद कंपनी को अपनी नीति में बदलाव करना पड़ा है। कंपनी ने नई स्टाइल गाइड जारी करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और स्वीकार किया कि यदि किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तो उसे खेद है। साथ ही यह भी कहा गया कि कंपनी भारतीय मूल्यों के साथ जुड़ी हुई है और यहां के लोगों के लिए काम करती है, इसलिए कर्मचारियों को अपनी सांस्कृतिक पहचान छोड़ने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। यह कदम इस बात का प्रमाण है कि जब जनता जागरूक होती है, तब बड़े से बड़े कॉरपोरेट को भी झुकना पड़ता है। नई ड्रेस कोड गाइडलाइन में कंपनी ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ काम कर सकते हैं। अब बिंदी, तिलक, सिंदूर, कड़ा, मंगलसूत्र, कलावा, हिजाब और पगड़ी जैसे प्रतीकों को समान रूप से अनुमति दी गई है। इसके साथ ही कंपनी ने यह भी सुनिश्चित किया कि पेशेवर वातावरण बना रहे, जिसके तहत कर्मचारियों को कंपनी की टी-शर्ट, गहरे नीले रंग की साधारण जींस और बंद जूते पहनने होंगे। छोटे आभूषण जैसे झुमके, नथ, अंगूठी और चेन भी स्वीकार्य हैं। यह नीति इस बात का संकेत है कि पेशेवरता और व्यक्तिगत पहचान के बीच संतुलन संभव है। इसके बाद भी कहना होगा कि फिलहाल सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। कई लोगों ने यह कहा कि यह बदलाव दबाव में किया गया है, इसलिए इस पर पूरी तरह भरोसा करना मुश्किल है। कुछ लोगों ने यह भी सवाल उठाया कि अगर कंपनी वास्तव में भारतीय संस्कृति का सम्मान करती है, तो पहले इस तरह की पाबंदियां क्यों लगाई गईं? यह प्रतिक्रिया इस बात को दर्शाती है कि सिर्फ नीति बदलना पर्याप्त नहीं होता, विश्वास बहाल करना भी उतना ही जरूरी है।

यह पूरा प्रकरण कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े करता है। सबसे पहले यह धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार को रेखांकित करता है, जोकि हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। दूसरा, यह कार्यस्थल पर समावेशिता यानी इन्क्लूसिविटी की आवश्यकता को दर्शाता है, जहां हर व्यक्ति अपनी पहचान के साथ सहज महसूस कर सके। तीसरा, यह ब्रांड इमेज और पारदर्शिता के महत्व को सामने लाता है। जब कोई कंपनी स्पष्ट और संवेदनशील नहीं होती, तब स्वभाविक है कि उसका प्रभाव सीधे उसके ग्राहकों के विश्वास पर पड़ता है। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह जनजागृति की शक्ति को दर्शाता है। सोशल मीडिया ने लोगों को अपनी आवाज उठाने का मंच दिया और उसी का परिणाम है कि एक बड़ी कंपनी को अपनी नीति में बदलाव करना पड़ा। यह लोकतांत्रिक समाज की एक मजबूत तस्वीर पेश करता है, जहां नागरिक आज दर्शक होने से अधिक परिवर्तन के सक्रिय भागीदार बन चुके हैं।

सेहत मंत्र

## मोटापा और डायबिटीज से छुटकारा दिलाती है भिंडी

ओकरा यानी भिंडी मधुमेह के खतरे और वजन घटाने वाले लोगों के लिए ''सुपरफूड'' के तौर पर लोकप्रिय हो रही है। यह आमतौर पर लेडीफिंगर्स के रूप में जानी जाती है। भिंडी कई स्वास्थ्य लाभों के बीच रक्त शर्करा नियंत्रण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। कई रिसर्च में यह साबित हुआ है कि भिंडी डायबिटीज में काफी फायदेमंद होती है। इसके सेवन से ब्लड शुगर काफी हद तक नियंत्रित रहता है। इसके अलावा भिंडी काफी लो कैलोरी वाली सब्जी है और इसमें फाइबर की मात्रा काफी ज्यादा है जिसके कारण यह वजन कम कर मोटापा दूर करती है। आज हम आपको इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि किस प्रकार से भिंडी मोटापा और डायबिटीज में फायदेमंद है। भिंडी में तनाव को कम करने वाले गुण पाए जाते हैं जो डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है। क्योंकि डायबिटीज के दौरान होने वाला तनाव शुगर लेवल को बढ़ाता है। भिंडी खाने से तनाव कम होता है। इसके अलावा भिंडी में मौजूद यूगेनॉल डायबिटीज से बचाने में मदद करता है। यह फाइबर रक्त में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने का काम करता है। यह अंडकोशों में शर्करा के अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा कर डायबिटीज को दूर रखने अथवा नियंत्रित करने का काम करता है। जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए भिंडी में मौजूद फाइबर से अच्छा और कोई उपाय नहीं है। भिंडी में कैलोरी की मात्रा बिलकुल भी नहीं होती , इसलिए यह वजन कम करने का अच्छा उपाय माना जाता है। भिंडी कब्ज को भी दूर करती है। यह डायटरी फाइबर का सबसे अच्छा स्रोत मानी जाती है, जो हमारी पाचन क्रिया के लिए काफी लाभकारी होती है। यह घुलनशील फाइबर शरीर में मौजूद पानी में घुल जाते हैं, जिससे हमारी पाचन क्रिया दुरुस्त हो जाती है। भिंडी में मौजूद आयरन तत्व हमारे शरीर के लिए काफी लाभकारी होते हैं। यह रक्त में हीमोग्लोबिन का निर्माण करते हैं, जिससे आप अनीमिया से बचे रहते हैं। इसके साथ ही भिंडी में मौजूद विटामिन के रक्त स्राव को रोकने में मदद करता है, जिससे किसी विकट परिस्थिति में शरीर से रक्तस्राव बहुत कम होता है।

धर्म मंत्र

## आक के पुष्पों से पूजा करने से सूर्य होते हैं प्रसन्न

रविवार सूर्य देवता की पूजा का वार है। जीवन में सुख-समृद्धि, धन-संपत्ति और शत्रुओं से सुरक्षा के लिए रविवार का व्रत सर्वश्रेष्ठ है। विद्वानों का मानना है कि रविवार का व्रत करने व कथा सुनने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मान-सम्मान, धन-यश तथा उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए भी यह व्रत किया जाता है। सूर्य पूजा में उनके पसंदीदा पुष्पों का प्रयोग करें तो भगवान भास्कर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। विष्णु पुराण के अनुसार सूर्य भगवान को यदि एक आक का फूल अर्पण कर दिया जाए तो सोने की दस अशर्फियां चढ़ाने का फल मिलता है। भगवान आदित्य को चढ़ाने योग्य कुछ फूलों का उल्लेख वीर मित्रोदय, पूजा प्रकाश में भी है। सूर्य को रात्रि में कदम्ब के फूल और मुकुर को अर्पण करना चाहिए तथा दिन में शेष अन्?य सभी फूल चढ़ाए जा सकते हैं। बेला का फूल दिन और रात दोनों समय चढ़ाया जा सकता है। कुछ फूल सूर्य आराधना में निषिद्ध हैं। ये हैं गुंजा, धतूरा, अपराजिता, भटकटैया और तगर इत्यादि। इनका प्रयोग भूल कर भी नहीं करना चाहिए। रविवार को प्रातःकाल स्नान आदि से निवृत्त हो, स्वच्छ वस्त्र धारण कर सूर्य देव का स्मरण करें। घर के ही किसी पवित्र स्थान पर भगवान सूर्य की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। एक समय भोजन करें। भोजन इत्यादि सूर्य प्रकाश रहते ही करें। अंत में कथा सुनें। इस दिन नमकीन और तेल युक्त भोजन ना करें। यदि किसी कारणवश सूर्य अस्त हो जाए और भोजन न कर पायें तो अगले दिन सूर्योदय तक वह निराहार रहे तथा फिर स्नानादि से निवृत्त होकर, सूर्य भगवान को जल देकर, उनका स्मरण करने के बाद ही भोजन ग्रहण करे।

पर्यटन



## स्मार्ट सिटी चंडीगढ़ की इन जगहों पर घूमना न करें मिस

स्मार्ट सिटी की चर्चा के बीच बात करें, तो आजादी के बाद देश का पहला नियोजित शहर है चंडीगढ़। यह शहर ऊर्जा क्षेत्र में भी देश को नई राह दिखा रहा है। यह देश का ऐसा पहला शहर होगा जिसके इस साल के आखिर तक अक्षय ऊर्जा पर निर्भर हो जाने की उम्मीद है। आज वंदना वालिया बाली के साथ चलते हैं चंडीगढ़ के सफर पर..आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का सपना था कि देश में एक ऐसा आधुनिक शहर बसाया जाए जो नए गणतंत्र की रचनात्मक क्षमता को दर्शाए। इस सपने की नींव चंडीगढ़ के रूप में 1948 में रखी गई। इसके लिए मंजूर जमीन में 24 गांव आए जिनमें एक का नाम चंडीगढ़ था। शक्ति की प्रतीक मां चंडी के दुर्ग यानी गढ़ के रूप में चंडीगढ़ शहर बसा। आज हर घुमक्कड़ की सूची में इसका नाम अनिवार्य रूप से शुमार होता है। इस शहर के साथ हरियाणा का पंचकूला तथा पंजाब का मोहाली भी जुड़ गया है, इसलिए इसे 'ट्राइसिटी' भी कहा जाने लगा है। यह एकमात्र ऐसा केंद्रशासित प्रदेश है, दो प्रदेशों पंजाब तथा हरियाणा की राजधानी भी है। ली कार्बूजिए की वास्तु संरचना इस शहर के निर्माण की जिम्मेदारी फ्रांस के मशहूर वास्तुकार ली कार्बूजिए को सौंपी गई। उन्होंने मानव शरीर की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए इस शहर का ढांचा तैयार किया, जिससे कि एक स्वस्थ व संपूर्ण शहर का अक्स उभर कर आए। शहर के फ़ेफड़ों की संज्ञा दी गई लेजर वैली को, जो कई पार्कें की श्रृंखला है। सड़कों के जाल को उन्होंने संचार व्यवस्था कहा और इंडस्ट्रियल एरिया को विसरा। करीब 44 वर्ग मील में फैले इस शहर की खूबसूरती सभी को आकर्षित करती है। शहर के हर सेक्टर की बसावट कमोबेश एक जैसी है, इसके बावजूद उनकी अपनी अलग विशेषता और पहचान है। बर्फी की तरह आयताकार वर्ग में सेक्टर बंटे हैं जहां ग्रीन बेल्ट है। ली कार्बूजिए के निधन के बाद उनके कजिन पियेरे जेनरे तथा मैक्सवेल फ्राए ने उनके काम को आगे बढ़ाया।

# चेतावनी से जिंदा समाधि तक: बाराबंकी में महंत का संग्राम, 45 दिन, मोहलत टिकी निगाहें : महंत बी.पी दास

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट में भवनियापुर श्री राम जानकी मठ, का विवाद अब एक बड़े संघर्ष का रूप ले चुका है। महंत मुकुंद पुरी का कदम अचानक नहीं था, बल्कि यह महीना पूर्व से चल रही अनदेखी और नाराजगी का परिणाम बताया जा रहा है।

पहले दी थी चेतावनी, नहीं सुना गया सूत्रों के मुताबिक, अर्सा पूर्व महंत मुकुंद पुरी ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए ल्लजिंदा समाधिङ्क लेने की चेतावनी दी थी। लेकिन आरोप है कि प्रशासन ने इस चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया – मानो कान में उंगली डालकर बैठा रहा। फिर आया वो दिन मंगलवार सुबह करीब 4 बजे महंत सचमुच ल्लजिंदा समाधिङ्क में बैठ गए। पूरे इलाके में सनसनी फैल गई संत समाज और नागा साधु बड़ी संख्या में जुट गए

प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। दबाव में आया प्रशासन घटना के बाद ही प्रशासन सक्रिय हुआ।

एसडीम और सीओ मौके पर पहुंचे, लेकिन महंत जी अपनी मांगों पर अडिग रहेः मठ की जमीन की पैमाइश और कब्जा मुक्त कार्रवाई लिखित वादे के बाद खत्म हुआ गतिरोध कई घंटों के तनाव के बाद प्रशासन को झुकना पड़ा। ''45 दिन में समाधान का स्टाम्प पेपर पर लिखित आश्वासन''

जमीन की सुरक्षा के लिए बैरिकेटिंग

इसके बाद ही महंत समाधि से बाहर आए और अनशन समाप्त हुआ। अब 45 दिन की उल्टी गिनती यह मामला फिलहाल शांत जरूर हुआ है, लेकिन खत्म नहीं।

अब असली सवाल यही हैः क्या प्रशासन इस बार चेतावनी को नजरअंदाज नहीं करेगा? क्या 45 दिन में वाकई न्याय मिलेगा? या फिर एक बार फिर हालात विस्फोटक होंगे? यह पूरा घटनाक्रम एक सिलसिलेवार चेतावनी, अनदेखी और फिर विस्फोट का उदाहरण बन गया है। अगर इस बार भी कार्रवाई में ढिलाई हुई, तो बाराबंकी में यह आंदोलन और बड़ा रूप ले सकता है। अब नजर सिर्फ उस डेडलाइन पर है, जहां प्रशासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही की असली परीक्षा होगी।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर गरजेंगे लड़ाकू विमान, 22-23 अप्रैल को वायुसेना का अभ्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। बुधवार को जनपद के अरवल कीरी करवत स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर एक बार फिर वायुसेना के लड़ाकू विमानों का रोमांचक अभ्यास होने जा रहा है। 22 व 23 अप्रैल को मध्य वायु कमान के निर्देशन में यह विशेष युद्धाभ्यास आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। करीब चार किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी को पूरी तरह वायुसेना की निगरानी में रखा गया है। सोमवार देर सायं वायुसेना के एयर कॉरिडोर अधिकारी योगेश इस्सर विशेष हेलीकॉप्टर से पहुंचकर तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। इससे पूर्व वर्ष 2019 और 2023 में भी इसी हवाई पट्टी पर वायुसेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान/सुखोई, मिराज, जगुआर, राफ़ेल सहित अन्य विमानों ने सफलतापूर्वक युद्धाभ्यास किया था। एक बार फिर इन जांबाज विमानों की गूंज से क्षेत्र का आसमान दहलेगा। सुरक्षा के कड़े इंतजाम यूपीडा के कार्यकारी अधिकारी विनीत पांडे ने बताया कि हवाई पट्टी पर शेष सभी कार्य मंगलवार सायं तक पूर्ण कर लिए जाएंगे। वहीं मध्य वायु कमान के जनसंपर्क अधिकारी अश्विनी दुबे के अनुसार, अभ्यास के दौरान सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। अभ्यास के मद्देनजर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया है।

लखनऊ से गाजीपुर जाने वाले वाहन गुप्तारगंज (किमी 124) से उतरकर अयोध्या-प्रयागराज मार्ग होते हुए कूरेभार, फिर हलियापुर-बेलवाई मार्ग से फुलौना के पास (किमी 129.8) दोबारा एक्सप्रेसवे पर चढ़ेंगे। वहीं गाजीपुर से लखनऊ जाने वाले वाहन गौरा के पास से परिवर्तित मार्ग से होकर फुलौना, बेलवाई, हलियापुर होते हुए गुप्तारगंज के पास सर्विस लेन से एक्सप्रेसवे पर पहुंचेंगे। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित डायवर्जन का पालन करें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें, ताकि वायुसेना का यह महत्वपूर्ण अभ्यास सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इस अभ्यास को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और लोग एक बार फिर आसमान में लड़ाकू विमानों की गर्जना देखने को उत्सुक हैं।

## महंत के समाधिस्ठ की चेतावनी से प्रशासन के हाथ पांव फूले स्टांप पेपर लिख कर दिया आश्वासन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के भवनियापुर स्थित श्री राम जानकी मठ की भूमि के स्वामित्व को लेकर मंगलवार को उस समय स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण हो गई, जब मठ के महंत मुकुंद पुरी ने प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में पूर्व घोषित जिंदा समाधि लेने के प्रण को पूरा करने हेतु समाधिस्थ होने की प्रक्रिया शुरू कर दी। सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया और उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह तथा क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभाला और महंत से संवाद स्थापित किया। और स्टांप पेपर पर लिखकर दिया कि समस्त आवश्यक कार्यवाही तय दिनों में की जाएगी।

### आखिर क्यों साधु हठ की नौबत आई, यह था मामला

बताया जा रहा है कि मठ की संपत्तियों को लेकर यह विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। महंत मुकुंद पुरी के अनुसार, ब्रह्मलीन महंत राजेश्वरपुरी ने वर्ष 2003 में विधिवत पंजीकृत वसीयत के माध्यम से मठ की समस्त चल-अचल संपत्तियां श्री नीलकंठेश्वर महादेव विराजमान, ग्राम हरपालपुर के नाम संरक्षक के रूप में जूना अखाड़ा को समर्पित कर दी थीं। इसके बावजूद एक व्यक्ति द्वारा अपंजीकृत वसीयत के आधार पर संपत्तियों का हस्तांतरण कराए जाने से विवाद निरंतर गहराता गया।उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में 24 अगस्त 2023 को तहसीलदार न्यायालय ने अपंजीकृत वसीयत को निरस्त करते हुए पंजीकृत वसीयत को वैध घोषित किया था और मूल खातेदार के पक्ष में निर्णय दिया था। इसके बावजूद न्यायालय के आदेश के पूर्ण अनुपालन में हो रही देरी से आक्रोशित महंत ने 21 अप्रैल को जिंदा समाधि लेने की चेतावनी दी थी।मंगलवार को जब महंत अपने निर्णय को अमल में लाने की तैयारी कर रहे थे, तभी प्रशासन सक्रिय हुआ। महंत के गुरु भाई रमाकांत (जनपद संभल) के माध्यम से वार्ता कराई गई। विस्तृत बातचीत के उपरांत प्रशासन ने लिखित आश्वासन दिया कि विवादित 10 गाटा संख्याओं में से एक गाटा की भूमि मठ के नाम दर्ज कर दी गई है, जबकि शेष नौ गाटों के संबंध में 45 दिनों के भीतर नियमानुसार कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। लिखित तौर पर प्रशासनिक आश्वासन के बाद महंत मुकुंद पुरी ने अपना निर्णय फिलहाल स्थगित कर दिया। इस मौके साधु संतो सहित स्थानीय राजस्व प्रशासन पुलिस प्रशासन सहित आम जन मानस मौजूद रहा।

## यातायात व्यवस्था में सहयोगी बने रोवर्स रेंजर्स कैडेट्स राणा प्रताप पीजी कालेज के विद्यार्थियों की हुई सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स कैडेट्स यातायात पुलिस के साथ मिलकर यातायात व्यवस्था सुधारने में लगातार सहयोग दे रहे हैं।

यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय की रेंजर प्रभारी असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ वीना सिंह ने बताया कि जनपद मुख्यालय की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पिछले हफ्ते से ही राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स टीम ट्रैफिक इंस्पेक्टर राम निरंजन के निर्देशन में लगातार काम कर रही है। रोवर्स रेंजर्स कैडेट्स ने हेलमेट जागरूकता रैली, सड़क सुरक्षा अभियान व विभिन्न चौराहों पर ट्रैफिक नियम पालन हेतु जागरूकता अभियान से जुड़कर लोगों को सुरक्षित और अनुशासित यात्रा के लिए प्रेरित किया है। रोवर्स प्रभारी असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान में रोवर्स रेंजर्स टीम का नेतृत्व मीना मौर्या कर रही हैं । टीम में सेजल,सगुन , शिवानी , शालिनी , सुशील कुमार, शोभित, रानी, नयना सिंह व सुशांत आदि शामिल हैं। मीडिया प्रभारी असिस्टेंट प्रोफ़ेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि समाजसेवा की भावना से किया गया रोवर्स रेंजर्स कैडेट्स का यह कार्य उनकी जन अनुशासन और सुरक्षित यात्रा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह, प्रबंधक एडवोकेट बालचंद्र सिंह प्राचार्य प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी व यातायात पुलिस के अधिकारियों ने इस कार्य को प्रेरक और अनुकरणीय बताया है।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर वितरित पुष्टाहार में कीड़े मिलने की शिकायत, जांच करने पहुंचे डीपीओ

**जांच में शिकायत की हुई पुष्टि, जिम्मेदारों पर कार्रवाई का आश्वासन**

**लंभुआ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मकसूदन के आंगनबाड़ी केंद्र का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लंभुआ/सुल्तानपुर। लंभुआ विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मकसूदन स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से वितरित किए गए पुष्टाहार में कीड़े मिलने की शिकायत सामने आई है। शिकायत की पुष्टि होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पुष्टाहार को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। लाभार्थी एवं भारतीय किसान यूनियन आजाद हिंद के राष्ट्रीय सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी, सुल्तानपुर से दूरभाष पर शिकायत दर्ज कराई थी कि केंद्र से वितरित दाल एवं दलिया में कीड़े पाए गए हैं। शिकायत पर सीडीपीओ प्रवीण कुमार विश्वकर्मा एवं डीपीओ शरद त्रिपाठी ने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर जांच की। जांच में शिकायत की पुष्टि हुई। डीपीओ ने केंद्र पर उपलब्ध पुष्टाहार को अपने कब्जे में लेकर सीज कर दिया। डीपीओ शरद त्रिपाठी ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि गुणवत्ता विहीन पुष्टाहार का वितरण नहीं होने दिया जाएगा।वहीं श्री सिंह ने बताया कि उनके एवं संगठन के पदाधिकारी जिला सचिव कृष्ण कुमार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सनी सिंह, सदस्य जमाल अहमद द्वारा कई ग्राम पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की गई और पुष्टाहार में खामियां पाई गईं।

### आग में गरीब की गृहस्थी खाक

सूरतगंज-बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के दुर्गा पुर नौबस्ता में गांव में मंगलवार दोपहर शरीफ अहमद के घर के पास रखे छप्पर नुमाघर में अज्ञात कारणों से आग लग गई जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप ले लिया।ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।आग से मोबाइल फोन,घरेलू सामान समेत हजारों रुपये की घर गृहस्थी जलकर खाक हो गई।

### नोएडा में लैब टेक्नीशियन सहित 6 लोगों ने की आत्महत्या, पुलिस कर रही जांच

नोएडा । नोएडा के विभिन्न जगहों पर रहने वाले एक लैब टेक्नीशियन सहित 6 लोगों ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि 21 अप्रैल को थाना सेक्टर 20 पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 30 से स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल के कैंपस में रहने वाले अवधेश कुमार पुत्र अवनीश कुमार उम्र 19 वर्ष मूल निवासी जनपद श्रावस्ती उत्तर प्रदेश ने अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक ने चार पेज का एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें उसने अपने परिजनों से माफी मांगते हुए कहा है कि वह लायक बेटा नहीं बन पाया। उन्होंने बताया कि मृतक लैब टेक्नीशियन (प्रशिक्षु )था। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वह इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना दनकौर क्षेत्र में रहने वाले रामलाल पुत्र कृष्ण उम्र 33 वर्ष ने मंगलवार को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर 113 क्षेत्र में रहने वाले दीपक पुत्र ओमप्रकाश उम्र 28 वर्ष ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर बीती रात को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र में रहने वाली सुनीता पत्नी जितेश कुमार उम्र 23 वर्ष ने अपने घर पर बीती रात को पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। वह साहबेरी गांव में रहती थी। उन्होंने बताया कि मृतका मूल रूप से जनपद संभल के रहने वाली थी। उसकी ढाई वर्ष पूर्व शादी हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में सृष्टि मुखर्जी पुत्री अमिताभ मुखर्जी ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि थाना बिसरख पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर 24 क्षेत्र में रहने वाले नीरज कुमार शर्मा पुत्र वासुदेव शर्मा उम्र 28 वर्ष ने बीती रात को मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।

### प्रधानमंत्री मोदी के संभावित वाराणसी दौरे को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने तैयारियों को परखा

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार शाम को वाराणसी पहुंचे और सर्किट हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संभावित वाराणसी दौरे की तैयारियों को परखा। सर्किट हाउस सभागार में प्रशासनिक एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बरेका परिसर में महिला सम्मेलन के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण करा लिये जाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के आवागमन की समुचित व्यवस्था के साथ ही वाहनों के पार्किंग, पेयजल आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के अलावा पूरे शहर की बेहतर स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए स्ट्रीट डॉग एवं छुट्टे पशुओं को आश्रय स्थलों में रखे जाने का निर्देश दिया। स्ट्रीट वेंडरों का भी समुचित व्यवस्थापन सुनिश्चित कराया जाये।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम सुनिश्चित कराए जाने पर विशेष जोर देते हुए रूट डाइवर्जन की बेहतर व्यवस्था कराए जाने का निर्देश दिया, ताकि आम जनमानस को कोई परेशानी न होने पाए। बैठक में प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के दौरान लोकार्पित एवं शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं के बाबत मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने रोप-वे की परियोजना के प्रगति की समीक्षा के दौरान तेजी से कार्य कराये जाने का निर्देश दिया। गंजारी में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान भी कार्य को युद्धस्तर पर कराते हुए शीघ्र पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया।

## 2017 बैच के आईएएस ईशान बने बाराबंकी के नए जिलाधिकारी, सुशासन और जनसुनवाई पर रहेगा फोकस

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। जनपद को मंगलवार को नया प्रशासनिक नेतृत्व मिला, जब 2017 बैच के आईएएस अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने 65वें जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले वह उत्तर प्रदेश शासन में मुख्यमंत्री के विशेष सचिव के पद पर तैनात थे।

पदभार संभालने के बाद जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं को सर्वोच्च स्थान देते हुए जनपद में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण किया जाए तथा सरकारी योजनाओं का लाभ समय से पात्र लोगों तक पहुंचे। जिलाधिकारी ने कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, विकास कार्यों में तेजी लाने और जनसमस्याओं के समाधान को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए नियमित जनसुनवाई को विशेष महत्व दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजकुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज/जॉइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### महादेवा में होता रहा सबेरे इंतजार

महादेवा बाराबंकी। नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रतापसिंह का लोधेश्वर महादेवा आगमन को लेकर सवेरे से ही मंदिर परिसर की साफ सफाई शुरू गई थी। नए डीएम साहब पहले महादेवा आएंगे पूजन अर्चन करेंगे इस बात को लेकर सूरतगंज के बीडीओ लाव लस्कर समेत सक्रिय थे। मंदिर के तथा कथितपुजारी एवं ठेकेदार रंग बिरंगी पोशाक में मंदिर आ जमे थे। दोपहर तक गहमा गहमी रही। जब पता चला कि नये डीएम साहब , पुरानी डीएम साहब से चार्ज बज चार्जभार प्राप्त कर रहें हैं।

# आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचीं शेफाली वर्मा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज़ी रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर छठा स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने डरबन में खेले गए दूसरे मुकाबले में 38 गेंदों पर 57 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें दो छक्के और चार चौके शामिल रहे।

हालांकि, शेफाली की इस पारी के बावजूद भारतीय टीम को जीत नहीं मिल सकी और दक्षिण अफ्रीका ने यह मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। पांच मैचों की श्रृंखला में मेजबान टीम 2-0 से आगे है।

वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले मैच में नाबाद 47 रन बनाए थे, जिसके बाद वह दो स्थान की बढ़त के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ट अब तक श्रृंखला में 105 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर हैं। उन्होंने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन की पारियां खेलीं और वह बल्लेबाज़ों की सूची में पांचवें स्थान पर कायम हैं।

दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों का दबदबा

एनरी डर्कसेन ने दूसरे मैच में नाबाद 44 रन बनाकर 18 स्थान की छलांग लगाते हुए 33वां स्थान हासिल किया।

सुने लूस ने 46 गेंदों पर 57 रन बनाकर 35वां स्थान प्राप्त किया, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ रेटिंग प्रदर्शन भी है।

ऑलराउंडर क्लोए ट्रायन ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में संयुक्त 11वां स्थान हासिल किया।

गेंदबाज़ों की रैंकिंग में भी बदलाव

बाएं हाथ की स्पिनर नोंकुलुलेको मलाबा ने दूसरे मैच में किफायती गेंदबाज़ी करते हुए एक विकेट लिया और गेंदबाज़ों की सूची में संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गईं।

अयाबोंगा खाका ने पहले मैच में 3 विकेट लेकर 25वां स्थान हासिल किया, जबकि टुमी सेखुखुने ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 स्थान की छलांग लगाकर 55वां स्थान प्राप्त किया।

वनडे रैंकिंग में भी बदलाव

महिला वनडे रैंकिंग में बांग्लादेश की शर्मिन अख्तर ने श्रीलंका के खिलाफ 86 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के दम पर वह सात स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने हासिल किया एशियाई खेल का प्रसारण अधिकार

एजेंसी

नई दिल्ली। एशियाई खेल 2026 के प्रसारण को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने जापान में आयोजित होने वाले 20वें एशियाई खेल (आइची-नागोया 2026) के लिए भारत में विशेष प्रसारण अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह लगातार तीसरी बार है जब सोनी नेटवर्क भारत में एशियाई खेलों का प्रसारण करेगा।

सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने जानकारी दी कि यह प्रतिष्ठित बहु-खेल प्रतियोगिता 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान में आयोजित होगी।

समझौते के तहत पूरे टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण सोनी के खेल चैनलों पर किया जाएगा, जबकि इसका डिजिटल प्रसारण सोनी के ओटीटी मंच सोनी लिव पर उपलब्ध रहेगा।

सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के स्पोर्ट्स और इंटरनेशनल बिजनेस प्रमुख राजेश कौल ने कहा कि पिछले संस्करण में भारत के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद देश में बहु-खेल प्रतियोगिताओं के प्रति रुचि काफी बढ़ी है। भारत ने पिछली बार 100 पदकों का आंकड़ा पार करते हुए कुल 107 पदक जीते थे। एशियाई खेल दुनिया के सबसे बड़े बहु-खेल आयोजनों में से एक है। इस बार इसमें 41 खेल शामिल होंगे, जिनमें 32 ओलंपिक खेल भी हैं। साथ ही, इस संस्करण में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स और सर्फिंग जैसे नए खेलों को भी शामिल किया गया है, जिससे प्रतियोगिता और रोमांचक होने की उम्मीद है।




# आईपीएल में सीएसके को झटका, हैमस्ट्रिंग चोट के चलते बाहर हुए आयुष म्हात्रे

एजेंसी

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइज़ी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। म्हात्रे को यह चोट हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान बल्लेबाजी करते समय लगी। जांच में उनकी हैमस्ट्रिंग में गंभीर खिंचाव की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों के मुताबिक इस चोट से उबरने में उन्हें 6 से 12 सप्ताह का समय लगेगा, जिससे वह इस सीजन के शेष मुकाबलों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। मुंबई के इस युवा बल्लेबाज ने इस सीजन में शीर्ष क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह पावरप्ले के अंतिम ओवरों में तेज रन बनाने के लिए जाने जाते रहे हैं। म्हात्रे ने इस सीजन में 6 मैचों में 201 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 177.88 रहा और उन्होंने दो अर्धशतक भी लगाए। पिछले सीजन में भी उन्होंने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद टीम में जगह बनाई थी और 7 मैचों में 240 रन बनाकर अपनी उपयोगिता साबित की थी।




# आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के लिए 26 अप्रैल को इन्द्रूनाग के दर पंहुचेगी एचपीसीए

एजेंसी

धर्मशाला। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में मई माह में होने वाले आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन 26 अप्रैल को इन्द्रू नाग देवता के दर में पूजा अर्चना करेगी। इस दौरान एचपीसीए द्वारा मंदिर में सुबह हवन, यज्ञ और पूजा का आयोजन जाएगा। इसके बाद मंदिर परिसर में कन्या पूजन और एक भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

गौरतलब है कि धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में किसी भी स्तर के मैच होने से पूर्व एचपीसीए हर बार धर्मशाला के खनियारा स्थित बारिश के देवता इन्द्रू नाग के दर पंहुचकर पूजा और हवन का आयोजन करती है। वहीं मैच के सफल आयोजन के बाद इन्द्रू नाग का आभार जताने के लिए भी पूजा की जाती है। मैच के दौरान किसी भी तरह से मौसम का खलल न पड़े इसके लिए ही इन्द्रू नाग देवता के मंदिर में पूजा पाठ का आयोजन होता है। एचपीसीए के सचिव मनुज शर्मा ने बताया कि धर्मशाला में होने वाले तीन आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के लिए 26 अप्रैल को स्थानीय देवता इन्द्रू नाग के मंदिर में पूजा और हवन किया जाएगा इसके बाद कन्या पूजन और भंडारे का भी आयोजन भी किया जाएगा। वहीं उन्होंने मैचों की तैयारियों को लेकर कहा कि तैयारियां जोरों पर हैं। इन मैचों को सफल बनाने के लिए हर बार की तरह सभी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। बात चाहे आउटफील्ड की हो या फिर पिच की सभी तैयारियां चल रही हैं।

धर्मशाला में आईपीएल के खेले जाएंगे तीन मैच धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में इस सीजन के तीन आईपीएल मैच खेले जाने हैं।



# फ्रेंच ओपन 2026: चोट के चलते रोलां गैरों से बाहर हो सकते हैं कार्लोस अल्कराज़

पेरिस। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कराज़ ने संकेत दिए हैं कि वह अपनी कलाई की गंभीर चोट के कारण इस साल के फ्रेंच ओपन (रोलां गैरों) में हिस्सा नहीं भी ले सकते हैं। 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने कहा है कि वह जल्दबाज़ी में वापसी करने के बजाय पूरी तरह फिट होकर लौटना चाहते हैं।

अल्कराज़ को पिछले सप्ताह बार्सिलोना क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट से हटना पड़ा, जब एक रिटर्न खेलते समय उनकी कलाई में समस्या आ गई। बाद में जांच में चोट उम्मीद से ज्यादा गंभीर निकली। इसके बाद उन्होंने मैड्रिड ओपन से भी नाम वापस ले लिया, जिससे 18 मई से शुरू होने वाले रोलां गैरों में उनके खेलने पर संदेह गहरा गया है।

सोमवार को एक समारोह के दौरान उन्होंने कहा,ङ्घमैं थोड़ा देर से लेकिन पूरी तरह फिट होकर वापसी करना पसंद करूंगा, बजाय इसके कि जल्दबाज़ी में लौटकर खुद को और नुकसान पहुंचाऊं।ङ्क



उन्होंने आगे कहा,ङ्घमेरा करियर अभी लंबा है। अगर मैं इस रोलां गैरों में खुद पर ज्यादा दबाव डालता हूं, तो इसका असर आगे के टूर्नामेंट पर पड़ सकता है।

गौरतलब है कि यानिक सिनर के खिलाफ मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में हार के बाद अल्कराज़ ने वर्ल्ड नंबर-1 रैंकिंग गंवा दी थी।

हालांकि, इससे पहले वह क्ले कोर्ट पर लगातार 17 मैच जीत चुके थे और पिछले सीजन में रोम और रोलां गैरों का खिताब अपने नाम किया था।

# प्रीमियर लीग से वूल्वरहैम्प्टन वांडरर्स बाहर, वेस्ट हैम क्रिस्टल पैलेस के ड्रॉ से तय हुई किस्मत

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड की शीर्ष फुटबॉल लीग प्रीमियर लीग में सोमवार को वेस्ट हैम यूनाइटेड और क्रिस्टल पैलेस के बीच गोलरहित ड्रॉ के बाद वूल्वरहैम्प्टन वांडरर्स (वूल्व्स) का रेलीगेशन तय हो गया। वूल्व्स अब अंकतालिका में वेस्ट हैम यूनाइटेड से 16 अंक पीछे है और केवल पांच मैच शेष होने के कारण टीम का नीचे गिरना तय हो गया है। अब वूल्व्स अगले सीजन में ईएफएल चैम्पियनशिप में खेलती नजर आएगी।

नवंबर से कोच रॉब एडवर्ड्स के नेतृत्व में खेल रही वूल्व्स ने इस सीजन में 33 मैचों में सिर्फ तीन जीत दर्ज की।

हालांकि एस्टन विला और लिवरपूल के खिलाफ कुछ अहम जीत मिलीं, लेकिन टीम लंबे समय से रेलीगेशन के खतरे में थी। इसके साथ ही प्रीमियर लीग में उसका आठ साल का सफर समाप्त हो गया।

सीजन की शुरुआत में टीम के कोच रहे वीटोर परेरा को खराब प्रदर्शन के चलते नवंबर में हटा दिया गया। बाद में रॉब एडवर्ड्स को जिम्मेदारी दी गई, लेकिन वह टीम को बचा नहीं सके।

अंकतालिका में नीचे चल रही बर्नली अगर बुधवार को मैनचेस्टर सिटी से हारती है, तो उसका रेलीगेशन भी तय हो जाएगा। टोटेनहैम हॉट्सपर ब्राइटन के खिलाफ 2-2 ड्रॉ के बाद भी रेलीगेशन जोन से बाहर नहीं निकल सका।

नॉटिंघम फॉरेस्ट और लीड्स यूनाइटेड ने जीत दर्ज कर खुद को सुरक्षित स्थिति में पहुंचाया।

कोवेंट्री सिटी ने चैम्पियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल कर 25 साल बाद प्रीमियर लीग में वापसी सुनिश्चित कर ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### वाइटैलिटी ब्लास्ट से पीटर सिडल ने नाम वापस लिया, नॉटिंघमशायर को झटका

लंदन। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज पीटर सिडल ने निजी कारणों के चलते इस साल के वाइटैलिटी ब्लास्ट टी20 टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। इससे नॉटिंघमशायर टीम को बड़ा झटका लगा है। इस गर्मी में पूरे टूर्नामेंट के लिए ट्रेंट ब्रिज लौटने वाले 41 वर्षीय सिडल इससे पहले वह 2014 में नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैम्पियनशिप में खेल चुके हैं। उस सीजन में उन्होंने 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 37 विकेट लेकर टीम को प्रथम डिवीजन में चौथे स्थान पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।पीटर सिडल अपने काउंटी करियर के दौरान डरहम, एसेक्स, लंकाशायर और समरसेट जैसी टीमों का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और इंग्लैंड की घरेलू क्रिकेट में एक अनुभवी खिलाड़ी माने जाते हैं।

नॉटिंघमशायर के क्रिकेट निदेशक मिक न्यूवेल ने कहा कि हमें निराशा है कि सिडल इस गर्मी में टीम के साथ नहीं जुड़ पाएंगे। हम उनके अनुभव और कौशल का लाभ उठाने के लिए उत्साहित थे। उन्होंने आगे कहा कि टीम अब टूर्नामेंट के लिए एक उपयुक्त विकल्प खिलाड़ी की तलाश करेगी। सिडल के हटने के बाद नॉटिंघमशायर की टीम संतुलन पर असर पड़ सकता है, खासकर टी20 प्रतियोगिता में उनके अनुभव की कमी महसूस होगी।

### फुटबॉल विश्व कप 2026 ब्राज़ील के लिए सुनहरा मौका: काफू

मैड्रिड । ब्राज़ील के दिग्गज फुटबॉलर काफू का मानना है कि 2026 फुटबॉल विश्व कप ब्राज़ील के लिए 24 साल बाद फिर से चैंपियन बनने का सबसे सही समय है। काफू, जिन्होंने 2002 में टीम की कप्तानी करते हुए ब्राज़ील को उसका पांचवां विश्व खिताब दिलाया था, ने कहा कि मौजूदा टीम में संतुलन और अनुभव दोनों मौजूद हैं। उन्होंने 1994 में भी विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहते हुए देश को गौरव दिलाया था।

लॉरेंस अवॉर्ड्स समारोह में उन्होंने पत्रकारों से कहा, ङ्घपिछले खिताब के 24 साल बाद, यह ब्राज़ील के लिए बिल्कुल सही मौका है।

काफू ने टीम के कोच कार्लो अंचेलोटी की सराहना करते हुए उन्हें लगातार जीत दिलाने वाला कोच बताया। उनके अनुसार, टीम का आक्रमण और मिडफील्ड पहले से मजबूत है, इसलिए इस बार रक्षापंक्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

काफू ने स्टार खिलाड़ी विनीसियस जूनियर पर भरोसा जताते हुए कहा कि विश्व कप किसी भी खिलाड़ी के लिए खुद को साबित करने का सबसे बड़ा मंच होता है।

19 वर्षीय एंड्रिक को लेकर काफू ने कहा कि फ्रांस के क्लब लियोन में खेलने से उन्हें काफी फायदा मिला है और वह ब्राज़ील के लिए अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। 2026 फुटबॉल विश्व कप का आयोजन अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में किया जाएगा। ब्राज़ील को इस टूर्नामेंट का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है, जबकि स्पेन भी मजबूत चुनौती पेश करेगा।

### सर्राफा बाजार में फिसला सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। सर्राफा बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में आज लगातार दूसरे दिन कमजोरी नजर आ रही है। वहीं चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,280 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,55,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,42,340 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी सोमवार के भाव यानी 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,55,430 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,55,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में तेजी का रुख

नई दिल्ली । ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। वहीं एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मुनाफा वसूली के कारण बिकवाली का दबाव बना रहा, इसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 49,442.56 अंक के स्तर पर आ गया। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,109.14 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.26 प्रतिशत फिसल कर 24,404.39 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 49,500.20 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान गिरावट का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.55 प्रतिशत लुढ़क कर 10,609.08 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 94.08 अंक यानी 1.13 प्रतिशत टूट कर 8,331.05 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 284.44 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,417.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। एशिया के नौ बाजार में से सात के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं ।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.63 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। आज प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, अदानी पोर्ट्स और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयर 1.68 प्रतिशत से लेकर 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, इंफोसिस और जियो फाइनेंशियल के शेयर 3.19 प्रतिशत से लेकर 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,717 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,169 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 548 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 27 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर तीन शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और आठ शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 96.86 अंक की बढ़त के साथ 78,617.16 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली के मामूली झटके भी लगते रहे। इसके बावजूद इस सूचकांक की चाल पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 492.27 अंक की तेजी के साथ 79,012.57 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 9.70 अंक की मामूली मजबूती के साथ 24,374.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही यह सूचकांक कर लुढ़क कर लाल निशान में 24,354.90 तक चला गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे निफ्टी की चाल में तेजी आ गई।

# सिविल सेवक विकसित भारत के लक्ष्य में अहम भूमिका निभाएं : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को सिविल सेवकों से कहा कि अधिक शक्ति के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है और उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभानी चाहिए। उन्होंने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।

उपराष्ट्रपति यहां विज्ञान भवन में आयोजित 18वें सिविल सेवा दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए योजनाओं की प्रभावी 'लास्ट माइल डिलीवरी' और जमीनी हकीकत के प्रति संवेदनशीलता बेहद जरूरी है, ताकि शासन का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि योजनाएं भले ही दिल्ली में बनती हों लेकिन उनका वास्तविक प्रभाव तभी दिखता है जब उन्हें दूरदराज के गांवों तक सही तरीके से लागू किया जाए। उन्होंने सिविल सेवकों को भारत की रीढ़ बताते हुए कहा कि उनकी भूमिका देश के विकास और समावेशी प्रगति में केंद्रीय है। उन्होंने देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सिविल सेवाओं को स्टील फ्रेम ऑफ इंडिया बताया था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज भी सिविल सेवक उसी भावना के साथ देश की एकता और प्रशासनिक मजबूती को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में कार्यरत सिविल सेवक राष्ट्रीय एकता और समन्वय के सबसे बड़े दूत हैं। उन्होंने 'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' और 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी सफलता जिला स्तर पर अधिकारियों की समझ और कार्यान्वयन क्षमता पर निर्भर करती है। उन्होंने जोर दिया कि हर जिले की जरूरतें अलग होती हैं और उसी के अनुसार योजनाओं को लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी राज्य या जिला विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है। देश जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उपराष्ट्रपति ने बताया कि करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं, 4 करोड़ से अधिक गरीबों के लिए घर बनाए गए हैं और सीमावर्ती गांवों को विकसित कर 'वाइब्रेंट विलेज' बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए लक्षित योजनाओं का सही क्रियान्वयन जरूरी है और लाभ उन्हीं तक पहुंचे जो वास्तव में जरूरतमंद हैं। उन्होंने सिविल सेवकों से अपील की कि वे टीम भावना के साथ काम करें और व्यक्तिगत उत्कृष्टता के साथ सामूहिक प्रदर्शन को भी महत्व दें। सिविल सेवकों को सरकारी नीतियों का वास्तविक क्रियान्वयनकर्ता बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण ही इन उपलब्धियों के पीछे मुख्य कारण है। तकनीक के महत्व पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रशासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बना रहे हैं। उन्होंने सिविल सेवकों को नई तकनीकों को अपनाने और लगातार अपने कौशल को उन्नत करने की सलाह दी।

## आप है ड्रामा पार्टी और केजरीवाल उसके निर्देशक : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आबकारी नीति से संबंधित मामले को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधा है और उसे ड्रामा पार्टी करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उसका निर्देशक बताया है।

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि श्री केजरीवाल ने गत 13 मार्च को न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष अर्जी लगाई और कहा कि ''हमें आप पसंद नहीं हैं, आप स्वयं ही इस मामले को त्याग दीजिए। इसके बाद इस देश की न्यायपालिका के खिलाफ सोचा समझा षड्यंत्र शुरू हुआ। आप ने न्यायमूर्ति शर्मा के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण सोशल मीडिया पर अभियान चलाया तथा न्यायमूर्ति शर्मा और उनके बच्चों के खिलाफ आरोप लगाए गये। उन्होंने कहा, ''श्री केजरीवाल ने इस देश की न्यायपालिका की एक महिला सदस्य पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन न्यायपालिका पर दबाव बनाने की उनकी राजनीति को खारिज करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामले को किसी दूसरी पीठ को स्थानांतरित करने की उनकी याचिका को खारिज कर दिया। इससे यह साबित हो गया है कि आप एक ड्रामा कंपनी है और अरविंद केजरीवाल इस कंपनी के निर्देशक हैं। उन्होंने कहा, ''दिल्ली उच्च न्यायालय का कल का आदेश श्री केजरीवाल की दबाव बनाने की चालों को साफ तौर पर खारिज कर दिया है और न्यायिक स्वतंत्रता के लिए एक नया पैमाना तय किया है। हम इस फैसले का स्वागत और सराहना करते हैं। गौरतलब है कि दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने केजरीवाल और अन्य लोगों की याचिका को खारिज करते हुए शराब नीति मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने से इनकार कर दिया था।

## ऊर्ज़ा सुरक्षा, आपूर्ति शृंखलाओं को सुचारु बनाए रखने को समन्वित प्रयास : केंद्र

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार ने कहा कि देश में बंदरगाह संचालन, ऊर्ज़ा आपूर्ति और डेयरी क्षेत्र सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय नाविक सुरक्षित हैं, दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की कीमतें स्थिर हैं तथा समुद्री बीमा के लिए विशेष फंड की व्यवस्था की गई है। ऊर्ज़ा सुरक्षा, भारतीय प्रवासी समुदाय के कल्याण और आपूर्ति शृंखलाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने यहां मंगलवार को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित अंतरमंत्रालयी पत्रकार वार्ता में कहा कि पश्चिमी तट के प्रमुख बंदरगाहों पर कंटेनर वॉल्यूम में भारी गिरावट दर्ज की गई है। आठ मार्च को जहां लगभग 3,383 कंटेनर थे, वहीं अब यह घटकर मात्र 99 रह गए हैं, यानी 97 प्रतिशत की कमी आई है। फिलहाल देशभर में बंदरगाह संचालन सामान्य है और यार्ड ऑक्युपेंसी कम हो गई है। सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने 'भारत मरीन इंश्योरेंस पूल' को पहले ही मंजूरी दे दी है, जिसके तहत 12,980 करोड़ रुपये का संप्रभु गारंटी फंड उपलब्ध कराया गया है ताकि समुद्री बीमा को सुगम बनाया जा सके। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत पश्चिम एशिया की स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और खाड़ी देशों के साथ संपर्क तेज किया गया है। हाल के दिनों में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सऊदी अरब गए, विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे, पेट्रोलियम मंत्री ने कतर का दौरा किया और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने खाड़ी देशों के अपने समकक्षों से कई बैठकें कीं। उन्होंने कहा कि इन समन्वित प्रयासों का उद्देश्य ऊर्ज़ा सुरक्षा, भारतीय प्रवासी समुदाय के कल्याण और अन्य साझा चिंताओं पर सहयोग बढ़ाना है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की निदेशक पूजा रस्तोगी ने बताया कि संकट के बावजूद देशभर में दूध की खरीद, प्रसंस्करण और आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। दूध और दुग्ध उत्पादों की कीमतें स्थिर हैं और बाजार में कोई आपूर्ति बाधित नहीं हुई है। किसानों को भुगतान भी नियमित रूप से किया जा रहा है। विभाग स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और डेयरी वैल्यू चेन को सुचारु बनाए रखने के लिए कई सक्रिय कदम उठाए गए हैं।

## बंगाल को भ्रष्टाचार, घुसपैठ और गुंडागर्दी से मुक्त कराने का चुनाव: अमित शाह

एजेंसी



आसनसोल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कुल्टी विधानसभा सभा सीट के उम्मीदवार डा. अजय पोद्दार के समर्थन में बलतोडिया गणेश पूजा मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आसनसोल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की ममता सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने जनता से सवाल करते हुए कहा कि क्या वे राज्य में बदलाव चाहते हैं, सिंडिकेट राज खत्म करना चाहते हैं और बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त बनाना चाहते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि आसनसोल की यह पवित्र भूमि कभी उद्योग और श्रम की पहचान रही है, जहां से पूरे देश और दुनिया में लोहा जाता था लेकिन वर्तमान सरकार ने यहां के उद्योगों को बंद करने का काम किया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह चुनाव केवल किसी प्रत्याशी या कार्यकर्ता को जिताने का नहीं बल्कि पूरे बंगाल को भ्रष्टाचार, घुसपैठ और गुंडागर्दी से मुक्त कराने का चुनाव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मतदान के दिन कमल के निशान पर बटन दबाकर भाजपा की सरकार बनाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है और महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। गृहमंत्री ने वादा किया कि राज्य में अवैध खनन बंद किया जाएगा, रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएंगे और सरकारी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर बेरोजगारों को हर महीने आर्थिक सहायता दी जाएगी, गर्भवती महिलाओं को सहयोग मिलेगा और महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त की जाएगी। साथ ही, आयुष्मान भारत योजना को प्रभावी रूप से लागू कर गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को अधिक आर्थिक सहायता दी जाएगी और युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाई जाएगी और बिना किसी भ्रष्टाचार के नियुक्तियां की जाएंगी। गृहमंत्री ने राज्य सरकार पर विभिन्न घोटालों के आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद दोषियों को कानून के तहत सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा गरीबों की किसी भी योजना को बंद नहीं करेगी बल्कि नई योजनाएं शुरू करेगी। साथ ही, सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा ताकि घुसपैठ पूरी तरह रोकी जा सके। उन्होंने कहा कि बंगाल का मुख्यमंत्री बंगाल का ही होगा और बाहरी व्यक्ति के मुख्यमंत्री बनने की अफवाहें गलत हैं। उन्होंने लोगों से एकजुट होकर बदलाव के लिए मतदान करने की अपील की और कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य में विकास, सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

## इराक में फंसे 12 भारतीय नाविक वायु मार्ग से मुंबई पहुंचे

एजेंसी

नयी दिल्ली। इराक में फंसे 12 भारतीय नाविक इराक के हवाई क्षेत्र के खुलने के बाद सोमवार को मुंबई पहुंचे। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों से उत्पन्न नियमित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में मंगलवार को यह जानकारी दी गयी।

अधिकारियों ने बताया कि बगदाद स्थित भारतीय दूतावास ने उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की और भारत लौटने में उनकी मदद की। इराक का हवाई क्षेत्र सीमित उड़ान संचालन के साथ क्षेत्र के गंतव्यों के लिए खुला है, जिसका उपयोग भारत की आगे की यात्रा के लिए किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मालवाहक और चार्टर्ड उड़ानों के लिए ईरानी हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुला है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास आर्मेनिया और अज़रबैजान के रास्ते भारत जाने वाले भारतीय नागरिकों की आवाजाही में सहायता प्रदान करना जारी रखे हुए है। इजरायल का हवाई क्षेत्र खुला है और क्षेत्र के गंतव्यों के लिए सीमित उड़ानें फिर से शुरू हो गई हैं, जिनका उपयोग भारत की आगे की यात्रा के लिए किया जा सकता है। जॉर्डन और मिस्र के रास्ते इजरायल से भारतीय नागरिकों की वापसी को सुगम बनाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ईरान युद्ध के बाद देश के बंदरगाहों पर जहाजों की जो भीड़ भाड़ शुरू हो गयी थी वह धीरे धीरे छंट गयी है। बंदरगाहों पर परिचालन सामान्य बना हुआ है और कहीं भी भीड़ भाड़ की सूचना नहीं है तथा माल ढुलाई में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पश्चिमी भारत के प्रमुख बंदरगाहों से लगभग 97 प्रतिशत कंटेनरों की निकासी हो चुकी है।

## तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार थमा, मतदान कल

एजेंसी

नयी दिल्ली। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गुरुवार को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया।

तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा।

चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले जनसभाएं रोक दी जाती है। प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार और उनके कार्यकर्ता मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क साधते हैं। दोनों राज्यों में 23 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का चुनाव 29 अप्रैल को होगा, जिसमें 142 सीटों पर मतदान कराया जायेगा। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडु में कुल 4,023 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं। वहां मुख्य मुकाबला सत्तारूढ द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और उसके मुख्य प्रतिद्वंदी अन्नाद्रमुक-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के बीच है। इस बार अभिनय की दुनिया से राजनीति के अखाड़े में उतरे अभिनेता सी जोसफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कज़गम ने कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। एक महीने से अधिक समय से राज्य में चुनावी सरगर्मियां चरम पर हैं। सत्तारूढ द्रमुक की ओर से मुख्यमंत्री एम के स्टालिन स्टार प्रचारक हैं। कांग्रेस समेत द्रमुक के सभी सहयोगी दलों के नेताओं ने भी राज्य में कई रैलियां की हैं। सत्तारूढ गठबंधन को बेदखल करने के लिए अन्नाद्रमक प्रमुख एडापट्टी के पलानीस्वामी अभियान की बागडोर संभाले हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन और अन्य नेताओं ने भी इस गठबंधन के चुनावी अभियान को



धार दी है। वहां प्रचार अभियान में जहां विपक्षी गठबंधन ने सत्ता पक्ष के विरुद्ध सरकार में कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे को उछाला है। वहीं द्रमुक और उसके सहयोगी दल तमिल स्वाभिमान और राज्य के अधिकार पर अतिक्रमण के मुद्दे को हवा दे रहे हैं। प्रचार के आखरी दौर में महिला आरक्षण भी मुद्दा बन गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु में इस चुनाव में 5.67 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं, जिनमें 2.77 करोड़ पुरुष, 2.89 करोड़ महिला और 7617 उभयलिंगी शामिल हैं। मतदाताओं के लिए 75,032 मतदान केंद्र निर्धारित हैं। मतदान में भागदारी को प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग ने राज्य भर में मतदाता व्यापक जागरूकता अभियान चलाया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। राज्य में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये हैं और संवेदनशील इलाकों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की सघन तैनाती की गयी है। इनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं। पहले चरण में मुर्शिदाबाद की 22, कूचबिहार की नौ, जलपाईगुड़ी की सात, अलीपुरद्वार की पांच, कलिंपोंग की एक, दार्जिलिंग की पांच, उत्तर दिनाजपुर की नौ, दक्षिण दिनाजपुर की छह, मालदा की 12, बीरभूम की 11, पश्चिम बर्द्धमान की नौ, पूर्व मेदिनीपुर की 16, पश्चिम मेदिनीपुर की 15, झाड़ग्राम की चार, पुरुलिया की नौ व बांकुड़ा की 12 सीटें शामिल हैं। पहले चरण में कुल 1,478 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस चरण में मतदाताओं की कुल संख्या 3.60 करोड से अधिक है, जिनमें 1.84 करोड पुरुष, 1.74 करोड़ महिलाएं और 465 उभयलिंगी शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में कुल 6.44 करोड़ मतदाता हैं। राज्य में मुख्य मुकाबला तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच है। तृणमूल कांग्रेस के चुनाव प्रचार का दारोमदार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कंधों पर है। भाजपा के लिए प्रधानमंत्री मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान और पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने धुआंधार प्रचार किया है। कांग्रेस और वामपंथी दलों के नेताओं ने भी अपने उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव सभाओं को संबोधित किया।

# पेज एक का शेष

### विपक्ष का महिला...

कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना तथा युवा संबंधी अन्य योजनाएं इस दिशा में प्रभावी माध्यम बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने आक्रोश पदयात्रा में बड़ी संख्या में सहभागिता के लिए सभी महिलाओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पूर्वाह्न लगभग 10 बजे मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ हुई इस पदयात्रा के समय भी चुभने वाली तेज धूप थी, लेकिन महिलाओं का आक्रोश उससे कहीं अधिक धधक रहा था। हाथों में विपक्ष की राजनीति की निंदा करते हुए स्लोगन लिखी हुईं तख्तियां और 'बहन- बेटियों का अपमान-नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, महिला अधिकारों पर वार-सपा-कांग्रेस जिम्मेदार, कांग्रेस का हाथ-नारी शक्ति के खिलाफ, नारी के सम्मान में-एनडीए मैदान में' जैसे गूंजते नारों के साथ यह रैली विपक्ष की कायरता और राजनीतिक स्वार्थ को बेनकाब करती हुई आगे बढ़ी। हर कदम पर महिलाओं का हुजूम साफ संदेश दे रहा था- आधी आबादी के सम्मान और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं, कोई चुप्पी नहीं, कोई माफी नहीं। जनाक्रोश पदयात्रा में हजारों महिलाओं की सहभागिता ने साबित किया कि आधी आबादी इस मुद्दे पर खामोश नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पदयात्रा में केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक और सहयोगी दलों के नेता सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों तथा भाजपा की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों के साथ अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे।

### प्रधानमंत्री को ...

बढ़ते विवाद को देखते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने तुरंत अपने बयान पर स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा कि मैंने यह कभी नहीं कहा कि प्रधानमंत्री एक आतंकवादी हैं। मेरे कहने का मतलब यह था कि वह लोगों और राजनीतिक दलों को डराने-धमकाने का काम करते हैं। खरगे ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा धमकियां देते हैं और उनके आचरण से राजनीतिक गलियारों में डर पैदा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी टिप्पणी का उद्देश्य प्रधानमंत्री की कार्यशैली पर सवाल उठाना था, न कि उन पर कोई व्यक्तिगत हमला करना। अपनी सफाई के दौरान खरगे ने सीधे तौर पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर सरकारी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई जैसी महत्वपूर्ण संस्थाएं पूरी तरह से प्रधानमंत्री के हाथों में हैं और इनका इस्तेमाल विरोधियों को डराने के लिए किया जा रहा है। खरगे ने यह भी चिंता जताई कि प्रधानमंत्री परिसीमन जैसी प्रक्रियाओं को भी अपने नियंत्रण में लेना चाहते हैं।

### मोदी को गाली...

ने सजा दी है। पात्रा ने साथ ही यह भी कहा कि इस बार भी देश की जनता कांग्रेस के इन अपमानजनक बयानों का करारा जवाब देगी और उन्हें उनकी असली जगह दिखाएगी।

### जब इंसानियत सीमा...

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (जैसे मुजफ्फराबाद व कोटली) में स्थित थे। ये स्थान जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के प्रमुख कमांड सेंटर थे, जो पुलवामा (2019) तथा मुंबई (2008) जैसे बड़े हमलों के लिए जिम्मेदार थे। भारत की इस कार्रवाई का पाकिस्तान ने विरोध किया और उसने भारतीय इलाकों पर हमले की कोशिश की, जिसे नाकाम कर दिया गया। भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमले किए। महज तीन घंटे के अंदर भारत ने नूर खान समेत 11 सैन्य ठिकानों रफीकी, मुरीद, सुक्कुर, सियालकोट, पसरूर, चुनियन, सरगोधा, स्कर्दू, भोलारी और जैकोबाबाद को निशाना बनाया। पहलगाम में हुई इस आतंकी हमले की घटना को लेकर पीएम मोदी ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया। इस ऐतिहासिक कदम से न केवल पाकिस्तान के हितों को नुकसान पहुंचा बल्कि भारत को इससे लाभ हुआ। उन्होंने एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत स्थापित किया कि भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकवादी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा।

### पाकिस्तान ने अपने ...

एक साल हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय विमानों को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए लंबे मार्ग अपनाने पड़ रहे हैं। भारत ने पाकिस्तानी विमानों को 24 अप्रैल को सुबह 5:30 बजे तक अपने हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने से रोक रखा है और इस प्रतिबंध को आगे भी बढ़ाए जाने की संभावना है। पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए विभिन्न कदमों के तहत लगाया गया यह प्रतिबंध शुरू में 24 मई, 2025 तक था और बाद में इसे हर महीने बढ़ाया गया। हवाई क्षेत्र को पूर्व में 1999 के करगिल संघर्ष और 2019 के पुलवामा संकट के दौरान भी बंद किया गया था।

### कांग्रेस ने पीएम के...

अगर कोई सांसद या कोई बाहरी व्यक्ति इन अधिकारों में दखल देता है या उन्हें नुकसान पहुंचाता है, तो इसे विशेषाधिकार हनन माना जाता है। ऐसे मामले में कोई भी सांसद सदन में इसके खिलाफ प्रस्ताव ला सकता है और कार्रवाई की मांग कर सकता है।

### प्रदेश में अगले पांच...

पहुंचने के आसार हैं। वहीं प्रयागराज, कानपुर और वाराणसी मंडल में भी गर्म हवाओं के कारण तीखी गर्मी महसूस की जाएगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल में दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं का असर बना रहेगा। मौसम विभाग ने 22 से 25 अप्रैल के बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना जताई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बस्ती, आजमगढ़, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, जौनपुर और वाराणसी मंडल में 21 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच कई स्थानों पर लू की स्थिति बन सकती है। विभाग ने 23 और 24 अप्रैल को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर लू चलने की विशेष चेतावनी दी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे के बीच बाहर निकलने से बचना चाहिए। पर्याप्त पानी पीना, हल्के सूती वस्त्र पहनना, बच्चों और बुजुर्गों को धूप से बचाना तथा आवश्यक होने पर ही यात्रा करना उचित रहेगा। खेतों में कार्य करने वाले किसान और श्रमिकों को भी धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि 26 और 27 अप्रैल को अधिकांश क्षेत्रों में लू से राहत मिल सकती है, हालांकि तापमान ऊंचा बना रह सकता है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन को भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं और पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी।

### बातचीत से इनकार...

27 जहाज़ों को वापस लौटने या किसी ईरानी बंदरगाह पर जाने का निर्देश दिया है। अमेरिका ने इस संघर्ष के दौरान पहली बार ईरान का झंडा लगे एक मालवाहक जहाज़ को भी रोका और ज़ब्त कर लिया। इस जहाज़ ने रविवार को नाकेबंदी को पार करने की कोशिश की थी। सेंटकॉम द्वारा साझा किए गए वीडियो में कथित तौर पर यह दिखाया गया है कि जहाज़ पर सैनिकों के उतरने से पहले उसे चेतावनी दी गई थी। उधर, ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगर ग़ालिबाफ़ ने इससे पहले कहा था कि ईरान धमकियों के दबाव में अमेरिका के साथ बातचीत नहीं करेगा।

गौरतलब है कि अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान में कुछ ठिकानों पर हमले करके युद्ध की शुरुआत की थी, जिससे काफी नुकसान हुआ और आम नागरिकों की भी जानें गयी। सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान ने दो हफ़्ते के लिए संघर्ष-विराम की घोषणा की। इसके बाद पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच हुई बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। फिर युद्ध शुरू होने की कोई घोषणा नहीं की गयी, लेकिन अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की घेराबंदी शुरू कर दी। मध्यस्थ अब बातचीत का एक नया दौर शुरू करवाने की कोशिश कर रहे हैं।

# दिल्ली विधानसभा का 18 देशों के 43 प्रतिनिधियों ने किया दौरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा का 18 देशों के 43 प्रतिनिधियों के दल ने मंगलवार को दौरा किया। ये प्रतिनिधि बांग्लादेश, भूटान, ओमान, केन्या, श्रीलंका, फिलीपींस और तंजानिया सहित विभिन्न देशों से आए थे और लोकसभा सचिवालय के संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित 37वें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि विधायी मसौदा-निर्माण लोकतांत्रिक शासन का मूल है; किसी कानून की सटीकता ही तय करती है कि वह अधिकारों की रक्षा कितनी प्रभावी ढंग से करता है, जवाबदेही सुनिश्चित करता है और आम नागरिकों के जीवन को कैसे प्रभावित करता है। विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि विधानसभा परिसर को एक विरासत स्थल के रूप में




विकसित किया जा रहा है, जहां एक संग्रहालय बनाया जा रहा है जो विधानसभा की यात्रा को दर्शाएगा। इसके अलावा, इसके इतिहास को जनता तक पहुंचाने के लिए लाइट एंड साउंड शो की भी योजना बनाई जा रही है। उन्होंने विधानसभा के ऐतिहासिक और संस्थागत महत्व का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान भवन, जो 1912 में बना, पहले इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल का मुख्यालय था और बाद में 1919 के भारत सरकार अधिनियम के तहत केंद्रीय विधान सभा के रूप में उपयोग हुआ। उन्होंने 24 अगस्त 1925 को श्री विठ्ठलभाई पटेल के पहले भारतीय अध्यक्ष के रूप में चुने जाने को याद किया और इसे औपनिवेशिक शासन के दौरान विधायी स्वायत्तता की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। महात्मा गांधी सहित कई राष्ट्रीय नेताओं की इस भवन में उपस्थिति का जिक्र करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह संस्था केवल शासन का केंद्र नहीं रही, बल्कि लोकतांत्रिक आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का भी मंच रही है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधियों ने विधानसभा भवन का भ्रमण किया। उन्हें विठ्ठलभाई पटेल पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई और 'एक शताब्दी यात्रा' नामक कॉफी टेबल बुक का परिचय भी दिया गया। इस पुस्तक की एक प्रति प्राइड के निदेशक राजकुमार को लोकसभा पुस्तकालय के लिए भेंट की गई।

गुप्ता ने बताया कि दिल्ली विधान सभा ने कार्यकुशलता, पारदर्शिता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। अब विधानसभा पूरी तरह सौर ऊर्जा पर संचालित हो रही है।

# आपदा की वजह न बनें विकास कार्य : डॉ असवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य डॉ. दिनेश कुमार असवाल ने कहा कि आपदाओं में जीरो डेथ का लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है, जब जोखिम के प्रभाव को न्यूनतम किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास आवश्यक है, लेकिन यह सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है कि विकास कार्य किसी नई आपदा का कारण न बनें। मंगलवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में डॉ. असवाल ने आपदा प्रबंधन विभाग एवं राज्य के सभी 13 जनपदों की तैयारियों का व्यापक आकलन किया। उन्होंने जनपदों की क्षमताओं का परीक्षण करते हुए तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन के तहत आपदा जोखिम न्यूनीकरण को केंद्र में रखते हुए कार्य किया जाए और आपदा पूर्व तैयारी, जोखिम




पहचान और न्यूनीकरण उपायों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लैंडस्लाइड अर्ली वार्निंग सिस्टम का विकास समय की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए एनडीएमए स्तर पर हर संभव तकनीकी एवं संस्थागत सहयोग का भरोसा दिलाया। डॉ. असवाल ने राज्य के सभी जनपदों में मोबाइल कनेक्टिविटी के लिहाज से शैडो एरिया को चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों की सूची एनडीएमए को भेजी जाए। इन क्षेत्रों में संचार सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एनडीएमए टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देगा।

बैठक के दौरान सचिव विनोद कुमार सुमन ने नदियों के चैनलाइजेशन के लिए ड्रेजिंग कार्यों के लिए एसडीआरएफ फंड में छूट प्रदान किए जाने का अनुरोध किया। इस पर डॉ. असवाल ने कहा कि राज्य सरकार प्रस्ताव प्रस्तुत करे, जिसे एनडीएमए स्तर पर प्राथमिकता के साथ विचार कर आवश्यक छूट दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यों के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के अनुरोध पर भी उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया। युवा आपदा मित्र योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने सामुदायिक सशक्तीकरण को आपदा प्रबंधन की सबसे मजबूत कड़ी बताया और अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षण से जोड़ने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि उपकरणों, मानव संसाधनों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं गांवों की विस्तृत जीआईएस मैपिंग कर उन्हें जिला आपदा प्रबंधन योजना में शामिल किया जाए।

## प्रदर्शन कला के विख्यात कलाकार जुटेंगे यू ओ यू हल्द्वानी में।

हल्द्वानी । संगीत, राष्ट्रीय नृत्य एवं नाटक अकादमी, नई दिल्ली (संगीत नाटक अकादमी), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्त संस्था द्वारा उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी के सहयोग से ल्प्रातिझ्ङ्क कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 अप्रैल 2026 को अपराह्न 3:00 बजे से विश्वविद्यालय परिसर स्थित सी.डी.एस. स्व. जनरल बिपिन रावत बहुद्देशीय सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रदर्शन कला के क्षेत्र के प्रतिष्ठित कलाकार अपने अनुभव साझा करेंगे। मुख्य वक्ताओं में हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के प्रख्यात कलाकार प्रो. इन्द्रजीत सिंह मोहली, कथक नृत्य की विशेषज्ञ डॉ. पूर्णिमा पाण्डे (लखनऊ) तथा उत्तराखण्ड के लोक संगीत की जानी-मानी हस्ती डॉ. माधुरी बड़थ्वाल (देहरादून) शामिल रहेंगी। इस अवसर पर संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली की सदस्य डॉ. बसंती बिष्ट की गरिमामयी उपस्थिति भी रहेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने सभी कला प्रेमियों, विद्यार्थियों एवं आमजन से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए ही नहीं पूरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण एवं सुखद अवसर होगा जहां हमें कला और संगीत प्रेमियों को सुनने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि संगीत नाटक अकादमी की ओर से अनुभाग अधिकारी दीपक जोशी इस कार्यक्रम का संयोजन करेंगे।

## राज्यपाल से मिले एनएसएस स्वयंसेवक

देहरादून । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह से मंगलवार को लोक भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने मुलाकात की। ये स्वयंसेवक 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साथ ही राष्ट्रपति से सम्मानित एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी मुलाकात की।राज्यपाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सेवा भावना के साथ एनएसएस से जुड़ना युवाओं के लिए गौरव और जिम्मेदारी दोनों है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड जैसे अंतरराष्ट्रीय महत्व के मंच पर राज्य का प्रतिनिधित्व करना अत्यंत सम्मानजनक उपलब्धि है। राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह उपलब्धि लाखों युवाओं में से चुनिंदा लोगों को ही प्राप्त होती है और यह न केवल व्यक्तिगत सफलता, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।
उन्होंने युवाओं से समाज में 'ब्रांड एंबेसडर' की भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे एनएसएस के मूल सिद्धांत सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व को जन-जन तक पहुंचाएं तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने युवाओं को अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रेरक बनने की सलाह दी। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशक समरदीप सक्सेना, राज्य एनएसएस अधिकारी सुनैना रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री धामी ने बीसी खंडूड़ी का हालचाल जाना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मैक्स अस्पताल पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवानिवृत्त मेजर जनरल) का कुशलक्षेम जाना।
मुख्यमंत्री ने अस्पताल में चिकित्सकों से खंडूड़ी के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण भी मौजूद रही। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री खंडूड़ी का उपचार देहरादून के मैक्स अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति पर लगातार चिकित्सकीय निगरानी रखी जा रही है।

## डीएम के आदेश पर 211 पंचायतों के पीडीएस दुकानों की जांच

अररिया । डीएम विनोद दूहन के निर्देश पर जिले के सभी 211 पंचायतों की जन वितरण प्रणाली दुकानों की मंगलवार से जांच शुरू की गई। इस अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना है। संबंधित पदाधिकारी को अपने-अपने आवंटित पंचायतों में संचालित जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण कर निर्धारित प्रपत्र के अनुसार विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

# सबरीमाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जन्म या वंश के आधार पर भक्तों को मूर्ति छूने से रोकने पर सवाल उठाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सबरीमाला मंदिर मामले पर सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय की नौ सदस्यीय संविधान बेंच ने जन्म या वंश के आधार पर भक्तों को मूर्ति छूने से रोकने पर सवाल उठाया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली संविधान बेंच ने पूछा कि क्या संविधान उस भक्त की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं है।



उच्चतम न्यायालय ने ये सवाल सबरीमाला मंदिर की ओर से पेश वकील वी गिरी की उस दलील पर किया कि जब कोई भक्त पूजा के लिए मंदिर जाता है तो वह देवता के गुणों के खिलाफ नहीं जा सकता, क्योंकि उसका उद्देश्य देवता की पूजा करना है। उसे देवता के मूल गुणों को स्वीकार करना होता है। सुनवाई के दौरान जस्टिस अमानुल्लाह ने पूछा कि जब मैं किसी मंदिर में जाता हूं, तो मेरी मान्यता होती है कि वह भगवान हैं, वह मेरे सृष्टिकर्ता हैं। इसी आस्था के साथ मैं वहां जाता हूं। मैं पूरी तरह समर्पित हूं, मेरे ह्रदय में कोई अशुद्धता नहीं है और वहां मुझे बताया जाता है कि जन्म, वंश या किसी विशेष परिस्थिति के कारण आपको देवता को छूने की अनुमति नहीं है। अब क्या संविधान मेरी मदद नहीं करेगा। इस पर सबरीमाला मंदिर प्रबंधन कमेटी की ओर से वकील वी गिरी ने कहा कि अगर किसी के पुजारी बनने पर पूर्ण प्रतिबंध है तो इसका ध्यान संविधान के अनुच्छेद 25(2)(बी) के तहत रखा जाए या इसका ध्यान राज्य द्वारा रखा जाए। गिरी ने कहा कि पुजारी का अर्थ वह व्यक्ति है जिसे शास्त्रों में पूजा-अर्चना करने और देवता आराधना करने का निर्देश दिया गया है। गिरी ने कहा कि अनुच्छेद 25(1) के तहत मेरा अधिकार मंदिर के भीतर अपनाई जाने वाली प्रथाओं के साथ जुड़ा हुआ है। शास्त्रों के मुताबिक केवल एक विशेष संप्रदाय के पुजारी ही मूर्ति को छू सकते हैं। अगर कोई अनाधिकृत व्यक्ति मूर्ति को छूता है तो उसे अपवित्रता माना जाता है। ऐसे में राज्य का कोई भी हस्तक्षेप हिन्दू उपासकों की धार्मिक आस्था का उल्लंघन होगा। सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि कुछ मंदिरों में आप शिवलिंग पर जल चढ़ा सकते हैं, जबकि अन्य में आप मूर्ति छू भी नहीं सकते। यह छुआछूत से जुड़ा नहीं है, बल्कि पूजा की एक विशेष विधि का हिस्सा है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनाराय़ण ने धार्मिक संप्रदायों के अधिकारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अदालतों को अनिवार्य धार्मिक प्रथा परीक्षण को पूरी तरह त्याग देना चाहिए। अगर किसी प्रथा का धर्म से संबंध है, तो संप्रदाय जो कहता है, कोर्ट को उसे मान लेना चाहिए। एक गैर-धार्मिक अदालत को इन प्रथाओं का परीक्षण नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे अल्पसंख्यक संस्थानों को सामान्य संस्थानों से ज्यादा स्वायतता मिलती है वैसे ही धार्मिक संप्रदायों को भी अपने मामलों को प्रबंधित करने की अधिक छूट मिलनी चाहिए। इसके पहले सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि किसी संप्रदाय की प्रथाएं न्यायिक जांच का विषय हो सकती हैं। कोर्ट ने कहा कि था आस्था से जुड़े मामलों पर फैसला सुनाते समय जजों को अपने निजी धार्मिक विश्वासों से ऊपर उठना चाहिए और अंतरात्मा की स्वतंत्रता तथा व्यापक संवैधानिक ढांचे से निर्देशित होना चाहिए।

## नैनीताल का युवक हल्द्वानी में स्मैक के साथ गिरफ्तार

नैनीतालब । नैनीताल का एक युवक हल्द्वानी में रामलीला ग्राउंड क्षेत्र से स्मैक के साथ पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि ऑपरेशन प्रहार के तहत की गयी इस कार्रवाई में नैनीताल के माल रोड मल्लीताल निवासी 26 वर्षीय नमन साह पुत्र किशोरी लाल साह के पास से 12.51 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। नैनीताल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनीताल जनपद में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में हल्द्वानी पुलिस ने एक युवक को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल एवं क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी के पर्यवेक्षण में रामलीला मैदान क्षेत्र में चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक की तलाशी लेने पर बरामद हुई। पुलिस की जांच में आरोपित का पूर्व में भी मादक पदार्थ तस्करी से संबंधित आपराधिक इतिहास होना सामने आया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक मनोज कुमार, मुख्य आरक्षी इसरार नवी तथा आरक्षी दिनेश नगरकोटी और अनिल टम्टा शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनपद में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और ऐसे मामलों में कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# महिला आरक्षण के नाम पर लोकतंत्र से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : सुप्रिया श्रीनेत

देहरादून। उत्तराखंड पहुंची कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने महिला आरक्षण के नाम पर देश के लोकतंत्र, संघीय ढांचे और संविधान के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की, जिसे संसद में करारी हार मिली है। उत्तराखंड कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को जानबूझकर परिसीमन और पुरानी जनगणना से जोड़ दिया गया, जबकि उसमें ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। यह



स्पष्ट था कि ऐसा कानून लागू करना असंभव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम महिला आरक्षण के पूरी तरह पक्ष में हैं, लेकिन महिलाओं के नाम पर देश को बांटने की साजिश को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जब देश की महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान का सवाल आता है, तब सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है, चाहे उन्नाव हो या अंकिता भंडारी मामला हो। श्रीनेत ने आरोप लगाया कि सरकार का असली एजेंडा महिला आरक्षण नहीं, बल्कि परिसीमन के जरिए राजनीतिक लाभ लेना है।

सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा का महिला आरक्षण विरोध का लंबा इतिहास रहा है और कांग्रेस ने 73वें व 74वें संविधान संशोधन के जरिए महिलाओं को वास्तविक प्रतिनिधित्व दिया है। उन्होंने कहा कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर न सर्वदलीय बैठक बुलाई गई और न ही व्यापक चर्चा की गई, जिससे सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। प्रेस वार्ता में उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, नेशनल कोऑर्डिनेटर सोशल मीडिया सरदार अमरजीत सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर, शीशपाल सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## केदारनाथ धाम के कपाट कल खुलेंगे, तैयारियां पूरी

देहरादून । उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट कल यानी बुधवार को प्रातः 08 बजे शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। इसके साथ केदारनाथ यात्रा 2026 का आधिकारिक शंखनाद हो जाएगा। कपाट उद्घाटन के पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी धाम पहुंचकर परंपरागत धार्मिक अनुष्ठानों एवं विशेष पूजा-अर्चना में शामिल होंगे। बाबा केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली भी धाम पहुंच चुकी है। प्रशासन और तीर्थ पुरोहितों ने कपाट खुलने की सभी तैयारियां भी पूरी कर ली हैं। कपाट खुलने को लेकर पूरे धाम क्षेत्र में भव्य धार्मिक वातावरण देखने को मिल रहा है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ पहुंच रहे हैं और बाबा के दर्शन के लिए उत्साह चरम पर है। केदारनाथ मंदिर को 51 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके तहत सड़क मार्गों की मरम्मत, यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन, पैदल मार्ग पर पेयजल, शौचालय, आवास एवं खान-पान सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा पैदल मार्ग एवं धाम क्षेत्र में विद्युत एवं सोलर लाइट की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रत्येक दो किलोमीटर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।
स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक शौचालयों की व्यवस्था की गई है और श्रद्धालुओं के लिए गर्म पानी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। यात्रा मार्ग और धाम क्षेत्र में पुलिस एवं प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और निर्बाध यात्रा अनुभव मिल सके।

## कर्मचारी आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे पनेरू गिरफ्तार

हल्द्वानी । मदरसन फैक्ट्री में कर्मचारियों के आंदोलन के बीच वर्करों की आवाज बनने पहुंचे राज्य आंदोलनकारी और पूर्व दर्जा मंत्री हरीश पनेरू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि पनेरू फैक्ट्री के वर्करों की आवाज उठाने और उनके समर्थन में आज सुबह मौके पर पहुंचे थे।
इसी दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर काठगोदाम थाने पहुंचा दिया। गिरफ़्तारी के बाद हरीश पनेरु ने कहा की लोकतंत्र में आवाज उठाना गुनाह हो चूका है, उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के इशारे पर पुलिस- प्रशासन काम कर रहा है।
मदरसन कंपनी के कर्मचारियों ने बीते सोमवार को भी अपनी मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। मजदूरों की मुख्य मांगों में न्यूनतम वेतन 20,000 रुपये करना और 8 घंटे की शिफ्ट लागू करना शामिल है।
कर्मचारियों का आरोप है कि उनसे तय समय से अधिक काम लिया जाता है, लेकिन वेतन कम दिया जाता है। साथ ही कार्यस्थल पर दबाव और अव्यवस्था की शिकायतें भी सामने आई हैं। इस बीच, हरीश पनेरू की गिरफ्तारी को लेकर स्थानीय स्तर पर भी नाराजगी देखी जा रही है। वहीं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी को भी पुलिस ने आज सुबह से ही नजरबन्द किया हुआ है।

## दो सौ से अधिक खाताधारियों का पैसा लेकर चंपत हुआ माइक्रो फाइनेंस कंपनी समृद्धि

अररिया । फारबिसगंज के कटहरा स्थित एक भवन में चल रहे समृद्धि माइक्रो फाइनेंस कंपनी दो सौ से अधिक खाताधारियों का पैसा लेकर चंपत हो गया।जब इसकी जानकारी खाताधारियों को प्राप्त हुआ तो मंगलवार को कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया जिसके बाद फारबिसगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचकर कार्यालय के कुछ दस्तावेजों और समानों को जब्त कर थाना लाई। मौके पर मौजूद सीजिया देवी,अयूब,नौशाद,मंजर,मुश्ताक आदि ने बताया कि कुछ दिन पहले ही समृद्धि माइक्रो फाइनेंस के नाम से यहां कार्यालय खुला था जहां तीन कर्मी कार्य कर रहे थे।ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर समूह के रूप में 60 हजार रूपये का लोन देने को लेकर खाता खुलवाना शुरू किया था।

## पूर्णिया लेंसकार्ट शोरूम में श्री राम सेवा संघ ने कर्मियों को तिलक लगाया

पूर्णिया। बिहार में पूर्णिया शहर के लेंसकार्ट शोरूम में मंगलवार को श्री राम सेवा संघ के सदस्यों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वहां कार्यरत कर्मचारियों को टीका(तिलक) लगाया गया और 'जय श्री राम' के नारे लगाए गए। इस दौरान संगठन के राणा प्रताप सिंह, कुंदन मंडल, गोलू जायसवाल, आदित्य कर्ण समेत कई लोग मौजूद रहे और सभी कर्मचारियों के साथ मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान राणा प्रताप सिंह ने कहा कि देश में व्यवसाय धर्म के आधार पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ी कंपनियों को किसी एक समुदाय के पक्ष या विरोध में खड़ा नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी तरह की एकाधिकार (मोनोपॉली) की स्थिति को न तो देश में और न ही बिहार या पूर्णिया में स्वीकार किया जाएगा।दो दिनों के अंदर लेंसकार्ट के सीओ को देश और हिन्दू समाज से माफी मांगना चाहिए।अन्यथा और बड़ा आंदोलन होगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने को लेकर जिले के अस्पतालों की जांच

अररिया। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से डीएम विनोद दूहन के निर्देश पर मंगलवार को सरकारी अस्पतालों की व्यापक जांच की गई। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने आवंटित अस्पतालों का त्वरित निरीक्षण कर निर्धारित प्रपत्र में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, ड्यूटी रोस्टर का पालन, दवाओं की उपलब्धता और जांच उपकरणों की कार्यशीलता की बारीकी से जांच की जा रही है।इसके अलावा पेयजल, साफ-सफाई, मरीजों के लिए बुनियादी सुविधाएं तथा समग्र व्यवस्था का भी गहन मूल्यांकन किया जा रहा है। अस्पतालों में कार्यरत एक्स-रे टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट सहित अन्य कर्मियों की कार्यप्रणाली पर



भी विशेष नजर रखी जा रही है।कैम्पस में निजी नर्सिंग होम, निजी जांच घर,एक्स-रे, निजी मेडिसीन प्रतिष्ठानों के कर्मी ईलाज हेतु आ रहे मरीजों को निजी नर्सिंग होम में ईलाज कराने,जांच कराने तथा दवा क्रय हेतु गुमराह करने वाले व्यक्तियों के भी पहचान की जा रही है।मंगलवार को प्रारंभिक जांच में कुछ अस्पतालों की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है, जबकि कई स्थानों पर कमियां उजागर हुई हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जहां भी खामियां पाई जाएंगी, वहां त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा दोषी कर्मियों पर भी नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय    कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान    स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।  फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333  e-mail : info@kanwhizztimes.com  RNI NO - UPHIN/2012/42063